CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 08°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 18 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 3 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मीरा एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध किया, तो टैरिफ लगाएंगे, ट्रम्प की सभी देशों को धमकी पेज 12


# पहली स्लीपर वंदे भारत हुई रवाना

## हावड़ा-गुवाहाटी की 958 किमी की दूरी 14 घंटे में करेगी तय

कोलकाता, वार्ता

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 180 किमी है। श्री मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां विद्यार्थियों से बात भी की। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने श्री मोदी को पेंटिग भेंट कीं। प्रधानमंत्री ने ट्रेन में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों से बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पहले लोग दूसरे देशों की आधुनिक ट्रेनों को देखकर आस लगाया करते थे कि भारत में भी ऐसी ट्रेनें हों। अब वह सपना सच हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां दुर्गा और मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। उन्होंने इसके लिए पश्चिम बंगाल और असम के लोगों को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि रेलवे कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। आज पश्चिम बंगाल सहित देश में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। आधुनिक और तेज गति से चलने वाली ट्रेनों का एक नेटवर्क बन रहा है। पश्चिम बंगाल के गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों को इसका फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल को मिली चार अन्य वंदे भारत ट्रेनों का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग बंगाल और पूर्वी भारत की यात्रा के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं, ये ट्रेनें उनके सफर को आसान बनाएंगी। आज भारतीय रेल आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है। भारत के रेल इंजन, डिब्बे और मेट्रो कोच भारत की तकनीक की पहचान बन रहे हैं। आज हम अमेरिका और यूरोप से ज्यादा लोकोमोटिव बना रहे हैं। दुनिया के कई देश पैसेंजर कोच और मेट्रो कोच आयात कर रहे हैं। यह पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 14 घंटे में तय करेगी।



प्रधानमंत्री मोदी ने हरी झंडी दिखाई, अधिकतम स्पीड 180 किमी

### टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे।





• बैंक द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के साथ वीडियो पर तत्काल बातचीत के माध्यम से बैंक खाता खोलें या केवाईसी अपडेट करें।
• वीडियो केवाईसी के माध्यम से बैंक ग्राहक की पहचान का सत्यापन करता है।
• आवश्यक दस्तावेज़: सीकेवाईसी पहचान संख्या या आधार या डिजिलॉकर में उपलब्ध पहचान दस्तावेज़ और पैन।
• वीडियो केवाईसी की सुविधा बैंक के निर्धारित समय के अनुसार उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/VKYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 22.20 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई की है। दिसम्बर 2025 में बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने और देरी के मामले में नियामक ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। एयरलाइन को डीजीसीए के पक्ष में बैंक गारंटी देने को कहा गया है। डीजीसीए ने इंडिगो पर न केवल वित्तीय दंड लगाया है, बल्कि एयरलाइन के शीर्ष प्रबंधन को कड़ी फटकार भी लगाई है। इसमें सीईओ को चेतावनी और एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष को परिचालन जिम्मेदारी से हटाने का निर्देश शामिल है। यह कार्रवाई 3 से 5 दिसम्बर 2025 के बीच इंडिगो की उड़ानों में आई भारी बाधा के बाद की गई है। इस दौरान एयरलाइन की 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई, जिससे देश- दुनिया के हवाई अड्डों पर 3 लाख से अधिक यात्री फंस गए थे।

### ब्रिक्स नौसैनिक अभ्यास, ब्रिक्स की संस्थागत गतिविधि नहीं

**नई दिल्ली।** तथाकथित 'ब्रिक्स नौसैनिक अभ्यास' में हिस्सा नहीं लेने की रिपोर्टो पर भारत ने स्पष्ट किया है कि वह इसमें इसलिए शामिल नहीं हुआ, क्योंकि यह पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की एक पहल है और ब्रिक्स की संस्थागत गतिविधि का हिस्सा नहीं है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत की तथाकथित 'ब्रिक्स नौसैनिक अभ्यास' में भागीदारी नहीं होने के बारे में मीडिया में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में शनिवार को यहां कहा कि जिस अभ्यास का उल्लेख किया जा रहा है, वह पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की एक पहल थी, जिसमें कुछ ब्रिक्स सदस्य देशों ने भाग लिया।

# बांग्लादेश में एक महीने में 9वें हिंदू की हत्या

## कर्मचारी को बचाने आए होटल कारोबारी को पीट-पीटकर मारा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश के** गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है। बांग्लादेश में बीते एक महीने में अब तक 9 हिंदुओं की हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मासूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। कुछ देर बाद मासूम मिया के माता-पिता, मोहम्मद स्वपन मिया (55) और मजीदा खातून (45) मौके पर पहुंचे और झगड़े में शामिल हो गए। जब दुकान मालिक लिटन चंद्र घोष ने बीच-बचाव कर अपने कर्मचारी को बचाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया। इसी दौरान लिटन के सिर पर फावड़े से वार किया गया। पुलिस के मुताबिक, चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। लोगों ने तीनों आरोपियों स्वपन मिया, मजीदा खातून और मसूम मिया को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। कलिगंज थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) मोहम्मद जाकिर हुसैन ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और हत्या के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बांग्लादेश में 16 जनवरी को हिंदू युवक की पेट्रोल पंप पर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। युवक पेट्रोल का भुगतान किए बिना भाग रही एसयूवी को रोकने की कोशिश कर रहा था। मृतक की पहचान 30 साल के रिपन साहा के रूप में हुई है। वह पेट्रोल पंप पर कर्मचारी था। पुलिस ने बताया कि एसयूवी चालक ने जानबूझकर उसे कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे एक काली एसयूवी पेट्रोल पंप पर आई। वाहन में करीब 5,000 टका (लगभग 3,710 रुपये) का ईंधन भरवाया गया। जब ड्राइवर ने पैसे दिए बिना गाड़ी आगे बढ़ाने की कोशिश की, तो रिपन साहा ने वाहन रोकने की कोशिश की। इसी दौरान एसयूवी ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने एसयूवी जब्त कर ली और वाहन मालिक अबुल हाशेम उर्फ सुजन (55) और ड्राइवर कमाल हुसैन (43) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अबुल हाशेम पेशे से ठेकेदार है। वह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की राजबाड़ी जिला इकाई का पूर्व कोषाध्यक्ष और जिला जुबो दल का पूर्व अध्यक्ष रह चुका है।



पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया

### गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों के निशाने पर दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, आईबी से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए फुट सोल्जर की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत की आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने के लिए क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली- एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में एक्टिव हैं।

# मुंबई में शिंदे के सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट

## मेयर बनाने के लिए भाजपा को चाहिए 25 पार्षद

**मुंबई।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव रिजल्ट के एक दिन बाद मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है। शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। 227 पार्षदों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की है। बहुमत का आंकड़ा 114 है।

भाजपा को मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत होगी। उधर सीएम फडनवीस ने कहा कि मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है। शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से नाराज हैं। शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं। महाराष्ट्र में निगम चुनावों में बीजेपी ने कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत मिली है। महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के यूबीटी के संजय राऊत ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना का जयचंद बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो भाजपा को मुंबई में कभी मेयर नहीं मिलता। मराठी लोग शिंदे को जयचंद के रूप में याद रखेंगे। 227 सदस्यों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 और सहयोगी शिवसेना ने 29 सीटें जीतीं। जबकि उद्धव की शिवसेना को 65 और एमएनएस को 6 सीटें मिलीं।



मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ी, कैबिनेट मीटिंग में नहीं पहुंचे शिंदे और अजित

# ईरान से लौटे भारतीय, एयरपोर्ट पर परिजन से मिलकर रोये

**नई दिल्ली।** ईरान में जारी हिंसा के बीच फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। कुछ लोग भारत सरकार की पहल से लौटे, तो कुछ अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजन से मिलते ही कई नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे।

उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान ईरान में हालात कैसे बिगड़े। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा कि वहां हालात बहुत खराब हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान से लौटी एक मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली पहुंची। भारत सरकार ने गुरुवार को एडवाइजरी जारी करके भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखने को कहा था। भारत सरकार के प्रयासों से निजी फ्लाइट के जरिये नागरिक वापस लौटे हैं। ईरान से लौटे भारतीयों के स्वागत के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर उनके परिवार मौजूद थे। ईरान में वहां की करेंसी रियाल के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसम्बर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। ईरान ने 14 जनवरी को अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द से ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। ईरान ने 15 जनवरी को अपना एयरस्पेस खोला, जिसके बाद कई भारतीय अपने देश लौटे। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि हमारे लगभग 9,000 नागरिक इस समय ईरान में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश छात्र हैं। वहां के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने भारतीय नागरिकों को वहां उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने ईरान में फंसे भारतीय लोगों के लिए एक एडवाइजरी की थी। सरकार ने भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखने को कहा था। भारतीय दूतावास ने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल एड्रेस भी जारी किया है। ईरान में भारतीय लोगों को +989128109115, +989128109109, +989128109102 और +989932179359 पर संपर्क करने को कहा गया है। ईमेल एड्रेस cons-tehran@mea.-gov.in पर मदद ली जा सकती है।



कहा: वहां इंटरनेट नहीं, हालात बदतर, 28 दिसम्बर से हिंसा जारी

# यूपी में कोहरे में 40 गाड़ियां टकराई, सात की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में शनिवार को सर्दी के इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन कोहरे के कारण टकरा गए। इन घटनाओं में डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए।

राज्य में 100 से ज्यादा ट्रेन देरी से चल रही हैं। जम्मू-कश्मीर में कंपकंपाने वाली सर्दी का 40 दिन का चिल्लई कलां जारी है। शनिवार को इसका 28वां दिन था। कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में भारी गिरावट आई। श्रीनगर में टेम्परेचर -4.0 डिग्री सेल्सियस रहा, शोपियां -5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इनके अलावा पहलगाम में -2.6डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में -4.2डिग्री सेल्सियस, सोनमर्ग में -2.9डिग्री सेल्सियस रहा। हिमाचल के लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी हुई। स्पीति के शिंकुला दर्रा में 25 टूरिस्ट व्हीकल बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू किया। शिमला और चौपाल के अलावा सभी शहरों के तापमान में बढ़ोतरी हुई। सियोबाग का पारा 1.0 डिग्री सेल्सियस से सीधे 8.0डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

श्रीनगर में पारा -4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## संक्षिप्त समाचार

### ताजमहल में भगवा ले जा रहे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिला में ताजमहल पर भगवा ध्वज ले जा रहे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। शनिवार को ताजमहल में चल रहे शाहज. हां के उर्स के आखिरी दिन अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता 21 मीटर लंबा भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने ताजमहल से पहले पुरानी मंडी चौराहे पर रोक लिया। दरअसल ताजमहल में शाहजहां के उर्स के आखिरी दिन चादर पोशी होती है और अखिल भारत हिन्दू महा सभा के कार्यकर्ताओं ने ऐलान किया था किया था कि ताजमहल में भगवा ध्वज फहराएंगे। पुलिस को पहले से ही जानकारी थी और ऐसे में पुलिस सतर्क भी थी। दरअसल हिन्दूवादी संगठन ताजमहल को तेजोमहालय मंदिर मानते हैं और मंदिर मानकर ही भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे। करीब एक घंटे तक कार्यकर्ता जाने की कोशिश में लगे रहे, लेकिन पुलिस ने किसी तरह से रोक लिया उसके बाद कार्यकर्ता एक मंदिर में चले गए।

### प्रवीण वशिष्ठ केंद्रीय सतर्कता आयोग के आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी ने केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रवीण वशिष्ठ को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया है। शनिवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार वशिष्ठ ने शुक्रवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के समक्ष सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें यह शपथ भारत के राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 5(3) के प्रावधानों के अनुसार अधिकृत किया गया था।

# इतिहास को भूलने वाला समाज अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है: हरिवंश

**नई दिल्ली, वार्ता**

**■ इतिहास केवल अतीत का लेखा जोखा नहीं है, लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव**

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शनिवार को कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है। सिंह ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में दिल्ली विधान सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक वीर विठ्ठल भाई की गौरव गाथा: एक शताब्दी यात्रा पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है।

इतिहास केवल अतीत का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव है। इसलिए वीर विठ्ठलभाई पटेल की विरासत को पुनर्जीवित करना कोई अकादमिक अभ्यास नहीं, बल्कि एक लोकतांत्रिक दायित्व है। उन्होंने पुस्तक को भारतीय इतिहास के एक अत्यंत जीवंत और निर्णायक काल का प्रामाणिक दस्तावेज बताया। रॉलेट एक्ट काल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वीर विठ्ठलभाई पटेल ने विधाई परिषद में 220 से अधिक संशोधन प्रस्तुत किए और परिषद के प्रथम भारतीय अध्यक्ष बने। उन्होंने वीर विठ्ठलभाई पटेल की व्यक्तिगत ईमानदारी, औपनिवेशिक सत्ता से समझौता न करने का साहस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दिया गया मार्गदर्शन तथा स्वतंत्रता संग्राम हेतु अपनी वसीयत और संसाधन सौंपने का भी उल्लेख किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1912 से 1933 का कालखंड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे निर्णायक चरण रहा, जिसका समापन 22 अक्टूबर 1933 को वीर विठ्ठलभाई पटेल के निधन के साथ हुआ।

# रोहित वेमुला के सवाल खत्म नहीं हुए: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



**■ दलित समाज आज भी उसी तरह के माहौल का हिस्सा, उसकी लड़ाई लड़ना हमारी जिम्मेदारी**

**■ भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है: कांग्रेस**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि एक दशक पहले जिस रोहित वेमुला की जान गई थी, उसी तरह के सवाल आज भी जिंदा है और देश का दलित समाज उसी तरह के माहौल का हिस्सा बना हुआ है, इसलिए उसकी लड़ाई लड़ते रहना हमारी जिम्मेदारी है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज रोहि. हत वेमुला की मौत को गए 10 साल हो गए, लेकिन उसका सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है और पूछा जा रहा है कि क्या इस देश में सपने देखने का हक सबको बराबर है। उनका कहना था कि रोहित पढ़ना, लिखना चाहता था। विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था, लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था। उन्होंने कहा कि देश में आज भी संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज-रोज की बेइज्जती, 'औक़ात' दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार है और यही वह जहर था, जिसने एक होनहार युवा को उस मुक़ाम तक धकेल दिया, जहां उसकी गरिमा छीन ली गई और उसे अकेला कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या आज दलित युवाओं की हकीकत क्या बदली है। उनका कहना था कि कैंपस में वही तिरस्कार, हॉस्टल में वही अलगाव, क्लास में वही कमतर समझना, फिर वही हिसा और कभी-कभी वही मौत। क्योंकि जाति आज भी इस देश में सबसे बड़ा एडमिशन फॉर्म है। इसीलिए रोहित वेमुला एक्ट कोई नारा नहीं, एक जरूरत है, ताकि शैक्षणिक संस्थानों में जातिगत भेदभाव अपराध बने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और किसी भी छात्र को उसकी जाति के नाम पर तोड़ने, चुप कराने और बाहर करने की छूट खत्म हो। यह लड़ाई सिर्फ संसद की नहीं है। यह लड़ाई कैंपस की है, युवाओं की है, हमारी है। दलित युवाओं- आवाज उठाओ, संगठन बनाओ, एक-दूसरे के साथ खड़े रहो। मांग करो रोहित वेमुला एक्ट अभी लागू करो। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें इस कानून को जल्द से जल्द लागू करने की प्रक्रिया में हैं। हम एक ऐसा भारत चाहते हैं, जो न्यायपूर्ण, मानवीय और समान हो, जहां किसी दलित छात्र को अपने सपनों की कीमत अपनी जान से न चुकानी पड़े। रोहित, तुम्हारी लड़ाई हमारी जिम्मेदारी है। वहीं कांग्रेस ने सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर तबाह करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अच्छी शिक्षा किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है, लेकिन भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है।

## उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने चंदौली में जताया भरोसा

# एकीकृत न्यायालय परिसर देश के लिए बनेंगे प्रेरणास्रोत

**चंदौली, वार्ता**



**■ सीजेआई ने छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ किया**

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बनने वाले एकीकृत न्यायालय परिसर देश में न्यायिक व्यवस्था के लिए प्रेरणाश्रोत साबित होंगे।

मुख्य न्यायाधीश ने यहां से छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ करने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता का इजहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद। आज की ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हो सका। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक धार्मिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। उसी इतिहास में उन्होंने आज एक नई कड़ी जोड़ी है, जब यहां न्यायिक मंदिरों की भी स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक सपने को साकार करने के लिए मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि छह इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स और अन्य चार जो बनने वाले हैं, इनके बनने से उत्तर प्रदेश पूरे भारत में एक उदाहरण बनेगा। ये इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स पूरे भारत के लिए एक बेंचमार्क बनेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आपने देखा होगा कि इन इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स को देखकर ऐसा लगता है कि अगले पचास वर्षों या उससे अधिक समय तक जो आवश्यकताएं होंगी, उन्हें वे पूर्ण रूप से पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हर प्रकार की सुविधा से लैस ए न्यायिक कोर्ट कॉम्प्लेक्स वकीलों के लिए तथा न्याय के उपभोक्ता यानी आम आदमी के लिए, जो न्याय के अधिकार के लिए अदालत में आते हैं, बहुत ही सराहनीय सुविधाएं प्रदान करते हैं। मैं सरकार और उच्च न्यायालय को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में जिला न्यायपालिका को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सभी का अपना हाईकोर्ट होगा। सुप्रीम कोर्ट से भी अधिक मौलिक अधिकारों को लागू करने की क्षमता होगी। संविधान निर्माताओं का इसके पीछे यही कारण था कि जिला न्यायपालिका स्थापित होगी, तो न्याय के सपने को भारत में पूरा किया जा सकेगा। लोगों को अपने क्षेत्र में नजदीक में ही अदालत की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वाराणसी के बारे में भी हमारे न्यायमूर्ति ने उल्लेख किया। हम लोग तो चाहते हैं कि हर जनपद में कोर्ट कॉम्प्लेक्स बने। प्रदेश सरकार की ओर से मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि पैसों की कमी नहीं है और होने भी नहीं दी जाएगी। इच्छाशक्ति की कमी जरूर दिखती है।

### मुख्य न्यायाधीश के पहुंचने से पहले अधिवक्ताओं ने बैठने को लेकर किया हंगामा

**चंदौली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को प्रदेश के छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर के शुभारंभ के पहले अधिवक्ताओं ने बैठने की व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि 28 वर्षों की जद्दोजहद के बाद ऐसा मौका आया है, लेकिन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को आगे बिठा दिया गया है, जबकि अधिवक्ताओं को पीछे बैठाया जा रहा है। शोर-गुल सुनकर मौके पर कई अधिकारी अधिवक्ताओं से संवाद करने पहुंच गए। चंदौली सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मूल रूप से अधिवक्ताओं का है। चंदौली जिले के पदाधिकारियों को पीछे बैठा दिया गया है, जबकि अन्य जनपदों के लोगों को आगे की सीटें दी जा रही हैं।

# जीरो पावर्टी अभियान से मिलेगी शैक्षणिक संस्थानों को ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य होगा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार एक और अहम कदम उठाने जा रही है। सरकार के महत्वाकांक्षी 'जीरो पावर्टी अभियान' से प्रदेश के विश्व विद्यालयों और महाविद्यालयों को जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू किए जाएंगे, जिनके माध्यम से प्रत्येक संस्थान 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेकर वहां चिन्हित गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य करेगा। इस पहल के अंतर्गत एनएसएस, एनसीसी, एमएस डब्ल्यू सहित अन्य पाठ्यक्रमों के छात्र स्वयंसेवक के रूप में अभियान से जुड़ेंगे। ये छात्र गांवों में जाकर जीरो पावर्टी परिवारों का सर्वे करेंगे और उन्हें आजीविका, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ने में सहयोग करेंगे। अभियान की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजधानी लखनऊ से की जाएगी। इसके परिणामों के आधार पर इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। जीरो पावर्टी अभियान के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव (योजना) आलोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से जुड़े छात्र ग्राम पंचायत स्तर पर परिवारों की जरूरतों का आकलन करेंगे और उनके लिए माइक्रो प्लानिग के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक संस्थान में नोडल शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्किलिग प्रोग्राम, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट अवसरों से जोड़ा जाएगा।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक आईसीएसआई सदस्यों को देगा विशेष बैंकिंग सुविधा

**मुंबई, वार्ता**

AU SMALL FINANCE BANK

देश के सबसे बड़े लघु वित्त बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारतीय कंपनी सेक्रेटरी संस्थान (आईसीएसआई) के सदस्यों के लिए विशेष बैंकिग सुविधाओं की घोषणा की है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इसके लिए उसने संस्थान के साथ शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत आईसीएसआई के सदस्यों को विशेष बैंकिग और क्रेडिट कार्ड सुविधाएं देने के साथ उन्हें नियुक्तियों में भी प्राथमिकता दी जाएगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को हाल ही में रिजर्व बैंक से पूर्ण बैंक में बदलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में ब्रांच बैंकिंग के सर्किल प्रबंधक रजत माथुर ने हस्ताक्षर किए। संस्थान के सदस्यों को बचत खाता पैकेज प्रदान किया जाएगा, जबकि कंपनी सेक्रेटरी के फर्मों को बिजनेस खाता पैकेज के तहत चालू खाता दिया जाएगा। इन खातों पर न्यूनतम बैलेंस की जरूरत नहीं रहेगी। इनके साथ डीमैट खाता खोलने पर कोई वार्षिक शुल्क नहीं लगेगा। घर पर बैंकिंग के तहत महीने में दो बार विजिट की सुविधा होगी। बचत खाते के साथ लॉकर शुल्क में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इन खातों के साथ जारी डेबिट कार्ड से कंपनी सेक्रेटरी घरेलू हवाई अड्डों पर हर तिमाही में दो बार लॉन्ज तक पहुंच का लाभ उठा सकेंगे। उन्हें प्रतिबद्ध संबंध प्रबंधक की भी सुविधा मिलेगी। साथ ही बचत खाते पर प्रीमियम क्रेडिट कार्ड और चालू खाते के साथ सावधि जमा पर ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी मिलेगी। जिन पदों के लिए कंपनी सेक्रेटरी योग्य होंगे उन पर नियुक्ति में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

# पीएम विश्वकर्मा हाट 18 से 31 जनवरी तक दिल्ली हाट में होगी आयोजित

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) 18 से 31 जनवरी तक यहां दिल्ली हाट में पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 का आयोजन कर रहा है, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित किया जाएगा। एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी तथा मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह प्रदर्शनी पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को समर्पित एक प्रदर्शनी होगी जो रविवार से 31 जनवरी तक यहां आईएनए दिल्ली हाट में सुबह 10:30 बजे से रात 10 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगी।

प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत की समृद्ध पारंपरिक शिल्पकला विरासत का उत्सव मनाना और उसे प्रदर्शित कर कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनका विपणन करने के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 117 से अधिक कारीगर भाग लेंगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 में विदेशी दूतावासों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह प्रदर्शनी पारंपरिक शिल्पकलाओं की एक विस्तृत श्रृंखला, शिल्पकला के प्रत्यक्ष प्रदर्शन और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित करेगी जो 'विश्वकर्मा का अभियान, विकसित भारत का निर्माण' की भावना को दर्शाएगी।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालों में नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। चीनी के दाम में टिकाव रहा जबकि दालों में नरमी देखी गई।

खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,795 रुपये प्रति क्विटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,867 रुपये प्रति क्विटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़ी। दाल- दलहनों में गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 142 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 76 रुपये और चना दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल की कीमत 37 रुपये और मूंग दाल की 13 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 264 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 28 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 70 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 58 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विटल बढ़ गए। वहीं चीनी लगभग गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069.98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608.86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# माघ मेले का आकर्षण बने हैं गोल्डन बाबा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के संगम तट पर बसी टेंट नगरी में जगद्गुरु संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा के सुर्खियों में आने के बाद अब एक और बाबा इन दिनों माघ मेले में चर्चा में बने हुए है। मूलरूप से कानपुर के रहने वाले गूगल गोल्डन बाबा उर्फ मनोज आनंद ने सोने-चांदी के गहने पहने हुए है। गोल्डन बाबा ने योगी आदित्यनाथ को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए नंगे पैर रहने का कठोर संकल्प भी लिया हुआ है।

चांदी के मुकुट और हाथों में सोने के लड्डू गोपाल के साथ बाबा का यह अनोखा अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। कानपुर से आए गूगल गोल्डन बाबा अपने अनोखे अंदाज के लिए पूरे माघ मेले में इन दिनों छाए हुए है। बाबा अपने हाथों में सोने से बने लड्डू गोपाल की मूर्ति हमेशा लेकर चलते है। मनोज आनंद उर्फ गोल्डन बाबा महाराज अपने शरीर पर करीब पांच करोड़ की कीमत का आभूषण पहनकर रहते है। गोल्डन बाबा अपने हाथों में देवी देवताओं की आकृति वाली अंगूठियां और गले में सोने और चांदी का शंख भी पहने हुए है। बाबा की वेशभूषा एकदम अलग दिखती है। गोल्डन बाबा ने अपने सिर पर कई किलों का चांदी से बना हुआ मुकुट भी पहना हुआ है। बाबा ने भगवा रंग के कपड़े पहने हुए और उसमें मुख्यमंत्री योगी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बकायदा एक पोस्टर छपा हुआ है। गूगल गोल्डन बाबा कहते है कि वो केवल अपने आभूषणों के लिए ही नहीं जाने जाते, बल्कि अपने एक कठोर संकल्प के लिए भी लोग उन्हें जानते है। लोग उन्हें गूगल गोल्डन बाबा के नाम से जानते है। बाबा ने बताया कि उनको सोना और चांदी पहनने का शौक इसलिए है, क्योंकि वो एक क्षत्रिय है। उन्होंने जो सोने और चांदी के आभूषण पहने हुए है उसकी कीमत करीब पांच करोड़ से कम नहीं है। बाबा के मुताबिक कई किलों सोना उन्होंने पहना हुआ है। करीब 20 साल से वो इस वेशभूषा में रहते है। गूगल गोल्डन ने बताया कि जब तक योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद देश के प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वो नंगे पैर परिक्रमा करेंगे। बाबा पहले पांच लाख रुपये की चांदी की चप्पल पहनते थे लेकिन अब उन्होंने नंगे पैर रहने का प्रण लिया है। बाबा चांदी के बर्तन में भोजन करते है और उनके चांदी के मुकुट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लगी हुई है। वो अबतक यूपी के सभी जिलों में घूम चुके है। बाबा पिछले आठ सालों से मेले में आते है और यहां अनुष्ठान करते है। बाबा ने बताया कि इतना सोना और चांदी पहनकर उनको कोई डर नहीं लगता, क्योंकि उनके लड्डू गोपाल उनके साथ है। उनको किसी सुरक्षा की जरूरत नहीं है। वो अपने प्रभु के साथ सुरक्षित है। गोल्डन बाबा से ए सवाल पूछे जाने पर बाबा पहले क्या करते थे, तो उन्होंने जवाब में कहा कि वो पैदायशी रईश है।

# समग्र विकास की योजना को बाधित करने साजिशें जारी

**वाराणसी, वार्ता**



**■ मुख्यमंत्री ने मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर किया इशारा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक नगरी काशी के मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर इशारा करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है।

काल भैरव मंदिर और विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद योगी ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है। इसके सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसलिए मुझे आज काशी आना पड़ा है। उन्होंने कहा कि काशी अविनाशी है। काशी के प्रति हर सनातनी और हर भारतवासी अपार श्रद्धा रखता है। स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था और जिस गति से उसका विकास होना चाहिए था, वह समग्र विकास पहले नहीं हो पाया। पिछले 11 वर्षों में काशी अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उसका संवर्धन कर रही है।

साथ ही भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छू रही है। काशी को एक नई वैश्विक पहचान मिली है। काशी का प्रतिनिधित्व देश की संसद में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की पुरातन काया को संरक्षित रखते हुए उसे नए कलेवर में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी के अनुरूप 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी के लिए स्वीकृत हुई हैं। इनमें से 36 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं लोकार्पित हो चुकी हैं और शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रतिदिन पांच हजार से 25 हजार तक श्रद्धालु आते थे। आज यह संख्या डेढ़ लाख से डेढ़ लाख प्रतिदिन हो गई है। पीक सीजन में यह संख्या 6 लाख से 10 लाख तक पहुंच जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। योगी ने यहां पत्रकारों से कहा कि गत वर्ष काशी में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।

### योगी ने 'कथक सम्राट' पंडित बिरजू महाराज को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'कथक सम्राट' और 'पद्म विभूषण' से सम्मानित महान नृत्याचार्य पंडित बिरजू महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य-कला, विशेषकर कथक को वैश्विक पहचान दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया। उनकी नृत्य-साधना, कोमल भाव-अभिव्यक्ति, लयात्मक सौंदर्यबोध और संगीत-ज्ञान ने भारतीय कला परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज की विलक्षण कला-साधना और गुरु परंपरा सदैव भावी पीढ़ियों के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रगोत बनी रहेगी। उनके योगदान को भारतीय संस्कृति और कला जगत सदैव श्रद्धा के साथ स्मरण करेगा। गौरतलब है कि संगीत और साहित्य की नगरी काशी में 17 जनवरी यानी शनिवार को पांच प्रदेशों के कथक कलाकारों का जुटान होगा। कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज को 'कथक यज्ञ' के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# दुर्घटना में सात बहनों के इकलौते भाई की दर्दनाक मौत



**मुजफ्फरनगर।** बीती देर रात पीनना बाईपास पर एक दर्दनाक हादसे में सात बहनों के इकलौते भाई की मौत हो गई। घटना के समय मृतक बाइक द्वारा डयूटी करने के बाद अपने गांव अलीपुर कला लौट रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद जब परिवार के लोगों को सूचना दी तो यहा कोहराम मच गयां। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तितावी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव अलीपुर अटेरना निवासी 38 वर्षीय सन्नी कुमार पुत्र कृष्णपाल सिल्वर टोन फैक्ट्री में एकाउंट का काम करता था। बीती देर रात सन्नी कुमार डयूटी खत्म करने के बाद बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहा था जैसे ही वह शहर से होता हुआ पीनना बाईपास के निकट पहुंचा तो अचानक एक वाहन ने उसको रौंद डाला। इस घटना में सन्नी कुमार की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंच ी पुलिस ने उसको जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दियां। पुलिस ने मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर इसकी जानकारी परिवार वालों को दी तो यहां रोना पीटना शुरू हो गया। रात्रि में परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे जहां सन्नी कुमार के शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सन्नी कुमार की शादी ढाई वर्ष पूर्व हुई थी तो उसके दो बेटी जुडवा है। बताया जाता है कि सन्नी कुमार की 7 बहने है और वह अपने घर में इकलौता बेटा था। सन्नी कुमार की मौत से माता-पिता व बहनों का बुरा हाल हैं। गंभीर बात यह है कि सात बहनों का इकलौता भाई हमेशा के लिए चला गया। और सन्नी कुमार अपने पीछे दो छोटी लडकियों व पत्नी को छोडकर गया है। यह भी गंभीर सवाल है कि इस घर में पालन पोषण की भी तंगी आ सकती है।

## बुढ़ापे व बीमारी से परेशान वृद्धा नहर में कूदी

**मुजफ्फरनगर।** पति की मौत के बाद भरे घर में अकेले जीवन यापन कर रही वृद्व महिला का जिन्दगी से शायद मोह भंग हो गया। उसने इस दुनिया को हमेशा के लिए छोडने की ठानी और सवेरे के समय शहर कोतवाली क्षेत्र में नदी में छलांग लगा दी। उधर से गुजर रहे लोगों ने तुरन्त ही नहर में छलांग लगाई और बामुश्किल वृद्व महिला को डूबते समय नहर से भाग निकाला। हालांकि महिला इस समय बेहोशी की हालत में थी। किसी तरह यह सूचना वृद्व के मौहल्लेवासियों को लगी तो वह तुरन्त ही मौके पर पहुंची। इस समय एक तरफ कडाके की सर्दी पड रही थी तो वही बुढापे का शरीर होने के कारण महिला की कपकपी छूट रही थी। मौहल्लेवालों व पुलिस ने महिला के भीगे हुए कपडे उतारे और उसको गर्म कपडे पहनवाये। इस समय महिला की हालत गंभीर थी मौहल्लेवालों ने महिला को जिला अस्पताल लाकर भर्ती करायां महिला की उम्र 70 वर्ष है। जानकारी करने पर वृद्व महिला ने बताया कि उसकी उम्र 70 वर्ष है और उसका नाम माया है। उसके पति रेलवे के अधिकारी से रिटायर्ड हुए थे और 1985 में उसके पति की मौत हो गई थी। वृद्व महिला ने भीगती हुई आंखों से बताया कि उसके पास सभी कुछ है, लेकिन उसे संतान सुख नही मिल सका। पति और उसने संतान की प्राप्ती के लिए प्रयास भी किये, लेकिन शायद ईश्वर को यह मंजूर नही था कि वह मां बन सके। माया का कहना है कि उसे एक बडा घर है और यहां तक कि पति की मौत के बाद उसके पालन पोषण के लिए अच्छी खासी पेंशन आती है। वैसे तो उसे कोई कमी नही है, लेकिन अब अकेलापन उसको खल रहा है, क्योंकि उसका बूढा शरीर हो चुका है।आंखों से कम दिखने लगा है और टांगों से भी चला नही जाता। माया ने बताया कि उसके पास सब कुछ होते हुए भी उसको अकेलापन खल रहा है और अपनी बीमारी से परेशान होकर ही उसने मौत का रास्ता चुना और सवेरे उठकर वह नदी के पास पहुंची और छलांग लगा दी माया सब कुछ कहती रही और उसकी आंखों से आंसू टपकते रहे। माया की दर्दभरी जिन्दगी का सफर सुनकर ऐसा लग रहा है कि शायद सारा गमम इसी के पास है। फिलहाल मौहल्लेवासी व पुलिस की देखरेख में माया का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# हाईकोर्ट बेंच स्थापना की वकालत में उतरे धर्मेन्द्र

### बोले- कैंसर इंस्टीटयूट समय की जरूरत

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ ही जनपद में पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और न्यायिक व्यवस्थाओं जैसे इन प्रमुख मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर उठाने की तैयारी कर ली है। प्रयागराज में 27, 28 और 29 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी के साथ किसानों से जुड़े मुद्दों के साथ प्रदूषण व कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं पर व्यापक आंदोलन की रूपरेखा भी बनाई गई है।

किसान आंदोलन की समीक्षा और आगामी रणनीति तय करने के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने 27, 28 और 29 जनवरी को प्रयागराज में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन की ओर से बताया गया कि अधिवेशन में आरडीएफ के विरोध, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच, कैंसर मेडिकल इंस्टीटड्ूट व पीजीआई की स्थापना जैसे प्रमुख मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि प्रदूषण और जहरीले रसायनों के कारण यह बीमारी घर-घर पांव पसार रही है। कहा कि कई परिवार इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कैंसर के मरीजों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा। यह बीमारी लोगों को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से तबाह कर रही है।भाकियू अराजनैतिक के प्रवक्ता ने कहा कि जनपद की हवा इतनी जहरीली हो चुकी है कि लोग खुली हवा में सांस लेते हुए बीमारियां अपने भीतर ले रहे हैं। संगठन ने आरा. ेप लगाया कि आरडीएफ के नाम पर वास्तव में एमएसडब्ल्यू (म्यूनिसिपल सालिड वेस्ट) जलाया जा रहा है, जिससे प्रदूषण और बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 27, 28 और 29 जनवरी को प्रयागराज में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए किसानों की रवानगी के लिए रेलवे से विशेष बोगी लगाने की मांग की गई है ताकि किसान टिकट लेकर आराम से प्रयागराज पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी यूपी में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने साफ चेतावनी देते हुए कहाख्रकि मुजफ्फरनगर में पन्नी और एमएसडब्ल्यू जलने नहीं देंगे। आंदोलन जारी रहेगा और फरवरी में मुजफ्फरनगर में कूड़े कचरा का एक भी वाहन आरडीएफ के नाम पर घुसने नहीं दिया जाएगा, चाहे इसके लिए जान ही क्यों न देनी पड़े। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में दस लाख से अधिक मामले लंबित हैं, जबकि वेस्ट यूपी में जनसंख्या और मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हाईकोर्ट की बेंच वेस्ट यूपी में स्थापित की जाए, यह समय की आवश्यकता है। किसान मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत के समय के पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से संगठन से जोड़ने का अभियान शुरू किया जाएगा। जिन किसानों को बिना वजह बाहर किया गया, उनके परिवारों से जाकर संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा ख्रकि किसान आंदोलनों में शहीद हुए किसानों के परिवारों को भुलाया नहीं जा सकता। प्रयागराज के अधिवेशन के बाद बीकेयू अराजनैतिक सभी शहीद परिवारों का सम्मान करेगी।

### कचरे की आड़ में मुजफ्फरनगर में लौट रहा है माफियाराज, यह लड़ाई नस्ल बचाने की है: धर्मेंद्र मलिक

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में आरडीएफ के नाम पर कूड़ा, कचरे जलाया जाना प्रतिबंध के बावजूद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले एक सप्ताह से रोज नागरिक इस तरह की गाड़ियों को पकड़कर विभाग को सूचना दे रहे है। आज तक आरडीएफ के उपयोग को लेकर कोई दिशानिर्देश राज्य सरकार की ओर से जारी नहीं किए गए है। कोई सरकारी अधिकारी, उद्योगपति कागज पर बात नहीं कर रहा है।

प्रतिबंधित गाड़ियों को रोकने में प्रशासन नाकाम है। नागरिक अगर अपने कर्तव्य का पालन करते है तो विभागीय अधिकारी सहयोग नहीं कर रहे है। नागरिकों को कर्तव्य पालन करने में जान से मारने की धमकी दी जाती है। मुजफ्फरनगर के नागरिक इस कचरे से नाकीय जीवन जीने को मजबूर है। लोगो में अस्थमा, त्वचा रोग जैसी बीमारी बढ़ रही है। दिल्ली, नोएडा में हजारों उद्योग होने के बाद मुजफ्फरनगर के बराबर प्रदूषण है जबकि मुजफ्फरनगर में उद्योग की संख्या सैकड़ों की है।अब मुजफ्फरनगर में बंदूक की नोक पर कचरे का परिवहन होगा इसका उदाहरण कल मेरे साथ हुई घटना से लगाया जा सकता है। कचरा माफिया इसके परिवहन को लेकर किसी नागरिक की हत्या भी कर सकते है शायद मुजफ्फरनगर के लोगों को ध्यान होगा कि दो दशक पहले भी पेपर उद्योग से जुड़े लोगों द्वारा गैंगवार को बढ़ावा दिया गया था। यह एक लम्बी लड़ाई है। इसको सड़क से लेकर कोर्ट तक लड़ा जाएगा। कचरा ढोने का कार्य अब अपराधियों को दिया गया है।मेरी सभी नागरिकों से अपील है कि इसके खिलाफ इक्कठा होकर लड़े यह आपकी आने वाली नस्लों को प्रदूषण से बचाने का संघर्ष है।पेपर उद्योग आपका पानी, वायु, जमीन, स्वास्थ्य सब खराब कर चुका है। अगर आपको आने वाली नस्लों को बचाना है तो ऐसे लोगों के विरुद्ध संघर्ष करना होगा यह किसान, मजदूर, अमीर, गरीब, व्यापारी सबकी लड़ाई है । इस संघर्ष में आपका सहयोग जरूरी है इस संघर्ष में अगर मेरी जान भी चली जाय तो इसकी परवाह नहीं करता। प्रशासन अगर अपना कार्य नहीं करता तो नागरिकों का अभियान इसके विरुद्ध जारी रहेगा। इसमें संघर्ष में आप अपना योगदान जरूर दे। मेरी अपील है कि आप इस लड़ाई को अंजाम तक लेकर जाए अन्यथा आगे आप इन माफियाओं के साथ लड़ नहीं पाओगे। संघर्ष अगर हारता हैं तो हमारी अगली पीढ़ी हार जाएगी मेरे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग मेरे ऊपर ट्रकों से पैसे मांगने के आरोप लगा रहे है तो पुलिस जांच कर कार्यवाही करे अन्यथा आरोप लगाने वालों पर कार्यवाही करे।

# तहसीलदार ने की अभियुक्तों की संपत्ति कुर्क

### पुलिस ने अभियुक्तों पर गैंगस्टर भी लगाई

**साढे पन्द्रह करोड़ की सम्पत्ति पर प्रशासन का कब्जा**

**बुढ़ाना/रतनपुरी/खतौली।** जहां एक और रतनपुरी पुलिस ने सजायाफ्ता कुख्यात गौकश व गैंगस्टर अपराधी गैंग लीडर जाहिद व उसके पुत्रें के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कार्यवाही की है वहीं अपराध से खुद व परिजनों के नाम पर अर्जित की गयी लगभग 15 करोड 50 लाख रुपये की अवैध संपत्तियों को शनिवार के दिन बुढाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने कुर्क कर ली।

बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में रतनपुरी पुलिस ने तहसीलदार की मौजूदगी में अपराधी जाहिद पुत्र मुनफैत निवासी ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा द्वारा अपराध से अवैध धन अर्जित कर स्वंय एवं अपने परिजनों के नाम खरीदी गयी करीब 15 करोड 50 लाख रुपये की सम्पत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) में कुर्क किया गया। सजायाफ्ता अभियुक्त जाहिद गैंग लीडर है। जिसके सदस्य उसके पुत्र खालिद, आमिर व अन्य लोग हैं। जिनके द्वारा हत्या, गौकशी, हत्या का प्रयास जैसी संगीन घटनाएं की गयी हैं। गैंग लीडर जाहिद द्वारा अपराध से अर्जित अवैध सम्पत्तियों को अपनी पत्नी और पुत्रें के नाम किया हुआ था। ,?जो संपत्ति कुर्क की गयी हैं उनमें अलग अलग स्थानों पर 5 कृषि भूमि जो गांव हुसैनाबाद भनवाडा और रियावली नंगला गांव क्षेत्र में हैं। इसके अलावा एक पिकअप और दो बाईके हैं। सभी पर लगभग डेढ़ दर्जन अपराधिक मुकदमें रतनपुरी थाने में दर्ज हैं। कुर्की के समय बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी ललित कुमार कसाना और दारोगा चरण सिंह आदि पुलिसकर्मी रहे।

# पॉलीथिन खाने से गौवंश की मौत, गौसेवकों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ गंगा घाट के पास पड़े डाले गये कूड़े के ढ़ेर पर पॉलीथिन आदि खाने से गौवंश की मौत हो जाने से रोष व्याप्त हो गया। राष्ट्रीय गौ सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने मृत गौवंश का अंतिम संस्कार किया व शासन प्रशासन से निराश्रित गौवंश के सुध लेनी की मांग की है।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे शनिवार की सुबह वीआईपी घाट के सामने गौवंश की मौत हो गयी। मौके पर पहुंचे राष्ट्रीय गौ सेवक संघ के राष्ट्रीय सचिव शुभम कौशिक ने बताया कि तीर्थ नगरी मे असहाय गौवंश की मौत दु:खद है। निराश्रित गौ वंश को आश्रय देने की व्यवस्था तुरंत की जाये संगठन लगातार असहाय गौवंश की दुर्दशा की समस्या को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराता रहा है। किन्तु कोई समाधान नहीं हुआ है। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। खुले स्थानों पर कूड़ा करकट डाला जा रहा है। जहाँ पड़ी पॉलीथिन को भूखा गौवंश निगल रहा है। पॉलीथिन कचरा खाने से एक गाय की मौत हो गयी है। संगठन ने धार्मिक रीति से मृत गाय का अंतिम संस्कार कराया है।शासन प्रशासन निराश्रित गौ वंश की सुध ले।



गौ वंश का अंतिम संस्कार कराने वालों मे हिमांशु शर्मा, अंकित, अमित कांस्टेबल, प्रिंस कौशिक, अंकुर कौशिक, ओमपाल आदि रहे।

# गारबेज फ्री सिटी हमारी प्राथमिकता, शहर के हर नागरिक का साझा संकल्प: मीनाक्षी स्वरूप

### पालिकाध्यक्ष ने गारबेज फ्री सिटी बनाने के लिए दिया स्वच्छता मिशन को ईमानदारी से धरातल पर लाने का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और गारबेज फ्री बनाने के लक्ष्य के साथ नगरपालिका परिषद् और निजी क्षेत्र की कंपनी जेएस एनवायरो प्रा. लि. द्वारा संयुक्त रूप से चल रहे अभियान को नई गति देने के उद्देश्य से शनिवार को स्थानीय रेस्टोरेंट में एक विशेष कार्यक्रम सफाई मित्रें को करूणा का कंबल आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, यूसीसी (यूज़र चार्ज कलेक्शन) और शहरी सफाई व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को कम्बल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन करना था, बल्कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के लिए शहर को सर्वोत्तम श्रेणी में लाने का संकल्प दोहराना भी रहा।

मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का प्रबंध निदेशक जीवन कुमार उपाध्याय ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डक्क प्रज्ञा सिंह सहित अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मीनाक्षी स्वरूप ने सफाई कर्मियों और कंपनी की टीम को शहर के स्वच्छता अभियान की 'रीढ़ बताते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर को गारबेज फी सिटी बनाना केवल एक प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि शहर के हर नागरिक का साझा संकल्प है। हमारी प्राथमिकता डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को पूरी तरह सुचारू और तकनीक-आधारित बनाना है। स्वच्छता सर्वेक्षण में हमें शीर्ष स्थान हासिल करना ही होगा, और इसके लिए हर कर्मचारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। आने वाले महीनों में साफ-सफाई के हर पैमाने पर हम प्रदेश में उदाहरण पेश करेंगे। उन्होंने शहरवासियों से भी स्वच्छता में सहयोग करने तथा कूड़े को स्रोत पर ही अलग करने (सेग्रीकेशन) की अपील की।

अधिशासी अधिकारी डा. प्रज्ञा सिंह ने स्वच्छता सर्वेक्षण फरवरी 2026 को ध्यान में रखते हुए कहा कि नगरपालिका व कंपनी के बीच मजबूत समन्वय ही शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बना सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले सर्वेक्षण में उच्च रैंक हासिल करने के लिए टीम को माइक्रो-लेवल पर काम करना होगा। डोर टू डोर गारबेज सोर्स सेग्रीकेशन और यूसीसी को शत-प्रतिशत तक ले जाना हमारा तात्कालिक लक्ष्य है। जल्द ही सभी वार्डों में कंपनी का विस्तृत स्टाफ तैनात किया जाएगा। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता के प्रति योगदान के लिए स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई।




कंपनी के प्रबंध निदेशक जीवन कुमार उपाध्याय ने कहा कि मुजफ्फरनगर पालिका के साथ काम करते हुए छह महीने पूर्ण होने पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ सामने आई हैं। उन्होंने बताया हमें प्रारम्भ में 28 गारबेज प्वाइंट चिन्हित मिले थे, जिनमें से अधिकांश को समाप्त कर दिया गया है। हमारा अगला लक्ष्य 100 प्रतिशत डोर टू डोर कलेक्शन, एमआरएफ सेंटर का नियमित संच. ालन, गारबेज सेग्रीकेशन और शत-प्रतिशत यूसीसी हासिल करना है। इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में हम मुजफ्फरनगर को यूपी में नंबर-वन श्रेणी में लाने के लिए पूरी क्षमता से काम करेंगे। उन्होंने यह भी घोषित किया कि जल्द ही कंपनी शांति फाउंडेशन के साथ मिलकर समाजसेवा के कई प्रोजेक्ट लान्च करेगी। कंपनी के प्रोजेक्ट हेड नीतेश चौधरी ने सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, एसएफआई वैशाली सोती, रूचि सहित नगर पालिका और जेएस एनवायरो की बड़ी संख्या में टीम के सदस्य उपस्थित रहे



मुजफ्फरनगरः प्रदूषित कचरे आदि मुद्दे पर प्रेस वार्ता करते किसान नेता धर्मेन्द्र मलिक।

# ग्रामीण पर 21 हजार रुपये डकारने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक भुस विक्रेता ने एक ग्रामीण पर उसके भुस के 21 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी पर तहरीर देकर अपने रूपये दिलाए जाने की गुहार बुढ़ाना पुलिस से लगाई है। उधर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार गुलफान अली निवासी कस्बा चौसाना जनपद शामली ने शनिवार को बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मैंने पशुओं के चारे के लिए एक ट्रोला भूसा विगत दिवस बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी इरफानध्अहमद के हाथों परासौली गांव में स्थित माधवध्गौशाला में भिजवाया था। उस समय भुस का रेट 500 रुपये कुंटल धा। जिसमें सारा भूसा साढे 38 हजार रुपये का बैठ रहा था। इरफान उसके भुस का सारा रुपया माधव गौशाला परासौली के केयर टेकर गौरक्षक छोटा सैनी से ले आया। उसे इरफान ने कुल साढ़े 17 हजार रुपये ही दिए। जब उसने उससे बाकी के 21 हजार रुपये मांगे तो वह आज कल में दूंगा यह कहकर टरकाने लगा। शनिवार के दिन जब उसने गांवध्जौला में आकर एक बार फिर इरफान से अपने बाकी 21 हजार रुपये मांगे तो उसने बाकी रुपये देने से मना कर दिया और कहा कि अगर रुपये मांगेगा तो वह तुझे झूठे केस में फंसवाने के लिए पुलिस को दस हजार रुपये अपने पास से देकर तुझे जेल भिजवा देगा। अब पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए अपने 21 हजार रुपये आरोपी इरफान से दिलवाए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।




# लाल मोहम्मद डकैती कांड का पर्दाफाश: शातिर कपिल उर्फ रावण रिमांड पर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मोहल्ला लाल मोहम्मद में हुई बहुचर्चित डकैती के मामले में खतौली पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जेल में बंद मुख्य आरोपी व कुख्यात डकैत कपिल उर्फ रावण को पुलिस रिमांड पर लेकर उससे की गई गहन पूछताछ के बाद डकैती की पूरी साजिश का खुलासा हो गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने लूटे गए पीली व सफेद धातु के आभूषण, अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की है। बरामदगी के बाद आरोपी को पुनः न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार यह सनसनीखेज वारदात 5 दिसंबर 2025 को उस समय हुई थी, जब थाना कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित प्रॉपर्टी डीलर यूसुफ के घर तीन नकाबपोश बदमाश इलेक्ट्रिशियन व डेकोरेशन कर्मी बनकर पहुंचे। बदमाशों ने घर में मौजूद चार महिलाओं को बंधक बनाकर करीब 65 तोला सोना-चांदी के आभूषण और लगभग 11 लाख रुपये नकद लूट लिए थे। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य साजिशकर्ता कपिल उर्फ रावण पुलिस दबाव से बचने के लिए जमानत तुड़वाकर पहले ही जेल चला गया था। विशेष पुलिस टीम ने कपिल उर्फ रावण को रिमांड पर लेकर जब सख्ती से पूछताछ की, तो उसने कई चौंकाने वाले राज उगले। आरोपी ने बताया कि उसकी पहचान उत्तराखंड की पौड़ी जेल में मुशीर नामक अपराधी से हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद दोनों ने आर्थिक तंगी के चलते बड़ी डकैती की योजना बनाई। मुशीर के रिश्तेदार के जरिए खतौली में एक संपन्न परिवार की रेकी कराई गई और शादी समारोह में परिवार के बाहर जाने की पुख्ता जानकारी मिलने पर छह बदमाशों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। योजना के तहत तीन आरोपी घर में घुसे, जबकि अन्य साथी थाने के आसपास रहकर पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखते रहे।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 24 लेडीज पर्स, 14 छोटे-बड़े डिब्बों में रखे हार, कड़े, पाजेब, अंगूठियां, टीके, कान के टॉप्स, बिछवा, एक 315 बोर का तमंचा मय दो जिंदा कारतूस, एक पासपोर्ट, तीन पहचान पत्र और एक हेल्थ कार्ड भी बरामद किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कपिल उर्फ रावण शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ उत्तराखंड, हरिद्वार, हापुड़ सहित कई जनपदों में डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के आधा दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। यह पूरी



कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन व पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, क्षेत्राधिकारी खतौली राम आशीष यादव और थाना प्रभारी दिनेश चंद्र के नेतृत्व में गठित 14 सदस्यीय टीम ने इस बड़ी सफलता को अंजाम दिया।

# बाल विवाह के खिलाफ प्रशासन एकजुट, कलैक्ट्रेट में ली गई शपथ

## ओवरलोडिंग पर सख्ती और चुनावी माहौल में शांति बनाए रखने के निर्देश




**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा संदेश दिया है। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शनिवार को तहसील दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ढ़सीडीओऋ कमल किशोर कंडारकर ने की, जबकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने सभी को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एसएसपी संजय वर्मा ने कहा कि बाल विवाह केवल एक कानूनी अपराध ही नहीं, बल्कि समाज के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। इसके पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज की भी सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान जिले भर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। गांवों में सतर्क निगरानी, विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार तथा संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

बाल विवाह से संबंधित किसी भी सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह की घटनाओं को रोकना, समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाना और विशेषकर बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाल विवाह के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने और कानून का पालन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एसडीएम निकिता शर्मा, सीओ राम आशीष यादव, डॉ. अवनीश कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी, पटवारी अवनी कुमार, विपिन मोतला, कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल, एबीएसए पंकज अग्रवाल सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश तहसील दिवस के समापन के बाद एसएसपी संजय वर्मा ने जिले में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनते जा रहे हैं, जिस पर सख्ती से अंकुश लगाया जाना जरूरी है। सभी सीओ, एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने खतौली शुगर मिल प्रशासन से भी पत्राचार या बैठक के माध्यम से ओवरलोड वाहनों पर रोक सुनिश्चित कराने को कहा। समभेलहड़ा क्षेत्र में हाइवे पर ओवरलोड वाहन पलटने की हालिया घटना का उल्लेख करते हुए एसएसपी ने कहा कि बड़ा हादसा टलना सौभाग्य था। एआरटीओ को भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी सीओ रामआशीष यादव और एसडीएम निकिता शर्मा को सौंपी गई।

**चुनावी माहौल में शांति व्यवस्था सर्वोपरि**

आगामी प्रधानी और जिला पंचायत चुनावों को लेकर एसएसपी ने कानून-व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों में मारपीट, भूमि विवाद और छोटी-छोटी घटनाओं का समय रहते निस्तारण किया जाए। आदेशों की अनदेखी या विवाद की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि चुनाव से पहले या चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अशांति होने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

# टोल कर्मियों की गुंडागर्दी से क्षेत्रवासी परेशान

## रोज-रोज की अभद्रता और मारपिटाई से किसी भी दिन हो सकती है बड़ी घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र में स्थित मुझेड़ा टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों की कथित गुंडागर्दी, अभद्र भाषा और मारपीट की घटनाओं को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश फैलता जा रहा है। आए दिन सामने आ रही शिकायतों से लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। ताजा मामला सम्भलहेडा निवासी मौ सारूफ पुत्र शान मौ से जुड़ा है, जिन्होंने थाने में तहरीर देकर टोल कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित मौ सारुफ के अनुसार वह देर रात मवाना से अपने घर सम्भलहेडा लौट रहे थे। जैसे ही वह मुझेड़ा टोल प्लाजा पर पहुंचे, उन्होंने टोल कर्मियों को बताया कि वह स्थानीय निवासी हैं और नियमानुसार अपना आधार कार्ड भी दिखाया। आरोप है कि इसके बावजूद टोल कर्मियों ने उनकी बात सुनने के बजाय उनसे अभद्र भाषा में बात शुरू कर दी।

जब पीड़ित ने विरोध किया तो टोल कर्मी और उग्र हो गए और मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित का कहना है कि वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने भी बीच-बचाव करने के बजाय उसे डराने-धमकाने का प्रयास किया। किसी तरह अपनी जान बचाकर वह वहां से निकले और सीधे थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। घटना की जानकारी मिलते ही आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव हुमायूं सिद्दीकी देर रात टोल प्लाजा पर पहुंचे और टोल कर्मियों के व्यवहार पर कड़ा एतराज जताया।

उन्होंने कहा कि टोल कर्मियों द्वारा क्षेत्रवासियों के साथ लगातार बदसलूकी और दबंगई की जा रही है, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि टोल प्रशासन और संबंधित विभाग ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। वहीं, क्षेत्रवासियों का कहना है कि टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार किया जाता है और शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी टोल कर्मियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में आम जनता को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। संभलहेड़ा चौकी इंचार्ज मदनपाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच की जा रही है जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# ग्रामीण को घायल करने वाले आरोपी दबोचे

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** बीमार गाय की दवा लेकर अपने घर लौट रहे ग्रामीण को घायल करने वाले तीनों भाइयों और उनके साथी को पुलिस ने दबोचकर जेल भेज दिया। निश्चल कुमार पुत्र रमेश निवासी सठेडी गत दिवस बीमार गाय की दवा लेकर घर आ रहा था। तब गांव के फरीद व 3 सगे भाइयों ने उसे पुरानी रंजिश के चलते रोककर जानलेवा हमला कर दिया था। इस दौरान हुए शोर शराबे को सुनकर मौके पर गांव के कुछ लोग आए तो हमलावरों के चंगुल से निश्चल कुमार को बचाया। हमलावरों ने उसके बाद भी निश्चल कुमार को धमकी देते हुये साफ कहा कि साले आज तो तुझे इन लोगों ने बचा लिया। अगली बार फंस गया तो तुझे जान से मार देंगे। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुँची रतनपुरी पुलिस ने घायल निश्चल कुमार को उसी समय हस्पताल भिजवाकर मामला दर्ज कर लिया था। शनिवार के दिन रतनपुरी पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पशुओं की चोरी करने वाला फरार चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पुलिस ने विगत दिवस अपने साथियों के साथ एक मकान से तीन पशुओं की चोरी करने वाले फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि बीते 7 जनवरी को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी निवासी शाहबाज अली पुत्र जाहिद के घर में बंधे तीन कीमती पशुओं को अज्ञात चोरों ने मौका पाकर चोरी कर लिया था। रिपोर्ट दर्ज हुई तो पुलिस ने विगत दिवस भागदौड़ कर 5 चोरों को पकड़कर जेल भेज दिया था हालांकि पुलिस कोई पशु बरामद नहीं कर पाई क्योंकि पुलिस के अनुसार पकड़े गये चोरों ने तीनों पशु किसी पैंठ में बैंच दिए थे और उन्हें बैंचकर मिली रकम आपस में बांट ली थी।

पुलिस ने कुछ रकम भी बरामद की थी। इस मामले में फरार चल रहे एक आरोपी फैजान पुत्र जाहिद उर्फ पप्पू निवासी मौहल्ला तारापुरी जाटो वाली गली थाना लिसाड़ी गेट जिला मेरठ हाल पता मौहल्ला कुन्दनपुरा निकट हनुमान मन्दिर थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर को बुढ़ाना पुलिस ने शनिवार के दिन किसी खास मुखबिर की सूचना पर खतौली मोड से गश्त के दौरान गिरफ्तार करने के बाद लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार जो आरोपी आज जेल भेजा है उसके हिस्से में दस हजार रुपये आए थे जो उसने खाने पीने में खर्च कर दिए। इसलिए पकड़े गये आरोपी फैजान से कोई भी बरामदगी नहीं हो सकी है।

# आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर उमड़ी आस्था, जैन मंदिर में गूंजे भक्ति के स्वर

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** युग के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव उर्फ आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव खतौली के पीसनोपाड़ा स्थित श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

विधान का कुशल निर्देशन मेरठ से पधारे निखिल मंगलार्थी एवं मुजफ्फरनगर से आए मधुबन शास्त्री ने किया, जबकि मंच संचालन का दायित्व विद्वान कलचेन्द्र जैन ने निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिनेन्द्र भगवान के पावन प्रक्षाल से हुआ, जिसमें अनुपम जैन आढ़ती परिवार को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके पश्चात शशांक जैन सर्राफ परिवार द्वारा ध्वजारोहण तथा अमरचंद, सुनील जैन सर्राफ परिवार द्वारा मंडप का विधिवत उद्घाटन किया गया। विधान आमंत्रण का पुण्य संदीप जैन व शशांक जैन महलका परिवार ने प्राप्त किया।

जिनवाणी को रामकुमार जैन परिवार ने श्रद्धापूर्वक विराजमान कराया। विधान मंडल पर पांच मेरु, पांच परमागम, अष्ट प्रातिहार्य एवं अष्ट मंगल द्रव्यों की विधिपूर्वक स्थापना की गई। गौरव जैन सर्राफ परिवार द्वारा नवीन जिनवाणी वस्त्र अर्पित किए गए। संगीतमय विधान के दौरान स्वाध्याय मंडल की बहनों व भाइयों सहित श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भगवान की समस्त टोंकों पर अर्घ्य समर्पित किए। विधान में मनोज जैन आढ़ती, मुकेश आढ़ती, डॉ. विकास जैन, सुशील जैन, संजय जैन, अरुण जैन, अनुराग जैन प्रधानाचार्य, राहुल जैन टिम्बर, शशांक जैन आर्किटेक्ट सहित अनेक श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पण कर सहभागिता निभाई। रात्रि प्रवचन में मेरठ से पधारे डॉ. मनीष कुमार जैन शास्त्री ने संयम, त्याग एवं आत्म-आराधना को जीवन का मूल बताया। कार्यक्रम के अंत में मासिक पूजन में नियमित सहभागिता करने वाले श्रद्धालुओं एवं प्रश्न मंच के विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए।

इस अवसर पर हितेश जैन, अंकित जैन, अनन्तवीर्य जैन, राहुल पैकर्स, मदन जैन, विनय जैन, राज. कुमार जैन प्रवक्ता, अशोक जैन, निशांत जैन, कुलदीप प्रवक्ता, अविश जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवक-युवतियां एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



खतौली: आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव में श्रद्धा भाव से सहभागी जैन श्रद्धालु

# बिना अनुमति के चल रहे भट्टे को किया सीज

**बुढ़ाना।** नायब तहसीलदार अमन सिंह ने शनिवार के दिन कानूनगो और तहसील टीम को ले जाकर बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव जौला में प्रदूषण और अन्य विभागों की बिना अनुमति के चल रहे ईंटों के एक भट्टे को सीज कर दिया। जौला में प्रशासन ने एक ईंट भट्टे को बंद कर दिया जो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों का पालन किए बिना व बिना आवश्यक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट के चल रहा था। ये कार्रवाई नायब तहसीलदार ने एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव के निर्देश पर की।



जांच के दौरान ये भी सामने आया कि भटा संचालक बिना किसी पर्यावरण अनुमति के ईंट बनवा रहे थे। मिटी खनन बिना रॉयल्टी जमा किए हो रहा था। ये कार्य कानूनों का उल्लंघन है। नायब तहसीलदार ने बताया कि ये कदम भट्टा संचालकों को ये संदेश देने के लिए उठाया गया है कि कानून और पर्यावरण सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने भटे के संचालन के तरीकों व प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों का परीक्षण किया। टीम ने पाया कि भटा संचालक न केवल बिना एनओसी के काम कर रहे थे बल्कि आसपास के इलाके में हवा व मिटी के प्रदूषण का खतरा भी उत्पन्न कर रहे थे। भटे का संचालन बिना अनुमति व बिना रॉयल्टी जमा किए करना गंभीर अपराध है। हमने प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई करते हुए भटे को सील कर दिया है। इसका उद्देश्य अन्य भटा संचालकों को भी कानूनी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है।


**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD JUNED से बदलकर JUNAID रख लिया है। भविष्य में मुझे समस्त कार्यों के लिए **JUNAID** के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

**JUNAID**
**S/o MOHAMMAD JAHANGEER**
**निवासी मौहल्ला कानूनगोयान कस्बा-चरथावल**
**जिला- मुजफ्फरनगर**
**उ.प्र. 251311**



**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री राजीव कुमार शर्मा, पुत्र श्री ब्रह्मप्रकाश शर्मा, खसरा नं0–161, 163, ग्राम–कूकडा (बाहर), तहसील व जनपद–मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0: MZDA/BP/25-26/0510 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0–161, 163, ग्राम– कूकडा (बाहर), जनपद–मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के कुल क्षेत्रफल 211.508 वर्गमी0 (कुल नेट क्षेत्रफल 184.55 वर्गमी0) पर "व्यावसायिक (गोदाम)" के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल खसरा नं0– 161, 163 ग्राम–कूकडा (बाहर), जिला–मुजफ्फरनगर का भू–उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना–2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार "आवासीय (150 से 400 व्यक्ति/हेक्टेयर)" भू–उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स–2025 के अध्याय–15(आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.10 के अनुसार "आवासीय" भू–उपयोग के अन्तर्गत "गोदाम" की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू–उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन–पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई–मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर


# धनिया बेचने जा रहे युवक की डंडों से पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बुढ़ाना।** अपने खेत से हरा धनिया काटकर सब्जी मंडी में बैंचने के लिए जा रहे एक रेहड़ा चालक को बिना बात ही कुछ युवकों ने घेरकर पकड़ लिया और उसे दौड़ा दौड़ाकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना का वीडियो बनाकर किसी व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब पुलिस आरोपियों की तलाश में लग गयी है। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने फिलहाल दो युवकों को हिरासत में लेते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी कि अनुसार बुढ़ाना कस्बा निवासी सुमित कुमार पुत्र अशोक अपने खेत से हरा धनिया काटने के बाद रेहड़े में लेकर उसे बैंचने के लिए सब्जी मंडी में जा रहा था।

जब वह डीएवी रोड पर आया तो कुछ युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और बिना बात ही उसको दौड़ा दौड़ाकर लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। तब किसी की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने इस घटना में शामिल 2 युवकों को मौके पर पकड़ लिया जबकि अन्य आरोपी फरार हो गये। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। घायल सुमित के अनुसार उसको बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला कृष्णापुरी निवासी विकास और देव सहित कई लोगों ने पीटा है। सभी आरोपी शराब पीए हुए थे। आरोपियों से उसकी किसी भी तरह की कोई रंजिश नहीं है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने सुमित का उपचार कराने के बाद सुमित की तहरीर पर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# श्रीराम पॉलिटेक्निक के छात्रों का फॉस्पी एंटरप्राइजेज में औद्योगिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम पॉलिटेक्निक, रुड़की रोड, के कंप्यूटर साइंस एंड इंजी. विभाग के छात्रों का एक शैक्षणिक एवं तकनीकी औद्योगिक भ्रमण फॉस्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, मुजफ्फरनगर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईटी उद्योग की कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकी वातावरण तथा व्यावसायिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

भ्रमण के दौरान फॉस्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आईटी सर्विसेज, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, नेटवर्किंग तथा उद्योग में उपयोग होने वाली नवीन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने कंपनी के विभिन्न तकनीकी विभागों का अवलोकन किया और वास्तविक कार्य वातावरण को नजदीक से समझा।

इस अवसर पर फॉस्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड की एचआर एवं ऑपरेशन लीड कृणिका गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में कंप्यूटर साइंस के छात्रों के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यावसायिक समझ और टीमवर्क भी अत्यंत आवश्यक है।

ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों से परिचित कराते हैं। कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अखिल बंसल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आईटी इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए निरंतर सीखना, अनुशासन और व्यावहारिक अनुभव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनने के लिए तकनीकी दक्षता बढ़ाने की सलाह दी। फॉस्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर अमन गुप्ता ने कहा कि युवाओं में नवाचार और तकनीकी सोच को बढ़ावा देना कंपनी का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने छात्रों को स्टार्ट-अप संस्कृति, उद्यमिता और भविष्य की तकनीकों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कंपनी के जनरल मैनेजर प्रोजेक्ट रजत शर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि स्किल्स और प्रैक्टिकल नॉलेज ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। श्रीराम पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण छात्रों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करता है, जिससे उनका समग्र विकास होता है और रोजगार की संभावनाएं सुखद होती है।कंप्यूटर साइंस एंड इंजी. विभाग के विभागाध्यक्ष श्री नितिन गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं से परिचित कराते हैं।विभाग के प्रवक्ता नीतीश कुमार गोयल ने छात्रों को तकनीकी कौशल, प्रोफेशनल एटीट्यूड एवं निरंतर सीखने की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।औद्योगिक भ्रमण के अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए तथा फॉस्पी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, मुजफ्फरनगर एवं श्रीराम पॉलिटेक्निक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। यह औद्योगिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।



# सांसद खेल महोत्सव में जी. डी. गोयनका विद्यार्थियों की सराहनीय प्रस्तुति

**मुजफ्फरनगर।** सांसद खेल महोत्सव 2025–26 के समापन समारोह में जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर के कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक सांगीतिक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

इस प्रस्तुति का सफल निर्देशन विद्यालय के संगीत मेंटर प्रवेंद्र सिंह द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा एवं प्रबंधक सचिन गोयल ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने जिला खेल अधिकारी (डीएसओ) भूपेंद्र सिंह यादव का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रतिष्ठित मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया। यह सहभागिता विद्यालय के लिए गर्व का विषय रही।




मुजफ्फरनगर: सांसद खेल महोत्सव में जीडी गोयनका के विद्यार्थी मनमोहक प्रस्तुति देते हुए।

# 40 लाख की मंजूरी के बाद भी बदहाल सड़क

## सीडीओ को सौंपा ज्ञापन, जल्द निर्माण न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील से गंगनहर तक जाने वाली मुख्य सड़क वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी हुई है, लेकिन लगभग 40 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

सड़क की बदहाली को लेकर खतौली तहसील बार संघ के अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे न केवल आम नागरिकों को बल्कि तहसील आने-जाने वाले अधिवक्ताओं और वादकारियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। शनिवार को तहसील दिवस के अवसर पर दर्जनों अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) कमल किशोर कंडारकर को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य गन्ना समिति के माध्यम से कराया जाना है और इसके लिए बजट भी पहले ही स्वीकृत किया जा चुका है, इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बार संघ ने सीडीओ से तत्काल हस्तक्षेप कर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू



कराने की मांग की है। साथ ही चेता. वनी दी कि यदि जल्द कार्य शुरू नहीं हुआ तो अधिवक्ता आंदोलन करने को विवश होंगे।ज्ञापन देने वालों में बार संघ अध्यक्ष नवीन उपाध्याय, महासचिव प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# उद्यमी बोले-अब नहीं जलाएंगे एमएसडब्ल्यू

## डीएम को दिलाया मान्यता प्राप्त ईंधन ही जलाने का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को पेपर मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में उद्योगपति कलेक्ट्रेट पहुंचे। एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि एसोसिएशन की सर्वसम्मति से यह पफैसला किया गया है कि किसी भी पेपर मिल में एमएसडब्ल्यू का उपयोग नहीं किया जाएगा। मिलें केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आरडीएफ जैसे ईंधन का ही प्रयोग करेंगी।

पेपर मिल संचालकों ने डीएम के नाम एडीएम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कहा कि वे एमएसडब्ल्यू नहीं जलाएंगे, बल्कि केवल सरकार से मान्यता प्राप्त ईंधन यानी आरडीएफ का ही उपयोग करेंगे।

उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था को सुधारने और नई व्यवस्थाएं लागू करने के लिए तीन से चार महीने का समय भी मांगा है। साथ ही प्रशासन से मांग की कि पेपर मिलों के अलावा भी प्रदूषण फैलाने वाले अन्य छोटे-बड़े उद्योगों की पहचान कर उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।ज्ञापन में बताया गया कि भोपा रोड पर लगातार बढ़ती यातायात समस्या को ध्यान में रखते हुए एक निगरानी कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी सड़क के दोनों ओर साफ-सफाई, यातायात के सुचारू संचालन और आवश्यक सुधार कार्यों की निगरानी करेगी। एसोसिएशन ने प्रशासन को अश्वस्त किया कि सभी पेपर मिलों की चिमनियों से निकलने वाले धुएं को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी सुधार कार्य पहले से ही प्रगति पर हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि तीन से चार महीने के भीतर प्रदूषण उत्सर्जन को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया जाएगा, जिससे आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। उद्योगपतियों ने प्रशासन व प्रदूषण विभाग से यह भी मांग की कि पेपर मिलों को केवल निशाना न बनाया जाए। जिले में कई छोटे-बड़े व अनधिकृत उद्योग भी हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलता है। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों की निष्पक्ष जांच कर यह आकलन किया जाए कि कौन-सा उद्योग कितना प्रदूषण कर रहा है और उनके खिलाफ भी समान कार्रवाई की जाए। पेपर मिल एसोसिएशन के इस रुख को औद्योगिक क्षेत्र और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा को मार्गों पर लगाए जाएंगे 4100 रिफ्लेक्टर

**मुजफ्फरनगर।**घने कोहरे के कारण लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए नगरपालिका परिषद द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर हाई-क्वालिटी रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य तेज कर दिया गया है। शुक्रवार देर रात पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अधिशासी अधिकारी डा. प्रज्ञा सिंह के साथ अचानक मेरठ रोड पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। पालिका अध्यक्ष ने डिवाईडरों पर लगाए जा रहे रिफ्लेक्टर की गुणवत्ता, टिकाऊपन और मानकों की गहन जांच की। पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोहरे और रात में दृश्यता कम होने की स्थिति में ये रिफ्लेक्टर सड़क सुरक्षा के लिए अत्यंत मददगार सिफ होंगे, इसलिए गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के अनुसार, शहर के प्रमुख मार्गों जानसठ रोड, भोपा रोड, मेरठ रोड, रुड़की रोड सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़कों पर कुल 4100 उच्च गुणवत्ता वाले रि" लेक्टर लगाए जा रहे हैं। इनसे डिवाईडर और सड़क की दिशा रात और कोहरे में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देगी, जिससे दुर्घटनाएं कम होंगी। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने समयबद्ध तथा मानक अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।इसके साथ ही कड़ाके की ठंड के बीच नगरपालि. का अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप देर रात नगर भ्रमण पर निकलीं और रैन बसेरों में पहुंचकर वहां ठहरे अश्रयहीन लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने भोजन, बिस्तर, गर्म कपड़ों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। नगर क्षेत्र में बने अलाव स्थलों का भी निरीक्षण किया गया। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने नगरपालिका



की रोड सेफ्टी और सामाजिक दायित्वों की पहल पर बोलते हुए कहा कि नगरपालिका परिषद का पहला कर्तव्य नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है।

# महिला को ब्लैकमेल कर रहा है शातिर युवक

**बुढ़ाना/भौरांकला।** एक शातिर युवक ने एक विवाहिता के मात्र दो बार की मुलाकात में ही अपने मोबाइल फोन से महिला को अपने पास खड़ी करके उसके साथ सेल्फी और कुछ नार्मल फोटो ले लिए। युवक ने अब उन फोटोओं को उक्त महिला को अपनी पत्नि बतलाते हुए इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिए। भौरांकला थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने भौरांकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि लगभग सात महीने पहले मेरी बातचीत अभय पुत्र शरण वीर निवासी गांव बहादुरपुर गढी के साथ हुई थी।

इसी दौरान हम सिर्फ दो बार ही मिले। हम दोनों ने कुछ नार्मल फोटो खींचे थे। अब अभय मेरी फोटोज मेरी ससुराल तथा मेरे मायके में रहने वालें लोगों को भेजकर मुझे ब्लैकमेल कर रहा है और कह रहा है कि या तो मेरे साथ चल या फिर मर जाओ। उसने इंस्टाग्राम पर भी मेरा फोटो लगाकर मेरे ही नाम से एक फैक आईडी बनाई हुई है। वह अब मेरे रिश्तेदारों के पास भी मैसेज करता है और कहता है कि मैं उसका ब्वाय फेंड बोल रहा हूं। इसके अलावा ना जाने वह क्या क्या कहता रहता है। मेरी फैसबुक का पासवर्ड भी उसने मेरे से ले लिया था और मेरी फैसबुक पर जितने भी लोग थे उसने वह फोटो सबके पास भेज दिये है और मेरे हस्बैंड को मारने और मेरे बच्चे को भी उठाने की धमकी दे रहा है। एक बार उसने मेरे बच्चे का पीछा भी किया। मेरे भाई के पास फोन करके मेरे भाई को जान से मारने की भी धमकी दी। अब तंग आई पीड़िता महिला ने भौरांकला पुलिस से आरोपी अभय के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर का संज्ञान लेते हुए आरोपी अभय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

### संक्षिप्त समाचार

# अब अन्याय के विरुद्ध चुप नहीं बैठेगा कश्यप समाज : अनुज

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय कश्यप निषाद युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज सुधाकर कश्यप ने कहा कि कल कश्यप समाज ने मेरठ कमिश्नरेट पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। जिसमें वेस्टर्न यूपी के मेरठ व संभल समेत कई जिलों से हजारों लोग अपने हक व न्याय की आवाज उठाने पहुंचे। प्रशासन द्वारा अपनाए गए रवेय्ये की कश्यप समाज कड़ी निंदा करता है। कश्यप समाज शांतिपूर्ण तरीके से न्याय की मांग कर रहा था। इसके बाद समाज के लोगों को रोका गया। कई कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया गया और जगह जगह बैरिकेडिंग कर आंदोलन में शामिल होने से वंचित किया गया। ये लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला हनन है। ग्राम ज्वालागढ़ निवासी सोनू कश्यप की निर्मम हत्या की गई। वो अपने परिवार का अकेला सहारा था। हत्या बाद उसे जलाया गया व उसके 80 हजार रुपये लूटे गए मगर आज तक आरोपी पकडे नहीं गये। कश्यप समाज की प्रमुख मांगें हैं कि पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, कृषि हेतु भूमि का पटा, परिवार के नाम शस्त्र लाइसेंस व एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाए। जब समाज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होता है तो प्रशासन आरो. पियों को पकड़ने के बजाय समाज के लोगों पर मुकदमे दर्ज कर देता है। करीब 50 लोगों पर केस लगाए गए। 9 लोगों को नामजद किया गया और कई को अज्ञात में फंसाया गया। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्याय मांगना अपराध हो गया है। देश का संविधान अंबेडकर द्वारा दिया गया। जिसमें शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है मगर आज उसी अधिकार को कुचला जा रहा है। सरकार समाज से वोट तो लेती है मगर अधिकार की बात आते ही समाज के खिलाफ खड़ी हो जाती है। निर्दोष लोगों पर लगाए गए फजह्व मुकदमे तुरंत वापस हों अन्यथा अखिल भारतीय कश्यप निषाद युवा मोर्चा समेत देश के सभी कश्यप संगठन मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे। वर्ष 2027 में कश्यप समाज अपने वोट की ताकत से लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा। ये संघर्ष किसी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं बल्कि न्याय, अधिकार व सम्मान के लिए है। देश के सब कश्यप संगठनों से अपील है कि अब समय आ गया है कि पूरे देश के कश्यप संगठन एक मंच पर आएं। जब तक समाज एकजुट नहीं होगा तब तक न्याय की लड़ाई मजबूत नहीं होगी। सब संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त प्रेस कक्र्फेंस कर सरकार तक समाज की आवाज मजबूती से पहुंचाएं। कश्यप समाज जाग चुका है वो अब अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा।

# सोनू हत्याकांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**मोरना।** मेरठ जनपद मे हुए सोनू हत्याकांड के विरोध मे रहमतपुर गांव के ग्रामीणों ने शाम के समय कैंडल मार्च निकाला तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए नारेबाजी की।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर में शनिवार की शाम सेंकड़ो ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर कैंडल मार्च निकाला ग्रामीण सागर खत्री ने बताया कि मेरठ जिले के गांव ज्वालागढ़ में बाईक खरीदने जा रहे सोनू कश्यप के साथ लूटपाट कर पेड़ से बांधकर जिंदा जला दिया गया।ऐसी हृदय विदारक व लोमहर्षक घटना को अंजाम देने वाले व्यक्तियों को तुरंत फांसी दी जाये तथा पीड़ित परिवार को पचास लाख का मुआवजा देकर परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाये।इस जघन्य हत्याकांड करने वालों के घरों पर बुलडोजर की कार्यवाही भी की जाये।केंडल मार्च से डाक खाने से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्ग व बसेड़ा भोकरहेड़ी मार्ग से होता हुआ बेलड़ा मार्ग पर प्राचीन गाँधी चबूतरे समाप्त हुआ जहां अनेक युवकों ने हाथों मे न्याय दिलाने की तखतियाँ लेकर नारेबाजी की।इस दौरान वेदपाल कश्यप, नीटू कश्यप, सुनील कश्यप, परविंद्र, कोकिल,अरविन्द कश्यप, मुकेश, सुमित, राजू कश्यप, गोलू कश्यप आदि मौजूद रहे।




बुढाना:मतदानकेन्द्र पर मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाते बीएलओ।

# बीएलओ ने वोटर्स को वोटर लिस्ट पढ़कर सुनाई

**बुढ़ाना।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को कन्या जूनियर हाईस्कूल व प्राइमरी विद्यालय नंबर 2 समेत अन्य मतदेय स्थलों पर बीएलओज ने मतदाताओं को ड्राफ्ट रोल पढ़कर सुनाया।

मतदाताओं ने सूचियों में नाम देखे। नए मतदाताओं को सैंकड़ों फार्म दिए गए। सुपरवाइजर सुशील सैनी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को हो गया था। अब दावे आपत्तियों हेतू मतदाताओं को मतदेय स्थल पर बीएलओ सूची पढ़कर सुना रहे हैं। अगर किसी को आपत्ति है तो उसे दर्ज कर रहे हैं। एक जनवरी 2026 को जो लोग 18 वर्ष के हो चुके हैं उनका नाम मतदाता सूची में 6 फरवरी तक शामिल होगा। मतदान केंद्रों पर नियुक्त अधिकारी को कार्य अवधि में निर्धारित फार्म- 6, 6- ए, फार्म- 7 व फार्म- 8 भरकर दे सकते हैं। ऐसे पात्र नागरिक जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं वे अपना नाम सम्मिलित कराने को अपने पास के मतदेय स्थल पर पहुंचकर निशुल्क फार्म- 6 प्राप्त करें। रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर, आयु प्रमाण पत्र, निवास का पता व परिवार के किसी सदस्य का एपिक मतदाता फोटो पहचान पत्र की छाया प्रति लगाना जरुरी है। इसे मतदान स्थल पर संबंधित अधिकारी को दें। सब स्थलों पर मृतक, शिफ्टिंग या गैर हाजिर हैं उनकी जानकारी मतदाताओं व गणमान्य लोगों को दी गयी। नई वोट हेतू फार्म 6 व संशोधन हेतू फार्म 8 भरे गये। इस दौरान सुपरवाइजर सुशील सैनी ने वोटरों से आग्रह किया कि वे आज रविवार को भी बूथ पर जरुर आएं और अपने नाम में करेक्शन कराएं व नई वोट बनवाएं। यहां बीएलओ सियाराम, रमेश चंद पंवार, बीएलओ अरुण कुमार, राखी जैन, बीएलओ महबूब, रचना शर्मा, बीएलओ शशि धनगर, दीपक, आरिफ, मीनाक्षी, योगेश, सीमा, इमराना, अमित, अनुपमा, बीएलओ असमा, बीएलओ जेनूबा, सभासद इमरान कुरैशी, राशिद भूरु, सलीम कुरैशी, राशिद मंसूरी, सपा नेता नवाब इम्तियाज़, संतलाल सागर, इंतजार, शाहिद, अरुण, अनुज जाटव आदि मौजूद थे।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा.महेश शर्मा ने की कार्यकर्ताओं से बातचीत



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में वरिष्ठ भाजपा नेता पुनीत वशिष्ठ के गांधीनगर स्थित आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, चेयरमैन संसदीय आवास समिति एवं लोकसभा सांसद गौतम बुद्धनगर का आगमन हुआ। इस अवसर पर पुनीत वशिष्ठ एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा महेश शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। डॉ महेश शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार देश में मोदी और प्रदेश में योगी के नेतृत्व में विकास कार्यों के साथ-साथ सुशासन को लगातार बढ़ावा देने का काम कर रही है इसी के साथ सभी सरकारी योजनाएं, सबका साथ सबका विकास के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु प्रतिब) है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, विधायक श्री चंद शर्मा, जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निरवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप , सतीश कुमार शर्मा, उमादत्त शर्मा, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, कैप्टन प्रवीण चौधरी, शरद शर्मा, नावेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, चमन चौहान सहित पाटी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किशोर संग 2 लोगों ने किया कुकर्म

**बुढ़ाना।** एक 14 साल के नाबालिग किशोर को गांव के ही दो कामान्ध युवक जबरदस्ती ईंख के खेत में खींचकर ले गये। जहां दोनों युवकों ने किशोर के संग बारी बारी से अप्राकृतिक कुकर्म किया। जब किशोर ने इस गंदी हरकत का विरा. `ध किया तो दोनों आरोपियों ने किशोर की गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। दोनों ही आरोपी किशोर को घर बताने पर हत्या करने की धमकी देकर फरार हो गये। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए सब बतलाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 14539/8/12/2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम **शनाया कुरैशी** अंकित नहीं कराया गया था, नाम पंजीकृत हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**अजरा पत्नी शाहनवाज कुरेशी**
कस्बा शाहपुर
मोबाइल नं0 9528109003.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र सं. 9394/28.8.2019 मे गलती से पुत्र का नाम अविराज अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम अविराज कुमार है, भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**राजीव कुमार**
उत्तरी रामपुरी, मुजफ्फरनगर
मो. 9760192109

# पिता पुत्र ने घर में घुसकर मदनपाल को किया लहूलुहान

**छपार।** पिता पुत्र ने घर में घुसकर एक व्यक्ति को लाठी डंडों व धारदार हथियार से पीटकर लहुलुहान कर दिया उसके पुत्र ने दोनों हमलावरों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव सिभालकी निवासी मदनपाल रात में सात बजे अपने मकान में आराम से लौटा हुआ था उसी वक्त गांव के ही जयप्रकाश व उसका पुत्र कुलदीप हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर मकान में घुस आये ओर मदनपाल को पीटकर लहुलुहान कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। घायल के पुत्र प्रदीप ने दोनों हमलावरों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### सोना खरा-खोटा है इसे जांचने की नहीं है मशीन

# ग्राहकों का हो रहा है जबरदस्त उत्पीड़न

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना में करीब सर्राफे की आधा सैंकड़ा दुकाने हैं मगर किसी भी सर्राफ के पास सोना असली है या नकली इसको जांचने की एक्स रे फ्लोरेसेंस एनालाइजर मशीन नहीं है। यह मशीन सोने की शुद्धता और धातुओं की सही मात्रा बताने के लिए एक्स रे और स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक का उपयोग करती है और यह भी सुनिश्चित करती है कि आभूषण में सोना कितना शुद्ध है और अन्य धातुएं कितनी मिली हुई हैं। अगर देखा जाए तो आज के दौर में तो सोने का भाव दिन प्रतिदिन आसमान छू रहा है।

सरकार का साफ निर्देश है कि सर्राफ की सभी दुकानों पर सोने को परखने की मशीन रखी जाए ताकि ग्राहकों की लुटाई न हो लेकिन यहां ये मशीन न होने से न जाने रोजाना कितने भोले भाले ग्राहकों का उत्पीडन होता है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में सोना बैंचने वाले व्यापारियों की आधा सैंकड़ा के आसपास दुकाने हैं लेकिन किसी भी दुकानदार के पास सोना खरा है या खोटा इसकी पहचान करने की कोई भी मशीन नहीं है जबकि नियम ये है कि मशीन सोना बैंचने वाली हर दुकान पर हो। जिससे ग्राहक की तसल्ली हो कि सोना कितने कैरेट का है। शुद्ध सोना है भी या नहीं या फिर बधेज बना सोना है। अगर संबंधित अधिकारी कस्बे में आकर मशीन की जांच कर लें तो शायद किसी भी दुकानदार के पास ये मशीन न मिले। अगर मशीन हो तो फिर ग्राहकों को भी शुद्ध सोना मिल जाए। भारतीय महिलाएं सोने के आभूषण खरीदने में विशेष रुचि रखती हैं चाहे वह शादी हो या कोई त्योहार हो इसलिए सोने के आभूषणों की परख करना किसी भी महिला के लिए महत्वपूर्ण होता है लेकिन सोने की परख करना आजकल एक मुश्किल काम हो गया है। वैसे इस मशीन को ओमीयो गोल्ड टेस्टिंग मशीन भी कहा जाता है। इस बारे में जब एक स्वर्णकार से बात हुई तो उन्होंने भी स्वीकार किया कि सोना परखने वाली मशीन यहां पर किसी के भी पास नहीं है

क्योंकि मशीन की कीमत 25 लाख रुपये के करीब है और यहां पर इतना काम नही है कि इतनी महंगी मशीन खरीदी जा सके।

### सोना खरा या खोटा खुद भी जांच सकते हैं.....

**बुढ़ाना।** सोना खरीदें तो शुद्धता की जांच करें ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके। हॉलमार्क व एचयूआईडी कोड देखकर असली सोना पहचान सकते हैं। पानी, चुंबक व विनेगर जैसे घरेलू टेस्ट भी काम आते हैं। सोना सिर्फ गहनों तक सीमित नहीं बल्कि ये निवेश व सुरक्षा का बड़ा साधन है। लोग इसे शादी, ब्याह, सेविंग व इन्वेस्टमेंट के लिए भी खरीदते हैं लेकिन सोना खरीदते समय सबसे बड़ी चुनौती उसकी शुद्धता को लेकर है। असली नकली सोने की पहचान करना सबके लिए जरुरी है वरना थोड़ी सी चूक नुकसान कर सकती है। असली सोना पानी में डालने पर डूबता है। नकली सोना तैरता है। चुंबक कभी सोना नहीं पकड़ती अगर पकडे तो मिलावट है। असली सोने पर सिरका डाले तो उसका रंग नहीं बदलता। नकली सोना रंग छोड़ता है। असली सोना कपड़े, टाइल्स पर रगड़े तो पीला और नकली सोना काला निशान छोड़ता है।

# योगी त्रिलोकी नाथ की 41 दिन की खड़ी तपस्या शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** अखिल भारतीय जन जागृति सेना के राष्ट्रीय संस्थापक श्री श्री 108 श्री योगी जय नाथ जी का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया है ४ इस दौरान उन्होंने अपने शिष्य की 4 । दिन की खडी तपस्या प्रारम्भ करायी गयी है ।

शनिवार को अखिल भारतीय जन जागृति सेना के राष्ट्रीय संस्थापक श्री श्री 1008 श्री योगी जयनाथ जी महाराज के सानिध्य और आर्शीवाद से उनके परम शिष्य योगी त्रिलोकी नाथ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पुराने हाईवे पर स्थित श्री जाहरवीर गोगा. जी की म्हाडी पर 4। दिन की खडी कठोर तपस्या प्रारम्भ की गयी है इससे पूर्व नगर शोभा यात्रा निकाली गयी जो कस्बे के मैन बाजार तथा मुख्य गली मौहल्लो से होती हुई पुराने हाईवे से गुजरती हुई श्री



जाहरवीर गोगाजी की म्हाडी पर पहुंची।

इस दौरान शोभा यात्रा का कस्बे मे जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया निकालकर महाराज का भव्य स्वागत किया गया नगर के जाहरवीर मढ़ी पर योगी त्रिलोकी नाथ की 41 दिन की खड़ी तपस्या शुरू कराई बैंड बाजे के साथ नगर शोभायात्रा निकाली गई विभिन्न स्थानों पर महाराज जी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुशील वर्मा, हैप्पी वर्मा, पंडित अनुज शर्मा, शिवकुमार पाल, पप्पू धीमान, आनन्द धीमान, सोनू कोरी, नवीन गोयल,निर्दोष जैन, रजत वर्मा, आकाश गोयल, सचिन कोरी, खुशी कोरी, गुड्डन कोरी, रिंकू वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे?

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चोरी की बाइक के पार्ट्स का बड़ा नेटवर्क बेनकाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** चोरी की मोटरसाइकिलों के पार्ट्स बेचने वाले गिरोह पर कैराना पुलिस ने शिकंजा कसते हुए एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक मिस्त्री के रूप में काम करता था और चोरी की मोटरसाइकिलों के पार्ट्स को खुलेआम बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहा था। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के नेटवर्क का बड़ा खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।




पुलिस के अनुसार विगत चार जनवरी को कैराना थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए बीस मोटरसाइकिलें और उनके पार्ट्स बरामद किए गए थे। इस मामले में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन पी सिंह ने अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस का कहना है कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों के पार्ट्स खरीदकर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बेचता था, जिससे चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह को लगातार सहयोग मिल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विपिन पुत्र पालेराम निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली जनपद बागपत के रूप में हुई है। आरोपी पेशे से बाइक मिस्त्री है और लंबे समय से इस अवैध धंधे में संलिप्त बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके संपर्क में रहे अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे हैं और जल्द ही गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जा सकती है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ थाना कैराना पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

## झूठी सूचना देकर पुलिस बुलाने का आरोप, चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना कैराना क्षेत्र के गांव पांवटी कला में खेत से मिट्टी उठाने के दौरान विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गाली-गलौज, ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करने और झूठी सूचना देकर पुलिस बुलाने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव पांवटी कला निवासी सचिन पुत्र सुभाष चन्द्र ने थाना कैराना में दी तहरीर में बताया कि विगत नौ जनवरी की रात करीब 11 बजे वह अपने पिता के साथ जिला खनन अधिक.ारी से विधिवत अनुमति लेकर अपने खेत से मिट्टी उठाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही संदीप पुत्र रामधन, अनिल पुत्र रामधन, सुशील पुत्र रामधन एवं रोहित पुत्र अनिल मौके पर पहुंचे और डॉयल 112 नंबर पर झूठी सूचना देकर पुलिस को बुला लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और उसके ट्रैक्टर में तोड़फोड़ कर उसे पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में पीड़ित को भारी आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महाविद्यालय में युवा सप्ताह का समापन समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'युवा सप्ताह' का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर आधारित प्रतियोगिता एवं प्रबोधन सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मेरे सपनों का भारतरू स्वामी विवेकानंद की दृष्टि में' विषय पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से की गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक कला के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के सपनों के समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की प्रभावशाली झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जुवेरिया पुत्री नसीम अहमदऋ बी।ए। प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान प्रिंसी,पुत्री प्रमोद बी।एससी। द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान नवाब पुत्री जनपद नवाब बी।ए। तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। बृजभूषण का प्रेरणादाई उद्बोधन रहा। उन्होंने 'स्वामी विवेक.ानंद युवाओं को सलाह विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र की आधारशिला मानते थे। उन्होंने छात्राओं से एकाग्रता, आत्मविश्वास और निर्भयता को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही गुण सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ। बृजेश कुमार राठी, डॉ। अमित सिंह सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्राएं रहे।




## पड़ोसन पर ईंट मारकर घायल करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी महिला ने रंजिश के चलते एक महिला पर ईंट मारकर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी उषा पत्नी राजवीर ने बताया कि वह शनिवार की सुबह अपने घर पर घरेलू कामकाज करते हुए रोटी बना रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली एक महिला रंजिश को लेकर अचानक पीछे से आ गई और पीड़िता के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी महिला ने ईंट उठाकर उषा की कमर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिरकर घायल हो गई। आरोप है पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। लोगों ने किसी तरह आरोपी महिला को वहां से हटाया और पीड़िता को बचाया। घायल अवस्था में महिला को थाने पहुंची, जहां उसने आरोपी महिला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

## बेसहारा गोवंश का आतंक, किशोरी को किया घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कांधला।** कस्बे के रेलवे रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप शुक्रवार को बेसहारा गोवंश ने एक मंदबुद्धि किशोरी पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल किशोरी को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भतह्न कराया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। कस्बे के रेलवे रोड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के निकट बेसहारा गोवंश ने किशोरी को टक्कर मारने के बाद उठाकर पटक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि कस्बे और क्षेत्र में बेसहारा गोवंश की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

सड़कों पर घूमते गोवंशों से राहगीरों के साथ-साथ किसान भी परेशान हैं। कई बार किसान जिला.धिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में इस गंभीर समस्या को उठा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई स्थाई समाधान नहीं निकल सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में इस तरह की घटनाएं और भी गंभीर रूप ले सकती हैं। कस्बेवासियों ने प्रशासन से बेसहारा गोवंशों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजने और सड़कों को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

## एलम में कुत्ते-बिल्ली के हमले से मासूम समेत चार घायल

**शाह टाइम्स संवदिदाता**

**कांधला।** क्षेत्र के कस्बा एलम में शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर कुत्ता और बिल्ली के हमले से चार नागरिक घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। शनिवार को गली में तीन वर्षीय मासूम बच्चा मंजीत खेल रहा था जो अचानक आवारा कुत्ते के हमले का शिकार हो गया। कुत्ते ने बच्चे को काट लिया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।वहीं, घर में साफ-सफाई कर रही नर्गिस का बिल्ली का पैर दब जाने से बिल्ली ने उसे काट लिया, जिससे वह घायल हो गई। इसी तरह वासु को अपने घेर में मौजूद बिल्ली ने काट लिया। इसके अलावा खेत जाते समय कय्यूम पर कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गया।चारों घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया है और एहतियात के तौर पर सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



# सीओ ने किया कैराना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने शनिवार को कैराना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, टॉप-टेन अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। शनिवार को सीओ हेमंत कुमार ने कैराना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने कोतवाली कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, शस्त्रागार व मालखाने का जायजा लिया। अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई तथा अपराध रजिस्टरों की भी जांच की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि शरारती तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए और विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की धरपकड़ तेज की जाए। सीओ ने फरियाद लेकर आने वाले लोगों से मधुर व्यवहार अपनाने और उनकी शिकायतों पर समयबद्ध व वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्रि भी मौजूद रहे।



## एक नजर

### मस्जिद में चोरी से फैली सनसनी, ताला तोड़कर इन्वर्टर ले उड़े चोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के कांधला रोड पर अंदर गली में स्थित मस्जिद हुसैनी में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मस्जिद से इन्वर्टर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई, जब नमाजी नमाज अदा करने के लिए मस्जिद पहुंचे। सोमवार की अलसुबह मस्जिद का मुख्य ताला टूटा देख नमाजियों ने अंदर जाकर देखा तो वहां रखा इन्वर्टर गायब मिला। इसके बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी गई, जिससे मोहल्ले में आक्रोश फैल गया। लोगों ने चोरी की इस घटना को लेकर चिंता व्यक्त की और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मस्जिद का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है, ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद मोहल्लावासियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### सड़कों पर फैले गंदे पानी से नागरिक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव भनेड़ा उद्दा के मजरे ढाका माजरा में सड़कों पर गंदा पानी जमा है जिससे गांव वासी परेशान है गांव वालों ने कई बार अधिक.ारियों को शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया इस संबंध में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर समस्या का समाधान करने की मांग की है। गांव भनेड़ा उद्दा के मजरे ढाका माजरा में घरों का गंदा पानी सड़कों पर जमा है जिससे गांव वासियों को गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है भयंकर सर्दी में गंदे पानी से गुजरने पर बीमार होने का खतरा बना रहता है जिस मार्ग पर गंदा पानी भरा है इस मार्ग पर गांव का प्राथमिक विद्यालय भी है स्कूल के छोटे बच्चों को भी गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है कई बार अधिकारियों को शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया है इस संबंध में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी को शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है शिकायत करने वालों में अमित जगत बबलू राहुल ज्ञान सिंह सोमवीर प्रदीप मनोज आदि शामिल रहे।

### जन्नत कॉलोनी विवाद में दो युवक हिरासत में, शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी एक युवक की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान किया है।जन्नत कॉलोनी निवासी जाबिर ने दो दिन पूर्व थाने में तहरीर देकर बताया था कि कुछ दिन पहले रंजिश के चलते कॉलोनी के ही कुछ लोगों के साथ उसकी मारपीट हो गई थी। इसी घटना के बाद से आरोपी पीड़ित और उसके परिवार से रंजिश रखे हुए थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि रंजिश के चलते आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल किया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच करते हुए आरोपी दानिश और अनस को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि नगर व क्षेत्र में किसी भी सूरत में शांति भंग नहीं होने दी जाएगी। कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कोहरे के कारण डम्पर ने कार सवारों को मारी टक्कर, दो गम्भीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कोहरे की अधिकता के कारण बिडौली मार्ग के सकौती गांव के निकट डम्पर की टक्कर से कार सवार दो व्यक्तियों को गम्भीर चोटे आई। आसपास के लोगो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को अस्पताल मे भर्ती कराया गया। बताया गया है कि घायलों की हालात गम्भीर है और कार बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि डम्पर का कोई सुराग नही लग सका। चौसाना बिडौली मार्ग पर शुक्रवार रात दस बजे कोहरे के कारण हादसा हो गया। .श्यता कम होने के कारण एक तेज रफ्तार डम्पर ने कार सवारों को टक्कर मार दी,जिसमे कार सवार अरविंद पुत्र वेदपाल व अरविंद पुत्र ईश्वर सिंह निवासी बीनपुर को गम्भीर चोटे आई। हादसे के बाद मोके पर लोगो की भीड जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायलो को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी झिंझाना मे भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायलो के परिजनो को हादसे की जानकारी दी। परिजनों ने घायलो को करनाल भर्ती कराया है। हादसे के बाद पुलिस ने डम्पर चालक की तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा। लोगो ने बताया है कि बिडौली मार्ग पर ब्रेकर की कमी के चलते बडे वाहन बेरोकटोक दौडते है,जिस कारण हादसे लगातार बढ रहे है।

### बढ़ती ठंड के मद्देनजर कंबल वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शिव चौक स्थित सम्मान रेसाई पर रेडक्रॉस सोसाएटी के चेयरमैन कुशांक चौहान द्वारा पिछले काफी दिनों से पड रही कडाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सोसाएटी द्वारा गली मोहल्ले में घूमकर चयनित किए गए 90 जरूरतमंद लोगों को बुलाया गया और कंबलों का वितरण किया गया। कुशांक चौहान ने कहा कि निसहाय की सेवा भगवान की सेवा है। मानव होने के नाते एक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह निस्वार्थ भाव से दूसरे मनुष्य की सेवा करें, यही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। इसी के मददेनजर रेडक्रॉस सोसाएटी पूरे जिले में सर्वे कर 500 जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण करेगी। इस अवसर पर एसीएमओ व सचिव रेडक्रॉस, डा. अथर जमील, वाईस चेयरमैन डा। हरिओम पाठक, मोहम्मद शबी, अजय संगल, वीना अग्रवाल, पंकज गुप्ता, विपिन चौहान, सुरेन्द्र चौहान, अभय चौहान, साबिर, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।



# निर्माणाधीन जल टंकी से गिरा मजदूर, हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के जहानपुरा रोड पर निर्माणाधीन सरकारी जल टंकी से गिरकर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भतह्न कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल मजदूर की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



जानकारी के अनुसार जहानपुरा रोड पर जल जीवन मिशन द्धशक्ति अभियानऋ के तहत एक सरकारी पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी निर्माण कार्य के दौरान मैनपुरी निवासी मजदूर सुरजीत ऊंचाई पर काम कर रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह काफी ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने घायल सुरजीत को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मजदूर को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।घटना के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। फिलहाल मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## शिया समुदाय ने श्रद्धा के साथ मनाया 27 रजब का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** बिडौली सादात में नबी-ए-पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की मेराज की यात्रा की याद में शनिवार को 27 रजब का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। यह शिया समुदाय का प्रमुख धार्मिक त्योहार है। इस अवसर पर सुबह से ही मोहम्मद साहब की याद में नियाज दिलाई गई। मिट्टी के बर्तनों में पकाए गए पकवानों को बच्चों और जरूरतमंदों में वितरित किया गया।

इस पर्व की तैयारियों में महिलाएं पूरी रात जागकर खीर, पूड़ी, मीठी छोटी रोटियां सहित विभिन्न व्यंजन बनाती हैं। शनिवार को शिया समुदाय के प्रत्एक घर में विशेष पकवान तैयार किए गए। सैयद वसी हैदर व फजल अली ने बताया कि सुबह की नमाज के बाद पर्व की शुरुआत हुई। इसके बाद घर-घर कुरआन शरीफ की आयतें और फातिहा पढ़ी गई। मिट्टी के बर्तनों में नियाज दिलाए जाने के कारण इस पर्व को कुंडों का त्योहार भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन दिल से मांगी गई दुआएं अल्लाह कबूल करते हैं। इस अवसर पर देश में अमन और सकून की दुआएं भी कराई गईं। बताया गया कि इस पर्व के लगभग एक माह बाद पवित्र रमजान माह की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में नियाज का एहतमाम करने वालों में कंबर अब्बास, नफीस शाह, जिन्दा शाह, मोहर्रम अली, बाकिर अली शाह, खालिद शाह, तस्लीम शाह, सलीम शाह, अली मियां, सैयद मेहताब मेहदी, मंसूर शाह, लियाकत शाह सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल रहे।

# जिला पंचायत के नाम पर लाठी-डंडों से अवैध वसूली को लेकर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**खबर का असर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** बिडौली। बिडौली क्षेत्र में जिला पंचायत के नाम पर लाठी-डंडों के बल पर अवैध वसूली करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और शाह टाइम्स अखबार में प्रकाशित खबर के बाद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इसी सप्ताह बुधवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। यह वीडियो बिडौली चौकी के निकट जिला पंचायत के ठेके के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ युवक हाथों में लाठी-डंडे लेकर एक ट्रक चालक से जबरन ঘ200 की मांग करते हुए नजर आ रहे हैं। रूपए देने से इनकार करने पर युवकों द्वारा ट्रक चालक को डराने-धमकाने और लाठी-डंडों का सहारा लेने की बात सामने आई है। पीड़ित ट्रक चालक ने बताया कि जिला पंचायत के नाम पर वहां आए दिन बिना किसी पहचान पत्र आईडी प्रूफ के युवक खड़े रहते हैं और ट्रक चालकों व अन्य वाहन स्वामियों से अवैध वसूली करते हैं। विरोध करने पर उन्हें धमकाया जाता है, जिससे वाहन चालक भय के माहौल में रकम देने को मजबूर हो जाते हैं। इस मामले को शाह टाइम्स अख़बार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया। जांच के दौरान पुलिस ने रोहित नामक युवक को चिन्हित किया, जो जिला पंचायत के ठेके की आड़ में लाठी-डंडों के बल पर अवैध वसूली करता पाया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिका.रियों का कहना है कि किसी भी ट्रक चालक या वाहन स्वामी से डराकर, धमकाकर या जबरन वसूली करना गंभीर अपराध है। भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की गति.विधियों में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि इस तरह की किसी भी अवैध वसूली या धमकी की सूचना तुरंत पुलिस को दे।

## जयपुर से युवती ले जाने के मामले में एसओजी ने दो को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** राजस्थान के जयपुर से एक युवती को लेकर भागे गैर-समुदाय के युवक के मामले में शनिवार को जयपुर और शामली की एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए कस्बे के दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई । पूछताछ के बाद एक युवक को छोड़ दिया गया, जबकि दूसरे युवक को अगली कार्रवाई के लिए पुलिस अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि कस्बे का एक युवक जयपुर में फल बेचने का काम करता था। करीब दो महीने पहले वह एक युवती को भगाकर ले गया था। युवती के परिजनों ने जयपुर पुलिस में युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद जयपुर पुलिस ने पहले भी कस्बे में छापेमारी कर युवक के पिता और चाचा को पूछताछ के लिए अपने साथ जयपुर ले गई थी जिन्हें बाद में छोड़ दिया था । अभी तक युवक और युवती दोनों फरार हैं।उनका कोई सुराग नहीं मिलने के कारण, पुलिस उनके परिचितों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर दबाव बना रही है, ताकि फरार युगल का पता लगाया जा सके।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोकश घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम।** कोतवाली बेहट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार एक गो.कश की मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल वह घायल हो गया जिस पुलिस ने गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया है पुलिस ने उस के कब्जे से एक बाइक तथा अवैध तमंचा कारत.ूस भी बरामद किया है।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि वे पुलिस फोर्स के साथ शनिवार को कस्बे मे दयालपुर रोड पर सी एच सी के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे तो चेकिंग के दौरान गांव मुर्तजापुर की तरफ से बाइक पर सवार एक एक व्यक्तिको पुलिस ने उसे रोक ने का इशारा किया मगर वह पुलिस को चेकिंग करते देख वह अपनी बाइक को कलसिया जाने वाली नहर की पटरी के कच्चे रास्ते से भागने लगा तो संदेह होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया पुलिस को अपने पीछे आता देख उसने हड़बड़ाहट में अपनी बाइक को जंगल की ओर मोड़ दी जैसे ही उसने बाइक जंगल की तरफ मोड़ी तो उस की बाइक गड्ढे होने की वजह से फिसल कर गिर गई तो पुलिस से उसने अपने आप को घिरते हुए देख पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी पुलिस ने भी आत्म रक्षा के लिए जवाबी कार्यवाही की तो मुठभेड़ के दौरान एक गोली बदमाश के पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछता की गई तो उसने पुलिस को अपना नाम पता निन्ना उर्फ नईम पुत्र नसीम निवासी गांव रायपुर कला थाना बेहट बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा एक खोखा कारतूस दो जिंदा कारतूस 315 बोर गोकशी करने के उपकरण तथा बिना नंबर की एक बाइक भी बरामद की गईहै। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस ने उस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि गिरफ्तार हुए बदमाश के विरुद्ध विभिन्न स्थानों में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं । प्राथमिक उपचार के बाद उसे न्यायालय मे पेश किया जायेगा।

## धमकी का आरोप

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने विपक्षी पर उसकी बेटी को फोन करके गाली गलौज व परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शनिवार। गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बताया है कि किसी युवक द्वारा अज्ञात नम्बर से बार बार फोन करके उसकी बेटी को परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि अज्ञात युवक द्वारा बार बार किये जा रहे फोन का बेटी द्वारा विरोध किया गया तो विपक्षी ने फोन पर ही बेटी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बेटी ने अज्ञात नम्बर से फोन आने की जानकारी उन्हें दी तो उन्होंने उक्त नम्बर पर फोन किया तो विपक्षी ने उन दोनों पति पत्नी को भी गाली गलौज करते हुए जान से मारने तथा मेरठ में घटी घटना को यहां पर मां बेटी के साथ दोहराने की भी धमकी दी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी सहारनपुर के एक डिग्री कॉलेज में पढ़ती है जो प्रतिदिन घर से कॉलेज आती जाती है उसे डर है कि बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकता है।

# पीपल के पेड़ पर चढ़ा नशेड़ी युवक

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** नगर में बस स्टैंड के निकट पीपल के पेड पर एक नशेड़ी युवक चढ गया और अजीब अजीब हरकतें करने लगा जिसे देखने के लिए कोतूहलवश राहगीरों की भीड जमा हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने किसी तरह समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा।




मिली जानकारी के अनुसार बस स्टैंड के निकट उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब एक नशेड़ी युवक नशे की हालत में बस स्टैंड के निकट पीपल के पेड पर काफी ऊंचाई तक चढ़ कर मुह के बल लेट गया। नशे की हालत में पेड पर लेटे युवक को देखकर जहां बस स्टैंड पर लोगों में अफरा तफरी का माहौल बन गया तो वहीं कुछ राहगीर कोतूहल.वश अपने अपने वाहनों को सड़क पर ही रोक कर युवक का ड्रामा देखने लगे।

सडक पर जाम की स्थिति बन गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आस पास के दुक.ानदारों ने पेड पर चढे युवक को किसी अनहोनी की घटना से बचाने के लिए पेड के नीचे गद्दे बिछा दिये। काफी देर चले इस ड्रामे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची तथा उक्त युवक को समझा बुझाकर नीचे उतारा, जिसके बाद युवक वहां से चला गया।

# दावे और आपत्तियों को लेकर तिथियां घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम।** एसडीएम बेहट एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एस आई आर को लेकर दावे और आपत्तियों के लिए तिथियां घोषित को गई है। नियत तिथियों में अपने दावे और आपत्तिया कर सकते है। साथ ही नए मतदाता अपना वोट बनवाने के लिए फार्म 6 भरकर अपने बीएलओ को दे।



एस डीएम मानवेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि दिनांक 6 जनवरी से 6 फरवरी तक बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए राज्य चुनाव आयोग द्वारा 17 जनवरी 18 जनवरी 31 जनवरी तथा 2 फरवरी 2026 तिथियां निर्धारित की गई है इस के साथ ही उन्होंने बताया कि ऐसे युवा नागरिक जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हो या पूर्ण कर रहे है और जिनका नाम मतदाता सूची मे न हो वे मतदाता जो पूर्व पते से स्थानांतरित होने के कारण प्रपत्र नहीं भर सके हो अर्थात जिनका नाम मतदाता सूची मे दर्ज न हो ऐसे सभी नागरिक निर्धारित प्रारूप फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अभिलेखों अथवा अपने परिवार के किसी एक फोटो पहचान पत्र की फोटो कापी लगाकर अपने बीएलओ को जमा कराए।उन्होंने यह भी बताया कि बेहट विधान सभा क्षेत्र के समस्त 442 बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा 18 जनवरी को अपने अपने बूथों पर उपस्थित होकर मतदाताओं को संबंधित आलेख निर्वाचित आलेखों को पढ़कर सुनाएगा।

उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में आवश्यक चेक कर ले जिस से कि निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध और आधावधिक बनाया जा सके।

उन्होंने निर्वाचन नामावलियों के कार्यों में लगे सभी सुपर वाइजरों , बीएलओ को कड़े पद निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्धारित 18 जनवरी 2026 को अपने अपने बूथ केंद्रों पर उपस्थित रहे अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## तीन को निकलेगी संत रविदास शोभायात्रा

**गंगोह।** संत रविदास जयंती को लेकर संत गुरू रविदास मंदिर कमेटी 25 जनवरी से आयोजन आरंभ करेगी। कार्यक्रम का समापन 3 फरवरी को भव्य शोभा यात्रा के साथ होगा।

संत रविदास जयंती 1 फरवरी को है, इसके लिए तैयारियां आरंभ कर दी गई है। कार्यक्रम का आरंभ संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की अमृत कथा से होगा। कथा का आरंभ 25 जनवरी से किया जाएगा। कथा का व्याख्यान अरूण सांवरे जी महाराज करेंगे। एक सत्र में होने वाली कथा रोजाना रात 8 बजे आरंभ होगी। 31 जनवरी को कथा का समापन किया जाएगा। 1 फरवरी रविदास जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आरंभ प्रभात फेरी से होगा। प्रात 10 बजे रविदास मंदिर परिसर में जन कल्याण यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# स्वर्ण पदक जीतकर लौटी अन्नपूर्णा का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण अंचल की प्रतिभा ने एक बार फिर अपनी चमक बिखेरकर नाम रोशन किया है। देश के प्रतिष्ठित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक प्राप्त कर लौटी होनहार बेटी के सम्मान में क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस उपलब्धि ने समाज के हर वर्ग ने इसे आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।



क्षेत्र के गांव अध्याना निवासी मेधावी छात्रा अन्नपूर्णा त्यागी ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कियाहै। उनके सम्मान में हरी इंस्टीट्यूट कॉलेज में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रशासन तथा छात्र छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। जब गांव की बेटी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाती है तो वह हजारों युवाओं के सपनों को नई दिशा देती है। ऐसी उपलब्धियां नौजवानों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। समारोह के दौरान संस्था के संस्थापक हरिपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी, डायरेक्टर मयंक चौधरी, एनपी राठौर, साधना वर्मा, सचिन त्यागी, गौशाला प्रबंधक संजीव चौधरी, पं. प्रदीप शर्मा, मोहित त्यागी, चौधरी बालिस्टर, भाजपा नेता पवन सिंह राठौर, राजेश त्यागी, मास्टर विश्वास त्यागी, हरिओम त्यागी आदि ने अन्नपूर्णा त्यागी को आशीर्वाद दिया।

गोल्ड मेडलिस्ट अन्नपूर्णा के पिता, प्रसिद्ध वीर रस कवि हरिओम हुंकार, ने भावुक शब्दों में सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी बेटी के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के बच्चों के लिए प्रेरणा है।

# प्रा.वि. में चलाई ऑनलाईन कक्षाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 में शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया गया यह कक्षा बच्चों के लिए एक नया रोचक और उत्साहपूर्ण अनुभव साबित हुई। शिक्षिका अंजलि आर्य ने बताया कि सभी बच्चे बड़े उत्साह से गुगल मीट पर शामिल हुए फोन पर अपने साथियों को एक साथ देखकर बच्चे बेहद खुश नजर आए।

शिक्षिका अंजलि आर्य ने बच्चों को महत्वपूर्ण संदेश दिया कि मोबाइल फोन केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा के लिए भी बहुत उपयोगी उपकरण है अंजलि आर्य कहा आने वाला समय पूर्ण रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (।ए) पर आधारित होगा इसलिए बच्चों को कम उम्र से ही डिजिटल शिक्षा और तकनीक की जानकारी होना आवश्यक है। इस ऑनलाइन सत्र में प्रधानाचार्य मुहम्मद नसीम और श्रीमती मीनाक्षी कांबोज ने भी भाग लिया उन्होंने बच्चों से उनके शीतकालीन अनुभव सुने और विभिन्न विषयों पर शिक्षण कार्य किया बच्चों ने बड़े जोश से अपनी बातें साझा की अभिभावकों ने भी इस पहल में पूरा सहयोग दिया उन्होंने बच्चों को ऑनलाइन कक्षाओं के लिए मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जिससे सत्र सुचारु रूप से चला अभिभावकों के सकारात्मक रवैये की सभी ने सराहना की। सत्र के अंत में शिक्षकों ने बच्चों को गृहकार्य सौंपा और सभी को धन्यवाद दिया इस ऑनलाइन कक्षा में जोया फरहा अहद, अबूजर अल्तमश सना हमरा सहित अन्य बच्चे उपस्थित रहे।विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में तकनीकी जागरूकता बढ़ाने के साथ साथ शिक्षा को अधिक रोचक बनाती हैं भविष्य में भी ऐसी कक्षाएं नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी

# पॉलीथिन फैक्ट्रियों में निगम की छापेमारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम के प्रवर्तन दल व स्वास्थय विभाग ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज सड़क दूधली क्षेत्र में दो पॉलीथिन फैक्ट्रियों पर छापा मारकर करीब एक टन प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद किया और एक लाख 65 हजार जुर्माना वसूल किया।



नगर निगम के स्वास्थय विभाग को सूचना मिली थी कि सड़क दूधली क्षेत्र में चल रही दो पॉलीथिन फैक्ट्रियों में प्रतिबंधित पॉलीथिन बनायी जा रही है। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने स्वास्थय विभाग व प्रवर्तन दल की टीम के साथ सड़क दूधली क्षेत्र में उक्त दोनों फैक्ट्रियों पर छापा मारा। छापे के दौरान फैक्ट्रियों में खुले स्थान पर व बोरों में रखी प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी गयी। जिसे जब्त कर ट्रक व ट्राली में भरकर नगर निगम लाया गया। ये दोनों फैक्ट्रियां देहरादून रोड से जा रहे एक राजबाहे के किनारे स्थित है।

प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि दोनो फैक्ट्रियों से करीब एक टन प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर दोनों फैक्ट्रियों से एक लाख 65 हजार जुर्माना वसूला गया है। कार्रवाई के दौरान उक्त अधिकारियों के अलावा सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, सफाई निरीक्षक अमित तोमर, आशीष, सुधाकर, मनोज कुमार, ज्योति व सोमकुमार के अलावा प्रवर्तन दल के जवान शामिल रहे। इसके अलावा प्रवर्तन दल टीम ने चिलकाना रोड पर पुलिस चौकी से चिलकाना बस स्टैण्ड तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण अभियान चलाते हुए दो दर्जन से अधिक दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाया और एक मेज, चार फ्लेक्स व दो होर्डिंग्स जब्त कर 13 हजार सात सौ रुपये का जुर्माना वसूल किया। इसी क्रम में चमन पैलेस के निकट ढमोला सफाई अभियान के दौरान सफाई निरीक्षक अमित तोमर व प्रवर्तन दल के हेमराज ने ट्रैफिक पुलिस की सहायता से ढमोला की पटरी पर अवैध रुप से पार्किंग कर खड़ी की गयी दस कारों के चालान भी कराए गए।

# महिलाओं से किया संवाद



**चिलकाना।** थाना महिला मिशन शक्ति टीम ने गांव सुचेला देवा में जन चौपाल आयोजित कर महिलाओं से संवाद स्थापित किये तथा उन्हें उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान मिशन शक्ति फेज 5 के तहत मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला उप निरीक्षक सुमन की अगुवाई में टीम ने महिलाओं को सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी। टीम द्वारा सभी महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक कर उनकी सुरक्षा के साथ साथ उन्हें स्वावलंबन व सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा महिला हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वितरित किये गये।

# 40 शिकायतों में से मात्र दो का समाधान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें फरियादियों की जन शिकायते सुनी गई जिस में फरियादियों की 40 शिकायते दर्ज की गई जिन में से मात्र दो शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।



तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों की विभिन्न विभागों की कुल 40 शिकायतें दर्ज की गई, जिन में से मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। जन शिकायते सुनने के बाद एस डी एम मानवेंद्र सिंह अधीनस्थ कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समाधान दिवस की शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आई किसी भी शिकायत को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

इस मौके पर तहसीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार प्रजापति, बीडीओ योगेंद्र कुमार, सीडीपीओ संयोगिता यादव ,अफसाना बेगम,एस डी ओ विद्युत बृज मोहन सिंह,कोतवाली बेहट, थाना मिर्जापुर, थाना बिहारीगढ़ और थाना फतेहपुर प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

## वनों में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** वर्ष 2026 अग्नि सीजन में वनों में आग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखने, अग्नि दुर्घटनाओं को अनुश्रवण करने तथा वन अग्नि दुर्घटनाओं के संबंध में विभिन्न श्रोतों से सूचना एकत्र करने हेतु तत्काल प्रभाव से सामाजिक वानिकी प्रभाग में वन अग्नि नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे कार्य करेगा।

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग शुभम सिंह ने जानक.ारी देते हुए बताया कि इस नियंत्रण कक्ष में प्रधान सहायक बच्चूलाल मो नं. 8534878552 तथा आशुलिपिक अनूप कुमार दुबे मो.नं. 9451014932 पर कभी भी सूचना दी जा सकती है। नियंत्रण कक्ष में एक पंजिका संधारित की गयी है।

# आदिल सिद्दीकी बनाए गए संगठन मंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम।** विधानसभा क्षेत्र के गांव माजरा भोजेवाला में भीम आर्मी जय भीम संगठन की ओर से एक भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और संगठन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



इस मौके पर संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से गांव माजरा भोजेवाला निवासी आदिल सिद्दीकी पुत्र इमरान सिद्दीकी को भीम आर्मी जय भीम संगठन का संगठन मंत्री नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम ने आदिल सिद्दीकी को मनोनयन पत्र सौंपकर उन्हें नई जिम्मेदारी दी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम ने कहा कि भीम आर्मी जय भीम संगठन समाज में भाईचारा, समानता और संविधान के मूल्यों को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से संगठन से जुड़कर सामा.जिक न्याय की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

नवनियुक्त संगठन मंत्री आदिल सिद्दीकी ने संगठन नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर शमशाद सिद्की, दिलशाद सिद्दीकी, इखलाक सिद्दीकी, शमीम सिद्दीकी, प्रधान राशिद अंसारी, इरफान सिद्दीकी, वहदुद अंसारी, हसीन अंसारी, अफजल अंसारी, शराफत मलिक, असद मलिक, यामीन कस्सार, शकील कघ्स्सार, उस्मान कघ्स्सार, नीटू कुमार, मोनू वाल्मीकि, भोपाल कुमार, दर्शन लाल आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# परंपरागत तरीके से मनाएं त्यौहार : विनोद

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार ने आगामी पर्व श्री गुरु रविदास जयंती शोभायात्रा को शांति पूर्ण से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन कर संवाद स्थापित किये।



शनिवार को थाना प्रभारी विनोद कुमार ने ग्राम चालाकपुर, तेलीपुरा सुचेला देवा तथा मंडौरा आदि गांवों में ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान तथा गांव के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर आगामी पर्व रविदास जयंती शोभायात्रा को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु सुझाव लिए गए तथा सभी लोगो से त्यौहार को मिलजुलकर मनाने की अपील की गई।

थाना प्रभारी द्वारा त्यौहार को परंपरागत तरीके से मनाने व कोई भी नई परंपरा शुरू न करने की हिदायत की गई। सभी लोगों से माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों की जानकारी तुंरन्त पुलिस को मुहैया कराने के लिए कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई है कि शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करने वालो के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर एसएसआई भूपेंद्र सिंह, एसआई रवि राठौर, महिला एसआई सुमन आदि मौजूद रहे।

# कट ऑफ घटाकर प्रवेश देने के निर्णय के विरुद्ध याचिका

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा2024 में मेडिकल पोस्ट-ग्रेजुएट सीटों पर माइनस 40 अंक (0 पर्सेंटाइल) तक कट-ऑफ घटाकर प्रवेश देने के निर्णय के विरुद्ध पूर्व सभासद दीपांशु गोयल ने सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की है। कोर्ट में दायर याचिका में तत्काल निर्णय पर रोक लगाने व शीघ्र सुनवाई की मांग की गई है।

याचिका के अनुसार नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को डॉक्टर बनने की अनुमति देना मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर आघात है और यह निर्णय देश के करोड़ों मरीजों के जीवन और स्वास्थ्य को खतरे में डालता है। याचिका के प्रमुख बिंदुओं में मेडिकल जैसे अति-संवेदनशील पेशे में न्यूनतम योग्यता मानकों का पूर्ण पतन योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों के साथ गंभीर अन्याय भविष्य में मरीजों की सुरक्षा, इलाज की गुणवत्ता और भरोसे पर सीधा खतराए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) का उल्लंघन है।

याचिकाकर्ता दीपांशु गोयल का कहना है कि डॉक्टर बनने की प्रक्रिया में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। अयोग्य डॉक्टरों की नियुक्ति सीधे मानव जीवन के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से मांग माइनस अंक / 0 पर्सेंटाइल पर प्रवेश देने के निर्णय पर तत्काल रोक लगाने और शीघ्र सुनवाई की मांग की है।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर**

**नवीन उप मण्डी स्थल, बेहट मे रिक्त दुकानों की नीलामी सम्बन्धी सूचना**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के नवीन उप मण्डी स्थल, बेहट मे स्थित सी-श्रेणी की 03 नग दुकानो की खुली नीलामी पद्धति के द्वारा दिनांक 31.01.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे मण्डी समिति, सहारनपुर के सभागार में निर्धारित नियमो / शर्तो पर दुकानें आवंटित करने की कार्यवाही की जायेगी। नवीन उप मण्डी स्थल, बेहट की दुकान संख्या स-26, स-30 व स-31 सामान्य वर्ग हेतु निर्धारित है। उप मण्डी स्थल, बेहट की दुकानों के आवंटन हेतु प्रथम बोली निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम 5,40,480/- से प्रारम्भ की जायेगी। आवेदन पत्र के साथ उप मण्डी स्थल, बेहट की दुकान हेतु पंजीकरण शुल्क की धनराशि रू. 54,000.00 का बैंक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर जो ए.पी.एम.सी. सहारनपुर के पक्ष मे देय हो, संलग्न कर दिनांक 27.01.2026 की सांय 04:00 बजे तक कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के कार्यालय मे जमा करना होगा। आवेदन पत्र मण्डी समिति, सहारनपुर के कार्यालय से दिनांक 27.01.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। दिनांक 27.01.2026 की सांय 04:00 बजे के पश्चात् कोई आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। समस्त आवेदको को आधार कार्ड व पैन कार्ड की स्व: प्रमाणित प्रति अपने आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी। आवंटन की नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा/पढ़ा जा सकता है तथा अन्य जानकारी समिति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव**

**नगर मजिस्ट्रेट / सभापति**

**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर**

पत्रांक: कृ. उ.म.स./ दु.आ./2026-47 दिनांक 17/01/2026

# ट्रैक्टर ट्राली व कार की हुई टक्कर में कार सवार की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ट्रैक्टर ट्राली व कार की हुई जोरदार टक्कर में कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी भिजवा दिया है।

थाना गागलहेड़ी के गांव सुनाहट निवासी 35 वर्षीय आदेश पुत्र हरपाल अपने एक साथी के साथ मारूती 800 कार में सवार होकर किसी काम से देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव मकबरा आया था। इसी दौरान जैसे ही उनकी कार गांव के निकट पहुंची उसकी भिड़ंत ट्रैक्टर ट्राली से हो गई। जिसमें आदेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। पीआरवी 5976 पर तैनात हैड कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर



दिया। जिसके बाद पुलिस ने मृतक परिजनों को सूचना देते हुए पंचनामा भर शव मोर्चरी भिजवा दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक थाने में तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गरीब व असहाय लोगों को वितरित किए फूड पैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गरीब व असहाय लोगों को आगामी पवित्र माह रमजान के मद्देनजर सामाजिक संगठन फिदाय मिल्लत प्रोग्रेसिव एंड एजुकेशनल सोसायटी द्वारा फूड पैक वितरित किए गए।

फिदाय मिल्लत प्रोग्रेसिव एंड एजुकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में गरीब व असहाय लोगो को फूड पैक वितरित करने के उपरांत सोसायटी के महासचिव डा. यूनुस सिद्दीकी ने बताया कि उनके संगठन द्वारा नगर क्षेत्र में बाकायदा सर्वे कर ऐसे लोगों की सूची तैयार की गई है जो वास्तव में मजबूर और जरूरतमंद हैं। क्योंकि मदद का पात्र लोगों तक पहुंचने बेहद जरूरी है। बताया कि संगठन के पदाधिकारियों द्वारा चिन्हित किए गए पात्र लोगों के घरों पर फूड पैक पहुंचाए गए हैं। जिसमें आटा, चावल, घी, चीनी जैसी आवश्यक वस्तुएं मौजूद हैं। कहा कि




पवित्र रमजान के महीने में कोई परिवार ऐसा न बचे जिसके यहां खाने पीने की आवश्यक वस्तुएं न हो यह हम सबकी जिम्मेदारी हैं। उन्होंने सभी लोगों से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान

# पुलिस प्रशासन से चाइनिज मांझे पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** समाजसेवी और पशु प्रेमी अरशद सिद्दीकी ने शनिवार को जारी अपने बयान में पुलिस प्रशासन से चाइनिज मांझे पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चाइनिज मांझा इंसानी जान ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। पूर्व में अनेक ऐसी घटनाएं घटित हुई हैं, जिसमें लोगों की जान तक चली गई। सिद्दीकी ने कहा कि चाइनिज मांझे की बिक्री करने वाले और इसको बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, अकसर देखने में आया है कि पुलिस मामूली धाराओं में उन पर कार्रवाई करती है और वह बाहर से ही जमानत पाकर फिर से मांझे की बिक्री करते हैं। उन्होंने उच्चाधिकारियों से ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## ठाकुरजी को लगाया भोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर श्री राधा नवरंगी लाल का खिचड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार को ठाकुरजी को खिचड़ी के साथ ही देशी घी से बनी इमरती और समोसे का भोग लगाया गया। इस दौरान श्रद्धालु खिचड़ी की पदावलियों पर जमकर झूमें। मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया कि हर रोज श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 20 जनवरी तक खिचड़ी उत्सव को विराम दिया जाएगा। नीरज गोस्वामी, लालजी गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, सतीश सिंघल आदि मौजूद रहे।

# बिहार में हो रही मुसलमानों की मॉबलिंचिग और हत्या पर जताई चिंता, सीएम को भेजा पत्र

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने हाल के दिनों में बिहार में मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध घटित मॉब लिंचिंग और हत्या की लगातार घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर दोषियों के विरुद्ध तत्काल, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की है। मौलाना महमूद मदनी ने सीएम नीतीश कुमार को भेजे पत्र में कहा कि महात्मा बुद्ध की भूमि बिहार सामाजिक सौहार्द, करुणा और अहिंसा की उज्ज्वल परंपरा के लिए जानी जाती रही है। लेकिन हालिया मॉब लिंचिंग की घटनाओं ने राज्य की इस ऐतिहासिक पहचान को गंभीर रूप से आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में नफरत फैलाने वाली मानसिकता को खुली छूट दी जा रही है, जिसमें सामान्य असामाजिक तत्वों के साथ-साथ संसद और विधानसभा तक के जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। जब नफरत हिंसा, खून-खराबे और हत्या का रुप ले तब राज्य की चुप्पी अत्यंत घातक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि नवादा जनपद में मुस्लिम कपड़ा व्यापारी मोहम्मद अतहर हुसैन के साथ की गई बर्बरता और बाद में उनकी मृत्यु, गोपालगंज के मठिया गांव में अहमद आजाद को मांस रखने के संदेह में बिजली के खंभे से बांधकर सार्वजनिक रुप से पीटे जाने की घटना हो या फिर विधवा मुस्लिम मजदूर का अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या जैसी दिल दहलाने



वाली अनेक घटनाएं शामिल हैं। मौलाना मदनी ने मांग करते हुए कहा कि सभी मामलों में दोषियों के विरुद्ध शीघ्र पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने, लापरवाही के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाने और पीड़ित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा, न्याय और पूर्ण पुनर्वास प्रदान किया जाए।

# शारीरिक और न्यूरोलॉजिकल कठिनाइयों से जूझ रहे बच्चों के लिए वरदान है डायनेमिक मूवमेंट इंटरवेंशन थेरेपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शारीरिक और न्यूरो लॉजिकल कठिनाइयों से जूझ रहे बच्चों को अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सक के मागदर्शन में उचित उपचार की आवश्यकता होती है। डी.एम.आई. डायनेमिक मूवमेंट इंटरवेंशन जो एक बाल चिकित्सा थेरेपी है, बच्चों को बैठना, खड़ा होना और चलना जैसे मोटर स्किल विक. सित करने में सहायक है।

वेस्ट यू.पी. की पहली पीडियेट्रिक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. इन्ची लोनियल पी.टी. ने पत्रकार वार्ता में डायनेमिक मूवमेंट इंटरवेंशन के विषय में जानकारी देते हुए इस बाल चिकित्सा थेरेपी के लाभ बताए। डॉ. इन्ची लोनियल भारत के उन चुनिंदा थेरेपिस्ट में से एक हैं जिन्होंने बच्चों को समर्पित करने वाली थेरेपी में लेवल ए और बी का एडवान्स कोर्स कर लिया है। पीडियेट्रिक फिजियोथेरेपिस्ट व स्पेशल एजुकेटर डॉ. इन्ची लोनियल पी.टी. ने शनिवार को एनएएस कॉलेज के निकट स्थित सार्थक इंकिंडलिंग होप्स नामक चाइल्ड डेवेलपमेंट सेंटर पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। डॉ. इन्ची लोनियल पी.टी. ने डायनमिक मूवमेंट इंटरवेंशन डी.एम.आई. में पिछले वर्ष लेवल ए और इस साल लेवल बी कोर्स कम्पलीट किया है। डॉ. इन्ची लोनियल मेरठ व वेस्ट यू.पी. की पहली पीडियेट्रिक फिजियोथेरेपिस्ट हैं और वे डीएमआई थेरेपी पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश में पहली बार लेकर आई थीं और इस वर्ष जनवरी में इन्होंने इसके अगले स्तर का प्रशिक्षण लिया है। यह मुंबई में डीएमआई का कोर्स आयोजित किया गया था, जिसके इंस्ट्रक्टर विश्व में डीएम आई थेरेपी के को-फाउंडर जेक क्रेंडलर रहे। डॉ. इन्ची लोनियल पी.टी. ने बताया की डीएमआई डायनेमिक मूवमेंट इंटरवेंशन एक बाल चिकित्सा थेरेपी है, जो शारीरिक और न्यूरोलॉजिकल कठिनाइयों से जूझ रहे बच्चों की मदद करती है। यह बच्चों को बैठना, खड़ा होना और चलना जैसे मोटर स्किल विकसित करने में सहायक है। डीएमआई मस्तिष्क को नए न्यूरल कनेक्शन बनाने में मदद करती है, जिससे बच्चों को नए मोटर स्किल्स सीखने



में सहायता मिलती है। सेरेबल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम, विकासात्मक विलंब, हाइपोटोनिया और अन्य विकारों से पीड़ित बच्चे और वे बच्चे जिन्हें सिर, धड़ नियंत्रण, बैठने, खड़ा होने या चलने में कठिनाई होती है के लिए यह डायनेमिक मूवमेंट इंटरवेंशन थेरेपी बहुत ही कारगार है।

# आठ वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी

## किसान नेता महबूब अली के प्रदर्शन करने पर पुलिस ने लिया एक्शन, एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम खड़ौली में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार एक आठ वर्षीय बच्ची स्कूल जाने के लिए अपने घर से निकली। उसी समय एक कार आकर बच्ची के पास रूकी। आरोप है कि बच्ची को कार में डाल लिया गया। इसके बाद बच्ची के साथ दरिंदगी हुई और आरोपी बच्ची को छोड़कर चले गए। बच्ची बदहवास हालत में अपने घर पहुंची। परिजनों के मुताबिक बच्ची के प्राईवेट अंग से खून बह रहा था। हादसा समझने में देर नहीं लगी। बच्ची के घरवालें एकत्र होकर बच्ची को शोभापुर पुलिस चौकी ले गए। जहां पर पुलिस ने अपनी आदत के अनुसार रिपोर्ट दर्ज करने में आनाक. ानी की। बच्ची के साथ दरिंदगी की खबर तब तक जंगल में आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल चुकी थी। जानकारी होने पर किसान नेता महबूब अली अपने समर्थकों के साथ बच्ची के परिजनों को लेकर थाने पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने



फिलहाल बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए किसान नेता महबूब अली शौलाना के साथ खड़ौली के पार्षद दानिश सैफी, सागर शौभापुर, आजाद समाज पार्टी के छात्र सभा के जिलाध्यक्ष खालिद डुंगरावली, आकिब, मास्टर खालिद आदि लोग उपस्थित रहे।

वहीं जब इस विषय में थानाध्यक्ष कंकरखेड़ा से उनके सीयूजी नंबर पर जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने केवल इतना बताया कि एफआईआर दर्ज हो गई। इसके बाद उन्होंने कॉल को होल्ड कर दिया।

### जंगलराज या कानून का राज?

योगी सरकार कितना भी कानून के राज का दावा करे लेकिन पिछले एक माह में जनपद में कई हत्याएं हुई हैं और इसी मासूम के घटी दरिंदगी की घटना ने तो पुलिस पेट्रोलिंग की भी पोल खोलकर रख दी कि पुलिस कितनी सड़क पर है और 112 कितनी दूर है कुछ अंदाजा ही नहीं है।

### जिलाधिकारी के आदेश की नहीं थी जानकारी

यह ओर भी दुखद है कि आज की डिजीटल क्रांति के युग में भी बच्ची के परिजनों को इस बात की सूचना नहीं मिल पाई कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिला विद्यालय निरीक्षण मेरठ राजेश कुमार ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए शनिवार का अवकाश घोषित किया हुआ था लेकिन शुक्रवार को अचानक स्कूलों के खुल जाने से भ्रम की स्थिति बनी हुई थी जिस कारण बच्ची हादसे का शिकार हो गई।

# एआई के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते दुरुपयोग, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों की तस्वीरों और वीडियो से छेड़छाड़ (डीफेक) के मामलों को गंभीर बताते हुए जीशान सिद्दीकी, एडवोकेट, पूर्व विशेष आमंत्रित सदस्य, जिला बार एसोसिएशन मेरठ ने भारत सरकार को एक औपचारिक पत्र लिखकर एआई पर कड़े नियंत्रण एवं प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

अपने पत्र में एडवोकेट जीशान सिद्दीकी ने कहा कि हाल ही में अंत.



रराष्ट्रीय स्तर पर यह सामने आया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पूर्व में ट्विटर के एआई टूल 'ग्रोक' का उपयोग वास्तविक व्यक्तियों की तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदलकर डीफेक बनाने के लिए किया जा रहा था। इस पर अमेरिका, ब्रिटेन सहित कई देशों ने कड़ी आपत्ति जताई, जबकि मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों ने इस टूल पर पूरी तरह प्रतिबंध भी लगाया। उन्होंने कहा कि जब विकसित देशों को भी एआई के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने पड़ रहे हैं, तो भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में इसका खतरा कहीं अधिक गंभीर है। भारत में पहले से ही महिलाओं के विरुद्ध साइबर अपराध, बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, ब्लैक मेलिंग और मानहानि के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एडवोकेट जीशान सिद्दीकी ने सरकार से मांग की है कि वास्तविक व्यक्तियों की फोटो व वीडियो पर आधारित एआई एडिटिंग और डीफेक टूल्स पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए। एआई के माध्यम से किसी की गरिमा, प्रतिष्ठा और निजता को नुकसान पहुंचाने को दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष निगरानी तंत्र बनाया जाए, तथा एआई के सुरक्षित व नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट कानून और दिशा-निर्देश लागू किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक का उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए, न कि किसी की इज्जत और निजता के साथ खिलवाड़ करना।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सम्मिलित होकर उठाएं योजना का लाभ: जिला समाज कल्याण अधिकारी

**मेरठ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु जनपद मेरठ को कुल 748 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसके सापेक्ष 518 जोडों के सामूहिक विवाह सम्पन्न कराये जा चुके हैं। शेष लक्ष्य हेतु दिनांक 01 फरवरी 2026 को विरासत फार्म हाउस हसनपुर कदीम गढ़ रोड मेरठ में (खरखौदा, माछरा, रजपुरा विकास खण्ड) दिनांक 04 फरवरी 2026 को एमबी फार्म हाउस दौराला, में (सरधना, सरूरपुर, दौराला विकास खण्ड) दिनांक 08 फरवरी 2026 को अवतार एस्टेट फार्म हाउस में (जानी, मेरठ रोहटा विकास खण्ड एवं नगर निगम मेरठ) एवं दिनांक 12 फरवरी 2026 को भगवती गार्डन छोटा मवाना निकट फ्लाई ओवर मेरठ में (मवाना/परीक्षितगढ़/हस्तिनापुर) एवं सम्बन्धित क्षेत्र की सभी नगर पालिका/नगर पंचायतों के पात्र जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने जनपद मेरठ वासियों से अपील की है कि इच्छुक व पात्र व्यक्ति योजना की वैवसाईट https://cmsvy.upsdc-gov.in पर ऑनलाईन आवेदन करें।


## NOTICE INVITING TENDER

Tender No.: JMKS/NFAP/2026/01

**JANHIT MANAV KALYAN SAMITI** invites sealed tenders from eligible and experienced suppliers for the Supply, Packing and Delivery of Food Pack Kits for its humanitarian program. List of food items are Wheat Flour 10 kg, Rice 10 kg, Pulses (Mix Dal) 1 kg, Tea 250 Gm, Cooking Oil 2 Lt, Salt 1 kg, Dates 1Kg, Sugar 3kg, Gram Flour 1kg, Chana (Black) 1kg, Packing & Transportation Per Kit.

Tender Details

| Particular | Details |
|---|---|
| Name of Work | NUTRITIONAL FOOD ASSISTANCE PROGRAMME 2026 Location Saharanpur, U.P. |
| Number of Kits | 1,000 |
| Tender Issue Date | [15/1/2026] |
| Last Date of Submission | [25/1/2026] late submissions will not be accepted. |
| Mode of Submission | Sealed Envelope |
| Tender Fee | Nil |
| EMD | Not Applicable |

Eligibility
- Registered supplier/firms with minimum 2 years' experience
- Valid GST & FSSAI registration
- Proven experience in food supply/distribution Submission Instructions
- Separate envelopes for:
- Envelope-A: Technical Bid
- Envelope-B: Financial Bid
- Tender Documents for submission can be obtained from JANHIT MANAV KALYAN SAMITI, Madarsa Street, Farman Colony, Saharanpur, U.P. 247001, Phone: 7452978300, Email: info@jmks.org
- Both envelopes to be placed in one sealed outer envelope
- Superscribed as:

"NUTRITIONAL FOOD ASSISTANCE PROGRAMME 2026 – Tender No. JMKS/NFAP/2026/01" Right of JANHIT MANAV KALYAN SAMITI The JANHIT MANAV KALYAN SAMITI reserves the right to:
- Accept or reject any or all bids without assigning reason
- Modify quantities as per requirement

**Contact for Clarification**
Name: ABDUR REHMAN [Finance Head]
Phone: 7452978300, Email: info@jmks.org


# सुभारती विवि में 19 जनवरी को होगी 'राष्ट्रवाद और मीडिया' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा पराक्रम सप्ताह के अंतर्गत 'राष्ट्रवाद और मीडिया' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय की नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीठ तथा गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होगा। यह संगोष्ठी 19 जनवरी 2026 सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में संपन्न होगी। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' उपस्थिति रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) के. जी. सुरेश, निदेशक, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली व सम्मानित अतिथि के रूप में भारत सरकार के पूर्व राजनयिक आईएफएस जे. के. त्रिपाठी सहभागिता करेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका, राष्ट्रवाद के समकालीन स्वरूप तथा पत्रकारिता की जिम्मेदारियों पर गहन विमर्श करना है। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से शिक्षाविद, मीडिया विशेषज्ञ, शोधार्थी एवं विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।


**सूचना**

श्री विजय गुप्ता पुत्र श्री किशन चंद गुप्ता, निवासी शिवपुरी देवबंद को सूचित किया जाता है कि पी.एन.बी, जी टी रोड़ देवबंद में उनके लॉकर सं0 A00534 का किराया विगत 3 वर्षों से बकाया है। दिनांक 18.01.2026 से 3 माह के अंदर बकाया किराया भुगतान न करने की स्थिति में, बैंक नियमानुसार लॉकर ब्रेक ओपन की कार्यवाही क्रियान्वित कर की जायेगी।

**आज्ञा से प्रबंधक**
**पी.एन.बी सहारनपुर**


# जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने सम्प्रेक्षण गृह किशोर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार, जिला. धिकारी डॉ. वी.के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व एसएसपी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की।

सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने बच्चो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढाई, दवाई आदि विषयों पर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिशु सदन का निरीक्षण किया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) में बच्चो



को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, पढ़ाई आदि विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह तथा नारी निकेतन का स्टाफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# द एवेन्यू पब्लिक स्कूल की छात्र गणतंत्र दिवस पर बनेगी विशेष अतिथि

**गंगानगर।** द एवेन्यू पब्लिक स्कूल गंगानगर मेरठ की कक्षा सातवीं की छात्र रुद्राक्षी गुप्ता ने रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वीरगाथा 5.0 परियोजना में भाग लिया। राष्ट्रीय स्तर पर चिन्हित 4020 प्रविष्टियों में रुद्राक्षी गुप्ता ने सुपर 100 में सफलता प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित कर उत्तर प्रदेश राज्य जनपद मेरठ एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। रुद्राक्षी गुप्ता ने कारगिल युद्ध में शहीद, परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा पर आधारित कविता का शीर्षक कारगिल का शेर पर अत्यंत भावभीनी और प्रभाव शाली प्रस्तुतीकरण किया, जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर की गई। इसी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आगामी 24 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा।

# तहसील सदर समाधान दिवस में 37 शिकायतों में पांच का निस्तारण



**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराई जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 37 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। एसएसपी विपिन ताडा, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट दीक्षा जोशी, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया रहे।

# 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों के लिए आवेदन आमंत्रित


SAI
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

● **महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित है, प्रत्येक पदके लिए आयु सीमा 30 वर्ष है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों की खाली जगहों को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन मांगे हैं। इन सहायक कोचों को देश भर के अलग-अलग क्षेत्रीय और नेशनल सेंटर्स ऑफ़ एक्सीलेंस या प्रशिक्षण केंद्रो पर नियुक्त किया जाएगा। उन्हें लेवल 6 - 35400-112400/- रुपये पे बैंड आईआई (9300-34800/- रुपये ग्रेड पे 4200/- रुपये) के अनुसार सैलरी और भत्ते मिलेंगे। जिन खेलों में सहायक कोचों की आवश्यकता है, वे इस प्रकार हैं:- एथलेटिक्स में (28 पद), तीरंदाजी (12), बैडमिंटन (16), बास्केटबॉल (12), मुक्केबाजी (19), कैनोइंग (7), साइकिलिग (12), तलवारबाजी (11), फील्ड हॉकी (13), फुटबॉल (12), जिमनास्टिक (12), हैंडबॉल (6), जूडो (6), कबड्डी (6), खो खो (2), रोइंग (11), सेपक टकरा (3), शूटिग (28), तैराकी (26), टेबल टेनिस (14), ताइक्वांडो (11), टेनिस (8), वॉलीबॉल (10), भारोत्तोलन (10), कुश्ती (22) और वुशू में (छह) पद। ये पदों के योग्य उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ मिलेगा, महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षित है। प्रत्येक पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 साल है और इस पद के लिए जरूरी योग्यता साई एनएसएनआईएस, पटियाला या किसी अन्य मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी यूनिवर्सिटी से कोचिग में डिप्लोमा या उसके बराबर की डिग्री या ओलंपिक / पैरालंपिक्स / वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोचिंग में सर्टिफिकेट कोर्स के साथ हिस्सा लेना या उस खास डिसिप्लिन में द्रोणाचार्य विजेता होना अनिवार्य है।

# एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल

## विक्टोरिया म्बोको को हराने के बाद मीरा एंड्रीवा ने 'मैं स्वयं को धन्यवाद देना चाहूंगी' वाली स्वेटशर्ट पहनी




**एडिलेड, वार्ता।** उभरती हुई टेनिस स्टार मीरा एंड्रीवा ने कनाडा की विक्टोरिया म्बोको को हराकर एडिलेड इंटरनेशनल में महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में रूस की एंड्रीवा ने 64 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एंड्रीवा के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है। यह एंड्रीवा का अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए टूर टाइटल और डब्ल्यूटीए 500 लेवल का पहला खिताब है। उन्होंने टूर्नामेंट में गत चैंपियन मैडिसन कीज को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त दी और सेमीफाइनल में किम्बर्ली बिरेल को हराया था। मीरा एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल में महिला एकल का खिताब जीतने के बाद एक स्वेटशर्ट पहनी थी जिस पर उनका सिग्नेचर विनिग कैचफ्रेज लिखा था कि मैं स्वयं को धन्यवाद देना चाहूंगी। फाइनल में शनिवार को विक्टोरिया म्बोको को हराने के बाद एंड्रीवा ने सीधे तौर पर स्वेटशर्ट के बारे में कुछ नहीं कहा। 2026 सीजन का अपना पहला खिताब जीतने के तुरंत बाद एंड्रीवा ने अपने विरोधी, टूर्नामेंट के स्टाफ, स्पॉन्सर और फिजियो को धन्यवाद देने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि मेरी टीम का नंबर इसके बाद आता है। लेकिन मुझे सच में लगता है कि यह सब मैंने ही किया है। मुझे नहीं पता कि मैं क्या कह सकती हूं। मैंने बहुत अभ्यास किया, मैंने काम किया है, पसीना बहाया है और सच कहूं तो मुझे यह भी नहीं पता कि आप लोग यहां क्यों हैं। 18 साल की खिलाड़ी ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में इस कैचफ्रेज की शुरुआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खैर, यह तब शुरू हुआ जब मैंने पहली बार वह वाक्य कहा था। यह तब की बात है जब मैंने रोमानिया के इयासी में अपना पहला टूर्नामेंट जीता था, 250 डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट। तब से, जब भी मैं जीतती हूं और मुझे स्पीच देने का मौका मिलता है, जब भी मुझे जीतने के बाद कोर्ट पर कुछ कहने का मौका मिलता है, तो मैं हमेशा खुद को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन यह मेरी अपनी बात नहीं है। मैंने इसे स्नूप डॉग से चुराया है। क्योंकि मैंने उसे किसी इंटरव्यू में यह कहते हुए देखा था, 'मैं खुद को धन्यवाद देना चाहता हूं।' और फिर बैकग्राउंड में उसका गाना

खेल विशेष

## वैभव सूर्यवंशी व अभिज्ञान कुंडु के अर्द्धशतक, भारत ने बनाए 238 रन

**बुलावायो, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (72) और अभिज्ञान कुंडु (80) की अर्द्धशतककीय पारियों की बदौलत भारत ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप के वर्षा प्रभावित मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 238 रन बनाये। बांग्लादेश ने यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 53 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। कप्तान आयुष म्हात्रे (छह), वेदांत त्रिवेदी (शून्य) को अल फहद ने तीसरे ओवर में आउट किया। विहान मल्होत्रा (सात) को 10वें ओवर में अजीजुल हकीम ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अभिज्ञान कुंडु ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने अपना अर्द्धशतकक पूरा किया। 27वें ओवर में इकबाल हुसैन इमोन ने वैभव सूर्यवंशी को आउटकर भारत को चौथा झटका दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 67 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की आतिशी पारी खेली। हरवंश (दो) और कनिष्क चौहान (28) रन बनाकर आउट हुये। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय भारत ने 39 ओवर में छह विकेट पर 192 रन बना लिये है। बारिश के बाद फिर से खेल शुरु होने पर 40वें ओवर में शेख परवेज जिबोन (पांच) को आउट किया। भारत का आठवां विकेट खिलन पटेल (आठ) के रूप में 45वें ओवर में गिरा। इस दौरान कुंडु एक छोर थामे रन बनाते रहे, उन्हें 47वें ओवर में अल फहद ने आउट किया। कुंडु ने 112 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली।

# श्रीलंका के विरन चामुदिथा अंडर-19 विश्व कप इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

● **विरन चामुदिथा ने जापान के खिलाफ 192 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली**

**विंडहोक, वार्ता।** आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्वकप में शनिवार को श्रीलंका के विरन चामुदिथा ने 192 रनों की ऐतिहा. सिक पारी खेलकर टूर्नामेंट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गये है।

यहां चामुदिथा अंडर-19 विश्वकप 2026 के अपने पहले मैच में जापान के खिलाफ 192 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने अपने हमवतन हसिथ बोयागोडा के 2018 टूर्नामेंट में केन्या के खिलाफ 191 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा, इससे पहले उन्हें टिमोथी मूर ने आउट किया था। उन्होंने अपनी पारी में 26 चौके और एक छक्का लगाया। अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार चामुदिथा ने एक और ऐतिहासिक कारनामा किया है। उन्होंने दीमंथा महाविथान के साथ 328 रन की ओपनिंग साझेदारी की जो कि टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

इस बड़ी ओपनिंग साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में जापान की अंडर-19 को जीत के लिए 388 रनों का लक्ष्य दिया।

# मेग-लिचफील्ड की फिफ्टी, यूपी ने मुंबई को हराया





● **कप्तान मेग ने 70 और फीबी ने 61 रनों की शानदार पारी खेली की बदौलत मुंबई का आठ विकेट से हराया**

**नवीं मुम्बई, वार्ता।** कप्तान मेग लानिंग (70) और फीबी लिचफील्ड (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने शनिवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 10वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 22 रनों से जीत दर्ज की। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने यूपी वॉरियर्ज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 69 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिए। सजीवन सजना (10), हेली मैथ्यूज (13), नेट साइवर ब्रंट (15), निकोला कैरी (छह) और कप्तान हरमनप्रीत कौर 18 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद एमेलिया केर और अमनजोत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठें विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी हुई। 19वें ओवर में शिखा पांडे ने अमनजोत कौर 24 गेंदों में 41रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मुम्बई इंडियंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी और 22 रनों से मुकाबला हार गई। एमेलिया केर 28 गेंदों में 49 रन बनाकर नाबाद रही। जी कमालिनी ने नाबाद नौ रन बनाये। यूपी वॉरियर्ज के लिए शिखा पांडे ने दो विकेट लिये। क्रांति गौड़, सोफी एकलस्टन, दीप्ति शर्मा और क्लोई ट्राइऑन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

यहां इससे पहले यूपी वॉरियर्ज ने आठ विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में किरण नवगिरे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी फीबी लिचफील्ड ने मेग लालनग के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रनों की साझेदारी हुई।

# जिम्बाब्वे ने कर्टनी वॉल्श को सलाहकार किया नियुक्त



● **आईसीसी के अनुसार जिम्बाब्वे ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया आयरलैंड, ओमन व श्रीलंका के साथ टूनामेंट में वापसी कर रहा है**

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आगामी टी-20 विश्वकप से अपने सहयोगी स्टाफ के रूप में वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श को सलाहकार नियुक्त किया है। उपमहाद्वीप में खेलने का काफी अनुभव रखने वाले वॉल्श ने इस वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक चलेगा। आईसीसी के अनुसार, जिम्बाब्वे ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और श्रीलंका के साथ है।

जिम्बाब्वे इस टूर्नामेंट में वापसी कर रहा है, क्योंकि वह 2023 में अफ्रीका क्वालिफायर के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद 2024 के संस्करण में हिस्सा नहीं ले पाया था। हालांकि, इस बार उसने नाम. ीबिया के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप अफ्रीका क्वालिफायर 2025 के जरिए क्वालीफाई किया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने कहा कि यह नियुक्ति वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम की तकनीकी गहराई को मजबूत करने के मकसद से की गई है। माकोनी ने कहा कि कर्टनी वॉल्श अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के उच्चतम स्तर पर, खासकर तेज गेंदबाजी में, बेजोड़ अनुभव और समझ रखते हैं। जैसे ही हम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, हमारे लिए यह जरूरी था कि हम किसी ऐसे व्यक्ति को लाएं जो समझता हो कि वैश्विक मंच पर सफल होने के लिए क्या करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि कर्टनी का ज्ञान, प्रोफेशनलिज्म और खिलाड़ियों को मेंटर करने की क्षमता हमारे लिए बहुत कीमती होगी, क्योंकि हम आने वाली चुनौतियों के लिए अपने गेंदबाजी संसाधनों को बेहतर बना रहे हैं। जिम्बाब्वे अपने पुरुष टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत नौ फरवरी को कोल. ंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में ओमान के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 13 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

# पुणे जीटी-2026 जैसी स्पर्धा भारत में बढ़ा सकती हैं लोकप्रियता: सूर्या

● **भारत में साइकिलिंग को स्वीकार किया जा रहा, जरूरत इस बात की है कि देश हर साल उच्च स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी करें: सूर्या**

**पटियाला, वार्ता।** भारत के सबसे जाने-माने साइकिलिस्ट में से एक सूर्या रमेश थाथू का मानना है कि बजाज पुणे ग्रैंड टूर जैसी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा की मेजबानी करने से देश में इस खेल की लोकप्रियता काफी बढ़ सकती है। फिलहाल पटियाला में आने वाले बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 की तैयारी कर रहे सूर्या ने साइकिलिंग को ज्यादा पहचान दिलाने के लिए भारत में हर साल इसी स्टैंडर्ड की दो से तीन हाई-क्वालिटी रेस की मेजबानी करने की जरूरत पर बल दिया। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 2024 में सर्वश्रेष्ठ साइकिलिस्ट चुने गए सूर्या ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि भारत में साइकिलिंग को स्वीकार किया जा रहा है। जरूरत इस बात की है कि देश हर साल उच्च स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी करे। अगर पुणे जीटी जैसी दो या तीन बड़ी रेस हर साल होती हैं, तो साइकिलिग भारत में क्रिकेट जैसी लोकप्रिय हो सकती है। बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 पुरुषों के लिए भारत की पहली यूसीआई 2-2 कैटेगरी की मल्टी-स्टेज, पांच-दिवसीय कॉन्टिनेंटल साइकिलिग रेस है। यह पांच-दिवसीय रेस, जो 19 से 23 जनवरी 2026 तक होनी है, इसमें पुणे जिले के अलग-अलग इलाकों में 437 किलोमीटर में फैले चार से ज्यादा स्टेज शामिल होंगे। रेस में भारतीय दल में 6-6 राइडर्स की दो टीमें शामिल हैं - भारतीय राष्ट्रीय टीम और भारतीय विकास टीम। सूर्या भारतीय राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। 27 वर्षीय साइकिलिस्ट ने माना कि घरेलू मैदान पर मुकाबला करने का अपना दबाव होता है, लेकिन इसके फायदे भी हैं। उन्होंने कहा कि मेजबान होने के नाते, दबाव तो होगा ही, लेकिन यह एक फायदा भी है। आपको रास्ता पता होता है और मौसम भी आपके अनुकूल होता है। उम्मीदें होंगी, और अगर आप अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो आलोचना भी होगी। शिव छत्रपति पुरस्कार विजेता ने अपनी यात्रा के बारे में बताया कि शुरुआत में उन्होंने खुद ही अभ्यास किया, लेकिन कोच अमित जांगड़ा के तहत ट्रेनिग शुरू करने के बाद उनके प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मैंने एक स्केटर के रूप में शुरुआत की और बाद में साइकि. लिंग में आ गया। शुरुआत में, मैंने स्वयं ही ट्रेनिग ली, अपने आस-पास के लोगों से सीखा और दूसरों को देखकर सीखा। मैंने बिना किसी स्ट्रक्चर्ड प्रोग्राम के एंड्योरेंस राइड्स और स्प्रिंट वर्क पर बहुत ध्यान दिया। मैंने अपनी खुद की ट्रेनिग से मेडल जीते, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुक. ाबला करने के लिए, एक सही ट्रेनिग स्ट्रक्चर जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2023 में उन्हें पेशेवर गाइडेंस की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि मुझे एक ऐसा कोच मिले जो मुझे एक स्ट्रक्चर्ड प्रोग्राम दे सके और सिर्फ एंड्योरेंस राइड्स करने के बजाय मेरी कमजोरियों पर काम कर सके। तब से बहुत कुछ बदल गया है। मैं एक स्प्रिंटर से एक अच्छा क्लाइंबर और टाइम ट्रायलिस्ट बन गया हूं। अपनी रेसिंग स्टाइल में आए बदलाव को लेकर सूर्या ने कहा कि पहले मैं सिर्फ एक स्प्रिंटर था। एक स्प्रिंटर के तौर पर, आप एक्सप्लोसिवनेस पर निर्भर रहते हैं, लेकिन जब आप टाइम ट्रायल में जाते हैं, तो आप एक मजबूत ओवरऑल थ्रेशहोल्ड विकसित करते हैं जिसे आप एक घंटे या उससे ज्यादा समय तक बनाए रख सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महाराष्ट्र में कई प्रतिभावान साइकिलिस्ट हैं, लेकिन उनके पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जरूरी अनुभव की कमी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बहुत अच्छे साइकिलिस्ट हैं, लेकिन उन्हें और अधिकतर को अनुभव की जरूरत है। मेरे टीम के साथी और मैं विदेश में रेस कर रहे हैं। कई और रेसर भी हैं जो उतने ही टैलेंटेड हैं। उन्हें रेसिग की टैक्टिक्स सीखने के लिए अनुभव की जरूरत है।

# श्रीनिधि डेक्कन ने मरीना अकादमी को 2-1 से हराया



**नई दिल्ली, वार्ता।** श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब ने शनिवार को एआईएफएफ एलीट यूथ लीग 2025-26 में एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की।

सुबह खेले गए मुकाबले की शुरुआत में मुहम्मद जहान एम-एम- ने सातवें मिनट में गोल. कर श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब को बढ़त दिलाई। इसके बाद अरमान छेत्री ने 29वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसे बाद दोनों टीमों के कई बार गोल करने के प्रयास किए, लेकिन वे इसमें विफल रही। कपमिनलाल ने 89वें मिनट में अपनी टीम एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के लिए संत्वाना गोल किया।

# दिल्ली ने महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराया

● **दिल्ली दबंग वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर लीग में सशक्त शुरुआत की**

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में 16 दिवसीय प्रो रेसलिंग लीग 2026 खेल के दूसरे दिन शुक्रवार देर रात तक खेले गए दंगल मैच में दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर सशक्त शुरुआत की।

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की 17 वर्षीय पहलवान सारिका ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पेरिस 2024 की रजत पदक विज. ेता गुजमान लोपेज युसनेयलिस को 7-0 से मात दी। मुकाबले की शुरुआत महाराष्ट्र केसरी ने 57 किग्रा महिला वर्ग में मनीषा भनवाला की 6-0 की जीत के साथ बढ़त बनाकर की। दिल्ली ने हालांकि पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में शुभम कौशिक की शानदार वापसी के दम पर स्कोर बराबर कर दिया। शुभम ने पावर मिनट में निर्णायक चार अंकों का टेकडाउन लगाते हुए 12-10 से जीत दर्ज की। 53 किग्रा महिला वर्ग में युवा सारिका के दबदबे के बाद महाराष्ट्र की दुडोवा बिल्याना झिवकोवा ने अंजलि को 10-2 से हराकर मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 125 किग्रा हैवीवेट में महाराष्ट्र के पूर्व यूरोपीय चैंपियन रॉबर्ट बारन ने रोनक को 5-0 से हराकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिलाई। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने इसके बाद लगातार दमदार प्रदर्शन करते हुए 74 किग्रा वर्ग में तुरान बायरामोव ने यश को 14-10 से हराया, जबकि 76 किग्रा महिला वर्ग में अनास्तासिया अल्पएवा ने हर्षिता मोर को फॉल के जरिए पराजित कर दिल्ली की बढ़त मजबूत की। 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वफाएइपौर हादी बख्तियार की 5-3 की जीत ने दिल्ली की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अंत में कप्तान सुजीत कलकल ने 6-2 की संयमित जीत के साथ दिल्ली को 6-3 की शानदार टीम विजय दिलाई। दिल्ली की अनास्तासिया अल्पएवा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' जबकि महाराष्ट्र केसरी के रॉबर्ट बारन को 'फाइटर ऑफ द मैच' चुना गया। गौरतलब है कि प्रो रेसलिग लीग 2026 का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है।

## इंदौर एकदिवसीय मैच में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी बादशाहत की जंग

**इंदौर, वार्ता।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को वनडे सीरीज के आखिरी मुक. ाबले में बादशाहत की जंग देखने को मिलेगी। जहां मेहमान टीम लगभग दो दशकों के बाद भारतीय धरती पर एक दुर्लभ वनडे सीरीज जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। वहीं भारत घरेलू रिकार्ड को कायम रखते आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा। होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के भारत दौरे के तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुक. ाबले में भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड को कायम रखते हुए आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा। भारतीय टीम पिछले 20 सालों में घरेलू जमीं पर न्यूजीलैंड से एक भी वनडे सीरीज नहीं हारी है और इस मैदान पर उसका रिकॉर्ड 7-0 का रहा है। भारत दूसरे वनडे में राजकोट में सात विकेट से हार के बाद इस मुकाबले में उतर रहा है, जहां केएल राहुल (112) के जुझारू नाबाद शतक और कप्तान गिल (56) के शानदार अर्द्धशतकक के बावजूद, उन्हें अच्छी बल्लेबाजी पिच पर 284 रन पर सात विकेट पर रोक दिया गया था। यह स्कोर अपर्याप्त साबित हुआ। न्यूजीलैंड ने 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर इसे आसानी से हासिल कर लिया। डैरिल ने ब्लैक कैप्स के लिए शानदार नाबाद 131 रन बनाए, और विल यंग (87) के साथ मिलकर 162 रनों की निर्णायक साझेदारी की। मिशेल इस सीरीज में न्यूजीलैंड के सबसे शानदार खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने 215 रन बनाए हैं, जबकि राहुल 141 रनों के साथ भारत के बल्लेबाजी चार्ट में सबसे ऊपर हैं। भारत की गेंदबाजी, खासकर स्पिन विभाग, महत्वपूर्ण चरणों में रन देने के बाद सवालों के घेरे में आ गई है। कुलदीप व जडेजा पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा, जबकि अर्शदीप को शामिल करने से सिराज और प्रसिद्ध के साथ एक बहुत जरूरी स्विंग विकल्प मिल सकता है।

सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 पर किया जा रहा है।

# राहुल त्यागी अध्यक्ष व पालम राणा महासचिव निर्वाचित

## बीएसपी के छह तथा प्रगतिशील अधिवक्ता मंच व जागरूकता अधिवक्ता मंच के पांच प्रत्याशी जीते





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में आज मतगणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा की गई जिसमें अध्यक्ष पद पर बीएसपी गुट के राहुल त्यागी एवं महासचिव पद पर प्रगतिशील अधिवक्ता मंच एवं जागरूकता अधिवक्ता मंच के संयुक्त उम्मीदवार पालम राणा निर्वाचित किए गए।

आज दीवानी न्यायालय के बार संघ के कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी सत्यपाल सैनी की देखरेख में मतगणना आरंभ हुई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना देर शाम मुख्य चुनाव अधिकारी सतपाल सैनी ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर राहुल त्यागी एवं महासचिव पद पर पालम राणा विजय हुए है।

**बीएसपी गुट के उम्मीदवार**

अध्यक्ष पद पर राहुल त्यागी 913 मत मिले वह 176 मत से विजय हुए, वरिष्ठ उपाध्याय पद भोपाल सिंह पुंडीर 784 मत मिले। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सौरभ जैन को 817 मत मिले। महासचिव पद पर सत्येंद्र वर्मा 689 को मत मिले। सहसचिव पद

■ **सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव**

689 सचिन सैनी 679 अनीता 745 मत लेकर विजयी रही। रानी कोषाध्यक्ष पद पर यशपाल सिंह 797 मत मिले। सीनियर गवर्निंग कॉँसिल पद पर मंजर काजमी 714 मत मिले। रवि दत्त शर्मा 734 मत लेकर जीते। जूनियर गवर्निंग काउंसिल पद पर फोजिया फरहत 691 मत मिले । बिट्टू सहगल 722 मत लेकर विजयी रहे।

**प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच एवं जागरूक अधिवक्ता मंच गठबंधन के उम्मीदवार**

अध्यक्ष पद पर रवीश कुमार737 महेश्वरी , वरिष्ठ उपाध्याय पद रेखा रानी 816 मत मिले 32 मतों से जीती। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बाबूराम को 704 महासचिव पद पर पालम राणा 954 मिले 265 मतों विजयी। सहसचिव पद पर श्रीमती प्रवेश 571 फैसल 452 को मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर गौरव दीक्षित को 843 मत मिले 46 मतों जीते। सीनियर गवर्निंग कॉँसिल पद पर समय सिंह 658, दिलीप सेठ 715 मत मिले विजयी हुये।जूनियर गवर्निंग काउंसिल पद पर अंकित चौधरी 699 मत लेकर जीते नैन कुमार 669 मत मिले। इनके अलावा सहसचिव पद पर निर्दलीय उम्मीदवार मौ.साकिब को 407 मत मिले।

चुनाव परिणाम में बीएसपी के छह उम्मीदवार चुनाव जीते तो वही प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच एवं जागरूक एकता मंच के पांच उम्मीदवारों ने चुनाव जीता दोनों ही गुटो में लगभग बराबर की स्थिति है इस बार किसी एक गुट वर्चस्व कायम नहीं हुआ है।

# राष्ट्रीय लोकदल में सभी धर्म व वर्गों का बराबर सम्मानः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में जाति,धर्म नहीं देखा जाता बल्कि सभी वर्गों का सम्मान किया जाता है।

जेल चुंगी पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने सोनकर समाज, वाल्मीकि समाज और कश्यप समाज के लोगों को राष्ट्रीय लोकदल का पटका पहनाकर सम्मानित किया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में जाति, धर्म नहीं देखा जाता बल्कि सभी वर्गों का सम्मान किया जाता है। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते है। जयंत चौधरी के पदचिन्हों पर चलकर सर्व समाज का सम्मान कर रहे है। जयंत चौधरी ने दलित समाज से अनिल कुमार को उत्तर प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री बनाया है। आज रालोद के साथ बड़ी संख्या में दलित, पिछड़ा,मुस्लिम समाज जुड़ रहा है।

चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारा मिशन 2027 फतेह करना है, राष्ट्रीय लोकदल की सरकार बनवानी है जिसमें आप लोगों की अहम भूमिका होगी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक की उपस्थिति में शरणदास, संजय वाल्मीकि, आशीष जाटव, विक्की सोनकर, अंकित जाटव, राहुल जाटव, सूरज वाल्मीकि, विशु कश्यप,राजन कश्यप, शुभम, वाल्मीकि, इल्लू वाल्मीकि, रोहित राजभर, कमल ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

# वार्ड 10 से बसपा के साबिर पंवार ने भरी हुंकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जिला पंचायत वार्ड नंबर 10 से बहुजन समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी साबिर पंवार ने चुनावी तैयारियों को लेकर खुलकर अपनी मंशा जाहिर की है। क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे साबिर पंवार ने कहा कि उनका राजनीति में आने का मकसद सिर्फ और सिर्फ समाजसेवा और क्षेत्र का समग्र विकास है।

उन्होंने कहा कि वार्ड लंबे समय से मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। सड़कें जर्जर हैं, जलभराव और साफ-सफाई की समस्या आम है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार और खेल जैसी सुविधाएं भी न के बराबर हैं। चुनाव जीतने के बाद इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा।

साबिर पंवार ने कहा कि बसपा की नीतियां सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाली हैं। गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और शोषित वर्ग को न्याय दिलाना ही बहुजन समाज पार्टी का मूल उद्देश्य रहा है। उन्होंने कहा कि बहन कुमारी मायावती के शासनकाल में कानून व्यवस्था, विकास और सामाजिक सम्मान की जो मिसाल बनी, वही आज भी जनता के बीच भरोसे का कारण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2027 में बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती को एक बार फिर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनाना उनका प्रमुख लक्ष्य है, जिसके लिए वे संगठन के हर कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने की अपील की।

# 26 को सभी दफ्तरों पर तिरंगा लाईट लगाने के निर्देश

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जनपद में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 24, 25 एवं 26 जनवरी को रात्रि में सभी सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा लाइट लगाई जाएं।

जिलाधिकारी श्री बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस मनाये जाने के संबंध में आयोजित बैठक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख चौराहों को तिरंगा लाइट से सजाया जाए। इसी के साथ पूरे शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था रखी जाए। नगर निगम द्वारा शहर में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कराएं। 26 जनवरी को सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8:30 बजे एवं शिक्षण संस्थाओं पर प्रातः 10 बजे किया जायेगा। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर अधिकारियों द्वारा प्रातः 7:30 बजे माल्यापर्ण कराया जायेगा। प्रभातफेरी प्रातः 6 बजे जनकनगर स्थित गांधी आश्रम से प्रारम्भ होकर 6:30 बजे घंटाघर पंहुचेगी तथा वहां से नेहरू मार्किट, शहीद गंज, चौक फव्वारा, पंसारी बाजार, सर्राफा सराय, लौहानी सराय, फायर ब्रिगेड से होकर गांधी पार्क में सम्पन्न होगी। गांधी पार्क में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा, घण्टाघर चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी।

## सभी बूथों पर पढ़कर सुनाई नामावली

**गंगोह।** विधानसभा के नगर गंगोह स्थित सभी बूथों पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों को पढकर सुनाया गया।

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ ने 70 एसआईआर फार्म जमा किये, नये मतदाताओं व नाम संशोधन के फार्म भी भरवायें गये। छोटा कालेज स्थित मौहल्ला छत्ता के बूथ नम्बर 191, 192, 193 व 194 पर जोगेन्द्र, मोनिका, अंजना व कविता आदि मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी समिति स्थित फ्रूट मंडी में शनिवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दुकान नंबर बी-24 में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 5 बजे की बताई जा रही है, जब अधिकांश दुकानों पर दिन की तैयारियां शुरू हो रही थीं। आग लगते ही आसपास के दुकानदारों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग की लपटें तेज हो गईं। आग के फैलने की आशंका को देखते हुए आसपास के दुकानदारों ने तुरंत अपनी-अपनी दुकानों से सामान हटाना शुरू कर दिया और मंडी समिति व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुकान मालिक मोहम्मद वसीम ने बताया कि सुबह अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से दुकान में रखे सामान ने आग पकड़ ली। आग की चपेट में आने से तकाजा बिल, बिल बुक, मेज, कुर्सियां, एलसीडी और दुकान में रखे जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। वसीम के अनुसार, आग से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुंच जाने से आग आसपास की अन्य दुकानों तक नहीं फैल पाई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट ही प्रतीत हो रहा है। दुकान में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# आईआईए उद्योग एवं सेवा रत्न अवार्डस 24 कोः गौरव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा आईआईए उद्योग एवं सेवा रत्न अवार्ड्स 2026 (प्रथम संस्करण) के आयोजन किया जायेगा।

प्रताप मार्केट स्थित आईआईए सभागार में चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय परिकल्पना विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 को साकार करने की दिशा में आईआईए निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर तथा वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उद्योग, व्यापार, एमएसएमई, स्टार्टअप्स एवं सेवा क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि तीन शक्तिपीठों की पावन धरती सहारनपुर से आईआईए द्वारा आईआईए उद्योग एवं सेवा रत्न अवार्ड्स (प्रथम संस्करण) की ऐतिहासिक शुरुआत की जा रही है। यह भव्य आयोजन उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को आईआईए की जनरल बॉडी मीटिंग एवं प्रेसिडेंट्स ऑफिशियल विजिट के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने कहा कि यह आयोजन माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सोच के अनुरूप एक जनपद-एक व्यंजन जैसी योजनाओं की भावना को सशक्त करेगा, जिससे स्थानीय उद्यमिता, खाद्य उद्योग एवं एमएसएमई क्षेत्र को नया प्रोत्साहन मिलेगा। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी ने बताया कि इस अवसर पर उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट, नवाचारपूर्ण एवं अनुकरणीय योगदान देने वाले उद्यमियों, संस्थानों एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों को आईआईए उद्योग एवं सेवा रत्न अवार्ड्स 2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड आईआईए का सर्वोच्च एवं प्रतिष्ठित सम्मान है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देता है और इस आयोजन के माध्यम से इस क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों एवं सेवा प्रदाताओं के योगदान को सम्मानित कर उन्हें प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा, पूर्व चेयरमैन अशोक गांधी, संदीप गुप्ता एवं उपाध्यक्ष परमजीत सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आज पुनः पढ़ी जाएगी निर्वाचक नामावली

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त 3018 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित होकर संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पुनः कल (आज) 18 जनवरी को मतदाताओं को पढ़कर सुनाया जाएगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 18 जनवरी को मतदाता सूची पढे जाने वाले स्कूल एवं विद्यालय खुलवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों के बैठने हेतु आवश्यक फर्नीचर आदि उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण के लिए दिनांक 6 जनवरी से 6 फरवरी तक बूथ लेवल अधिकारियों व पदाभिहित अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा 4 विशेष अभियान की तिथियों में अब आज सहित, 18 जनवरी, 31 जनवरी एवं 1 फरवरी निर्धारित की गयी है। 6 जनवरी को प्रकाशित फाटोयुक्त निर्वाचक नामावली में यदि किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित नहीं है तो ऐसे व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म 6 घोषण पत्र में उल्लेखित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। फार्म पर मतदाता का पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करना अनिवार्य है तथा मतदाता को अपने से संबंधित सभी सूचनाएं सही भरनी होंगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में विद्यमान किसी नाम पर आपत्ति एवं पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित कराने हेतु प्रारूप 7 में आवेदन किया जाएगा।

# क्रेगी नाला सुधार एवं निर्माण को धनराशि स्वीकृत

## पंद्रहवे वित्त की बैठक में नवादा रोड पर नाला निर्माण के लिए 2 करोड़ 38 लाख स्वीकृत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नवादा रोड की जल निकासी के लिए 02 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से नाले का निर्माण कराया जायेगा। इसकी स्वीकृति आज महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में 15 वे वित्त की बैठक में दी गयी। इसके अलावा क्रेगी नाले के सुधार और निर्माण के लिए भी 49 करोड़ 38 लाख की स्वीकृति दी गयी।

नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आज शाम पंद्रहवें वित्त एवं अवस्थापना विकास निधि की बैठक हुई। बैठक में नवादा रोड पर काफी समय से चली आ रही पानी निकासी की समस्या पर विचार कर उसके निदान के लिए एक नाला निर्माण को स्वीकृति दी गयी है।

बैठक के बाद महापौर डॉ. अजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नवादा रोड पर जल निकासी न होने से क्षेत्र के लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि जल निकासी समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्माण के लिए 02 करोड़ 38 लाख रुपये की भी स्वीकृति दी गयी है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहर के बीच से गुजरने वाले क्रेगी नाले के सुधार और निर्माण के लिए भी 49 करोड़ 38 लाख रुपये स्वीकृत किये गए है। उन्होंने बताया कि क्रेगी नाले का आधे से अधिक हिस्सा बना हुआ है लेकिन उसका पिछला हिस्से का अभी निर्माण किया जाना है। उसके लिए ही यह धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसके अलावा अवस्थापना निधि के तहत नगरायुक्त के आवास के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गयी है। बैठक में नगरायुक्त शिपू गिरि, प्राधिकरण सचिव विजय शुक्ला, अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी गगन कुमार, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव व वी बी सिंह आदि शामिल रहे।

# डीएम ने सुनी जनशिकायतें

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आज तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनशिकायतें सुनीं जिनका उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। आज कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से चार का मौके पर समाधान कर दिया गया।

जिलाधिकारी श्री बंसल आज तहसील सदर सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनशिकायतें सुन रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्रायः चकरोड, सड़क, नाली, खडंजे एवं पेंशन संबंधी आवेदन प्राप्त होते हैं। भूमि संबंधी विवादों में जांच कर्ता अधिकारी यदि मौके पर उभयपक्षों की मौजूदगी में पूर्ण पारदर्शिता से शिकायत का निस्तारण करें तो अधिकांश शिकायतों का समाधान हो सकता है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान समेत आयोजित विभिन्न दिवसों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि इन दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 1, विकास विभाग की 3, नगर निगम की 5, परिवहन विभाग की 1, श्रम विभाग की 1, पुलिस विभाग की 2, पूर्ति विभाग की 2, समाज कल्याण विभाग की 1 एवं विद्युत विभाग की 1 कुल 37 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी सभी पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए।

# सुरक्षा को हमेशा तत्पर पुलिसः व्योम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एसपी सिटी व्योम बिंदल ने कहा कि पुलिस प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए हर समय उपलब्ध है। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या कोई अपराध होता दिखाई दे पुलिस को सूचना दें।पुलिस टीम फौरन कार्रवाही करेगी।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने कोतवाली रामपुर मनिहारान प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव के साथ मल्हीपुर का भ्रमण कर व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।एसपी सिटी व्योम बिंदल ने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसा जा रहा है और व्यापारियों आम जनों की सुरक्षा में रात दिन लगी हुई है।उन्होंने कहा कि सभी लोग निडर होकर अपना कार्य करें।यदि कहीं पर भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या कहीं पर किसी तरह का कोई अपराध होता दिखाई दे तो पुलिस को सूचित करें।सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।उन्होंने कहा कि आमजन पुलिस को सहयोग करें। हिस्ट्रीशीटर सुरेंद्र पुत्र सीताराम की निगरानी भी की गई। इस दौरान मल्हीपुर चौकी प्रभारी, पुलिस बल, व्यापारी व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# 57वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया

**गंगोह।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में संस्था के साकार संस्थापक की 57 वाँ पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया।

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रामपुर मनिहारान सेवाकेंद्र की प्रभारी बी. के संतोष ने संस्थापक ब्रह्मा बाबा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश देते हुए कहा की ब्रह्मा बाबा अलौकिक प्रतिभा के धनी थे, हीरे जवाहरात के प्रसिद्ध व्यापारी थे, वह श्री नारायण के पक्के भक्त थे उन्होंने अपने जीवन में 12 गुरु बनाए लेकिन जब परमात्मा शिव के कार्य में अपना तन, मन, धन लगाया, एक बल एक भरोसे के आधार पर चलते रहे और अपना जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने 18 जनवरी 1969 को इस साकार देह का त्याग कर अव्यक्त हो गए। इसीलिए इस दिन को अव्यक्त दिवस भी कहा जाता है। गंगोह सेवाकेंद्र की प्रभारी बी.के पूनम बहन ने कहा की ब्रह्मा बाबा ने नारी शक्ति को आगे बढ़ाया, जब नारी को नर्क का द्वार कहा जाता था अनेक यातनाएं दी जाती थी तब परमात्मा ने पिताश्री ब्रह्मा बाबा के द्वारा माताओं की वंदना करते हुए वंदे मातरम की महिमा की, नारी अबला नहीं बल्कि शक्ति रूप है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने ब्रह्मा बाबा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर में बी. के कविता, बी. के सरिता, संगीता, बी. के सचिन, महेंद्र नामदेव, सुभाष सैनी, दारा सिंह सैनी, ऋषिपाल, विनोद उपस्थित रहे।

# व्यापारियों से संवाद को कार्यक्रम

**सहारनपुर।** राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीएसटी-2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ पारस्परिक संवाद स्थापित किया।

गांधी पार्क के जनमंच सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का शुभारभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अपर आयुक्त ग्रेड-2, विजय पांडे एवं आयुक्त अमित कुमार पाठक तथा संयुक्त आयुक्त सुश्री सुरभि गंगवार, द्वारा जिलाधिकारी मनीष बंसल को बुके भेंट कर स्वागत किया गया। व्यापारी संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी-2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ पारस्परिक संवाद स्थापित करना था। इसी कम में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सीआईएस के रविन्द्र मिगलानी, व्यापारी संगठन से शीतल टण्डन, रमेश अरोड़ा, जयवीर राणा, अंतरिक्ष अरोड़ा, विवेक मनोचा, रोहित घई, नुसरत साबरी तथा अधिवक्ताओं की ओर से दीपक बाटला, शिशिर वत्स, ज्ञानपाल गुप्ता, साद वसीम, मुकेश धीमान तथा सीए संघ की ओर से मुजफ्फर अली आदि उपस्थित रहे। उक्त संघ के पदाधिकारियों द्वारा व्यापार जगत में आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उठाया गया, जिनका त्वरित निस्तारण स्थानीय स्तर पर मौजूद परितोष मिश्र, उपायुक्त द्वारा किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा भी प्रदेश स्तर पर चलायी जा रही विभिन्न परियोजनाओं के सफल कियान्वयन हेतु राजस्व प्राप्ति के दृष्टिगत व्यापारी संवर्ग द्वारा दिये जा रहे सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा जीएसटी व्यवस्था के भारत से पूर्व न्यूजीलैंड, सिंगापुर एवं अन्य यूरोपियन देशों में सफलतापूर्वक कियान्वयन का वर्णन भी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जीएसटी लागू होने की शुरूआती दिनों में व्यापारियों को हुई समस्याओं को समय-समय पर जीएसटी काउन्सिल द्वारा एड्रेस किया जाता रहा है। संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक), राज्य कर, सहारनपुर अमित पाठक द्वारा जिलाधिकारी के साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सिंगापुर के नौसैनिक बेस पहुंचा भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण स्क्वाड्रन



■ वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है

**नई दिल्ली।** आसियान देशों के साथ समुद्री सहयोग और हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) मंच में भारत के मौजूदा नेतृत्व के अनुरूप नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) सिंगापुर के चांगी नौसैनिक बेस पहुंचा है जिसमें नौसेना के आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता तथा भारतीय तटरक्षक पोत सारथी शामिल हैं।

नौसेना के अनुसार यह प्रशिक्षण स्क्वाड्रन इन दिनों दक्षिण-पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में प्रशिक्षण तैनाती पर है। वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है। यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना के नौसैनिक क्षमता निर्माण और समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न बंदरगाह गतिविधियों और पेशेवर संवादों में भाग लेंगे। दोनों नौसेनाओं के प्रशिक्षुओं के बीच संरचित प्रशिक्षण आदान-प्रदान, संयुक्त योग सत्र और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत भारतीय नौसेना बैंड द्वारा सिंगापुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रवास के दौरान जहाजों को स्कूली बच्चों के दर्शन के लिए खोला जाएगा। सिंगापुर आगमन पर भारत के उच्चायुक्त डा. शिल्पक अंबुले ने 1टीएस के प्रशिक्षुओं से संवाद किया। वरिष्ठ अधिकारी 1टीएस और जहाजों के कमान अधिकारियों ने मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमान के कमांडर से भी शिष्टाचार भेंट की। यात्रा के दूसरे दिन सामुदायिक सहभागिता और सिंगापुर नौसेना के साथ विभिन्न संवाद आयोजित किए गए। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर और आरएसएन म्यूजियम का भ्रमण, मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिताएं तथा नारायण वृद्धाश्रम और नर्सिंग होम में जनसंपर्क गतिविधि इस दिन के प्रमुख आकर्षण रहे। यह यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत समुद्री साझेदारी और सतत सहभागिता को और सुदृढ़ करती है।

## भारतीय सेना ने श्रीलंका में तीसरे बेली ब्रिज का निर्माण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के इंजीनियरों ने दित्वा चक्रवात से बुरी तरह प्रभावित श्रीलंका में बी-492 राजमार्ग पर 120 फुट लंबे तीसरे बेली ब्रिज का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। सेना के अनुसार क्षेत्रीय एकजुटता और मानवीय सहायता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए मध्य प्रांत में स्थित यह पुल कैंडी और नुवारा एलिया जिलों को जोड़ता है। इससे चक्रवात दित्वा के कारण हुई तबाही के बाद एक महीने से अधिक समय तक बाधित रहे महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की बहाली हुई है। जाफना और कैंडी क्षेत्रों में पहले दो बेली ब्रिजों के सफल निर्माण के बाद वहां सेना की यह तीसरी उपलब्धि है। सेना के प्रयासों से इस क्षेत्र में सड़क संपर्क बहाल होने के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है और चक्रवात से प्रभावित समुदायों को जरूरी राहत मिली है। सेना ने यह निर्माण कार्य ऑपरेशन सागर बंधु के तहत किया है जो भारत की त्वरित, भरोसेमंद और प्रभावी मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रतिक्रिया को दर्शाता है। भारतीय सेना द्वारा इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और संसाधनों की शीघ्र तैनाती प्राकृतिक आपदाओं के समय सहयोग और एकजुटता की भावना को बताती है। यह पहल भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति और वसुधैव कुटुम्बकम की शाश्वत भावना को रेखांकित करती है।



**नई दिल्ली। आगामी गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान भारतीय सेना के वाहन।**

## वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति ने की मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल में तीन फेरबदल की घोषणा की। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर बताया कि मिगुएल पेरेज पिरेला को संचार एवं सूचना मंत्री नियुक्त किया गया है, जो फ्रेडी नैनेज की जगह लेंगे, जो पर्यावरण-समाजवाद मंत्रालय के प्रमुख होंगे। रोड्रिगेज ने कहा कि अपनी नई भूमिका में, नैनेज हमारी पृश्वी की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सभी मामलों के लिए सार्वजनिक नीतियों को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिग्ज ने एनीबल कोरोनाडो को परिवहन मंत्री नियुक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के समर्थन में बगदाद में बड़ा प्रदर्शन

**बगदाद।** ईरान को लेकर अमेरिकी धमकियों के खिलाफ इराक की राजधानी बगदाद में एक बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों इराकी नागरिकों ने भाग लिया। यह जानकारी स्पुतनिक संवाददाता ने शनिवार को दी। ईराक में हजारों आम नागरिकों और शिया समूहों के समर्थकों ने शुक्रवार को अमेरिकी खतरों के बीच ईरानी क्षेत्र पर हमला करने के खिलाफ बगदाद में ईरानी दूतावास के सामने प्रदर्शन किया, जिसमें ईरान और ईरानी नागरिकों का समर्थन किया। इराकी प्रदर्शकारियों ने अमेरिकी और इजरायली विरोधी नारे लगाए और अमेरिकी और इजरायली झंडे जलाने की कोशिश की।

### चीन का शिजियान-32 उपग्रह प्रक्षेपण मिशन विफल

**शीचांग।** चीन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शिजियान-32 उपग्रह का प्रक्षेपण शनिवार को विफल रहा। इसके प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट का उपयोग किया गया था। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के प्रक्षेपण केंद्र से रॉकेट ने 00:55 बजे (बीजिग समयानुसार) उड़ान भरी लेकिन उड़ान के दौरान एक असामान्य घटना घटित हुई। विफलता के कारणों की जांच की जा रही है।

### माली के अधिकारियों ने ज्यून अफ्रीक अखबार पर प्रतिबंध लगाया

**माली।** माली के क्षेत्रीय प्रशासन और विकेंद्रीकरण मंत्री अब्दुलाए माइगा ने देश में ज्यून अफ्रीक समाचार पत्र के प्रकाशन, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। माली की समाचार वेबसाइट 'अ-बमाको' ने शुक्रवार को माइगा के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि यह प्रतिबंध अखबार की कथित झूठी, अस्थिर करने वाली और पक्षपातपूर्ण खबर के प्रकाशन के कारण लगाया गया है, विशेष रूप से ईंधन आपूर्ति संकट के कवरेज के संदर्भ में।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध, तो टैरिफ लगाएंगे

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों को धमकी दी, कनाडाई पीएम बोले: हम हर हाल में ग्रीनलैंड के साथ



■ नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है
■ ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, उन्होंने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा के ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है।

यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा, हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। अमेरिकी सीनेटर मर्कोव्स्की ने ग्रीनलैंड को जबरन लेने के खिलाफ संसद में एक बिल पेश किया है। वहीं, एक रिपब्लिकन सांसद ने ग्रीनलैंड को जोड़ने के पक्ष में दूसरा बिल पेश किया। ट्रम्प के विशेष दूत जेफ लैंड्री ने बताया कि अमेरिका को ग्रीनलैंड के नेताओं से सीधे बात करनी चाहिए, न कि डेनमार्क से। उन्होंने कहा ट्रम्प गंभीर हैं। जल्द ही सौदा हो जाएगा। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ट ने व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। एक डेनिश अधिकारी ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की कोई बात नहीं हुई, लेकिन ट्रम्प के बयानों को गंभीरता से लिया जा रहा है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने 12 जनवरी को ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड बिलश पेश किया, जो अभी हाउस और सीनेट दोनों में पास होना बाकी है। व्हाइट हाउस में बुधवार को हुई बातचीत में डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

### व्हाइट हाउस ने गाजा शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की घोषणा की

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर गाजा के लिए शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस शांति बोर्ड की अध्यक्षता करेंगे। बयान में कहा गया कि बोर्ड के सदस्यों में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को कहा था कि गाजा के लिए शांति बोर्ड की स्थापना कर दी गई है और बोर्ड के सदस्यों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# घने कोहरे ने पाकिस्तान में ली 24 लोगों की जान



■ पंजाब और बलूचिस्तान में सड़क हादसों से मचा कोहराम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को घने कोहरे ने दो बड़े सड़क हादसों को जन्म दिया। पंजाब और बलूचिस्तान में अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सबसे दर्दनाक हादसा पंजाब के सरगोधा जिले में हुआ, जहां एक ट्रक पुल से नीचे सूखी नहर में गिर गया। वहीं बलूचिस्तान के ओरमारा इलाके में एक कोच पलट गई।

दोनों घटनाओं ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। पंजाब के सरगोधा जिले में यह हादसा तड़के हुआ। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, ट्रक इस्लामाबाद से फैसलाबाद जा रहा था। इसमें 23 लोग सवार थे, जो एक जनाजे में शामिल होने जा रहे थे। घने कोहरे के कारण मोटरवे बंद थी, इसलिए चालक ने स्थानीय रास्ता अपनाया। कोट मोमिन तहसील के गालापुर बंगला पुल पर पहुंचते ही ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन पुल से नीचे सूखी नहर में जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे। नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। ट्रक पलटने के बाद कई यात्री उसके नीचे फंस गए, जिससे रेस्क्यू कार्य बेहद मुश्किल हो गया। घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल कोट मोमिन ले जाया गया। इनमें से तीन घायलों को बाद में तहसील मुख्यालय अस्पताल रेफर किया गया। रेस्क्यू टीम को घटना की सूचना रात एक बजकर 48 मिनट पर मिली थी, जिसके बाद तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। सर्दियों के मौसम में पंजाब और आसपास के इलाकों में घना कोहरा आम बात है। कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को सड़क और पुल का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी वजह से शनिवार को एम-1, एम-2, एम-3, एम-4 और एम-11 समेत कई मोटरवे को बंद करना पड़ा। बार-बार हो रहे ऐसे हादसे यह दिखाते हैं कि खराब मौसम में वैकल्पिक मार्गों पर सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं।

# अमेरिका में भारतीय नागरिक को ढाई साल की जेल की सजा

■ हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 58 वर्षीय भारतीय नागरिक को ढाई साल जेल की सजा सुनाई गई है। भारतीय नागरिक पर आरोप है कि उसने नियंत्रित हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने की साजिश रची।

इस हफ्ते की शुरुआत में सुनाए गए फैसले में, ओरेगन डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटार्नी स्काट ब्रैडफोर्ड ने कहा कि आरोपी संजय कौशिक ने जानबूझकर और मुनाफे के लिए ये साजिश रची। आरोपी संजय कौशिक दिल्ली का निवासी है। अटार्नी ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत बनाई गई योजना थी जिसमें विदेशी साजिशकर्ताओं के साथ तालमेल शामिल था। रूस की प्रतिबंधित कंपनियां भी इस साजिश में शामिल थीं। आरोपी ने कई बार अपने निजी फायदे के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों को कमजोर करने की कोशिश की। आरोपी ने एक्सपोर्ट कंट्रोल रिफार्म एक्ट का उल्लंघन किया, जिसके लिए उसे फेडरल जेल में 30 महीने और 36 महीने की सुपरवाइज्ड रिहाई की सजा सुनाई। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए असिस्टेंट अटार्नी जनरल जान आइजनबर्ग ने इस मामले पर कहा कि जो लोग अमेरिकी एक्सपोर्ट कंट्रोल कानूनों को चकमा देने की योजना बनाते हैं, खासकर जब इसमें मिलिट्री इस्तेमाल वाली टेक्नोलाजी शामिल होती है-तो उन पर कानून के तहत पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## अमेरिका के मिनियापोलिस में प्रदर्शन जारी, 12 लोगों को किया गिरफ्तरी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के सबसे बड़े शहर मिनियापोलिस में आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के अभियानों के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने कल कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में आईसीई विरोधी 12 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शन जारी रहा और बिशप हेनरी व्हिपल फेडरल बिल्डिंग के बाहर भीड़ जमा होती रही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर मिनेसोटा में शासन कर रहे डेमोक्रेट्स की आलोचना की।

# अमेरिका की एयरलाइंस को दी गई हिदायत

## मेक्सिको के ऊपर उड़ते समय सावधान रहें, 60 दिन की पाबंदी लगाई



■ पिछले हफ्ते ड्रग कार्टेल को लेकर हमले की धमकी दी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने अपनी एयरलाइंस के लिए चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि वे मेक्सिको, मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों के ऊपर उड़ान भरते समय सतर्क रहें। यह चेतावनी संभावित सैन्य गतिविधियों और जीपीएस सिग्नल में रुकावट के खतरे के कारण दी गई है।

एफएए ने मेक्सिको, मध्य अमेरिकी देशों, इक्वाडोर, कोलंबिया और पूर्वी प्रशांत महासागर के कुछ हवाई क्षेत्रों के लिए नोटिस टू एयरमेन जारी किए हैं। ये चेतावनियां 16 जनवरी 2026 से शुरू होकर 60 दिनों तक, यानी मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। मेक्सिको सरकार ने एफएए की इस चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह सिर्फ एक सावधानी है। इससे मेक्सिको की हवाई सीमा या वहां की एयरलाइंस पर कोई पाबंदी नहीं लगी है। यह नोटिस केवल अमेरिकी आपरेटरों (एयरलाइंस) पर लागू होता है और मेक्सिको में उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहेंगी। ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि मेक्सिको में ड्रग कार्टेल देश चला रहे हैं और अमेरिका इनके खिलाफ जमीन पर हमले कर सकता है। वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। ट्रम्प बोले: मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स खत्म करने की पेशकश की, राष्ट्रपति नहीं मानी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है।

# मस्क की एक्स गर्लफ्रेंड ने ग्रोक पर केस किया

## स्वास्तिक प्रिंट वाली बिकनी पहने फोटो बनाई थी, मस्क की कंपनी ने भी काउंटर केस किया




■ ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला

**न्यूयार्क।** टेस्ला और एक्स (पहले ट्विटर) के मालिक इलान मस्क के बच्चों में से एक की मां एश्ले सेंट क्लेयर ने एआई कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उनका आरोप कि एआई के चैटबाट ग्रोक (ग्रोक) ने यूजर्स को उनकी आपत्तिजनक डीपफेक फोटो बनाने की परमिशन दी, जिससे उन्हें मानसिक पीड़ा और बदनामी झेलनी पड़ी। राइटर और पालिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट 27 साल की एश्ले सेंट क्लेयर ने गुरुवार को न्यूयार्क सिटी की स्टेट सुप्रीम कोर्ट में यह मुकदमा दायर किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला। इसमें उन्हें बिकिनी पहने दिखाया गया। इसके अलावा कुछ दूसरी फोटो में उन्हें एक एडल्ट महिला के रूप में सेक्सुअल पोजिशन में और यहां तक कि स्वस्तिक छपी बिकिनी पहने दिखाया गया। एश्ले सेंट क्लेयर यहूदी हैं, इसलिए उन्होंने इसे और भी अपमानजनक और डराने वाला बताया। वहीं, एआई का आरोप है कि सेंट क्लेयर ने अपने यूजर एग्रीमेंट का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया है कि कंपनी के खिलाफ केस केवल टेक्सास के फेडरल कोर्ट में ही किया जा सकता है। गुरुवार को ही एआई ने इस केस को न्यूयॉर्क स्टेट कोर्ट से हटाकर मैनहट्टन के फेडरल कोर्ट में ट्रांसफर करा लिया। इतना ही नहीं, उसी दिन एआई ने टेक्सास के फेडरल कोर्ट में एश्ले सेंट क्लेयर के खिलाफ दावा भी दायर कर दिया। इस दावे में एआई ने हर्जाने की रकम की मांग की है। सेंट क्लेयर का कहना है कि जैसे ही उन्हें इन डीपफेक फोटो के बारे में पता चला, उन्होंने पिछले साल ही एक्स को इसकी शिकायत की और तस्वीरें हटाने की मांग की। लेकिन शुरुआती जवाब में प्लेटफार्म ने कहा कि ये फोटो उसकी पालिसी का उल्लंघन नहीं करतीं। बाद में एक्स ने यह भरोसा दिलाया कि उनकी सहमति के बिना उनकी फोटो का इस्तेमाल या एडिटिंग नहीं की जाएगी। इसके बावजूद सेंट क्लेयर का दावा है कि उनके साथ जवाबी कार्रवाई (रिटैलियेशन) की गई। उन्होंने आरोप लगाया-उनका प्रीमियम एक्स सब्सक्रिप्शन और वेरिफिकेशन चेकमार्क हटा दिया गया। उनके अकाउंट से कमाई (मानेटाइजेशन) बंद कर दी गई जबकि उनके करीब 10 लाख फालोअर्स हैं।

## आर्कटिक में रूस-चीन का डर दिखाना पश्चिम का खोखला बहाना: रूसी राजदूत

**मास्को।** नार्वे में रूस के राजदूत निकोलाई कोरचुनोव ने रूसी सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बात करते हुए कहा कि आर्कटिक में रूस और चीन की तथाकथित 'धमकी भरी मौजूदगी' को डराने-धमकाने के बहाने के रूप में इस्तेमाल करने की पश्चिम की नीति गलत साबित हुई है और ग्रीनलैंड के संदर्भ में यह उनके अपने ही यूरोपीय समर्थकों के खिलाफ उलटी पड़ गई है। कोर्चुनोव ने कहा कि कुछ यूरोपीय देश, जो उस क्षेत्र के बाहर हैं, आर्कटिक राज्यों के बीच असहमति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि आर्कटिक में अपनी भूमिका और स्थिति मजबूत कर सकें।

# अमेरिकी कॉमेडियन ने ट्रम्प का मजाक उड़ाया

■ कहा: अप्रवासियों की गिरफ्तारी रोकें अपने अवार्ड दूंगा, व्हाइट हाउस बोला: अपने पास रखो, नौकरी जाने पर गिरवी रखना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी लेट-नाइट होस्ट और कामेडियन जिमी किमेल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का मजाक उड़ाते हुए एक आफर दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प को अवाड्र्स बहुत पसंद हैं, इसलिए अगर ट्रम्प मिनियापोलिस से आईसीई (अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) के एजेंट्स को हटा लें और उन्हें वापस बार्डर पर भेज दें, तो वह ट्रम्प को अपने अवाड्र्स दे देंगे।

यह मजाक जिमी किमेल लाइव शो के गुरुवार रात के एपिसोड में आया। किमेल ने ट्रम्प को अपना 1999 का डेटाइम एमी अवॉर्ड, क्लियो अवार्ड, वेबी अवार्ड, राइटर्स गिल्ड अवार्ड और यहां तक कि 2015 का सोल ट्रेन अवार्ड व्हाइट पर्सन आफ द ईयर देने की पेशकश की। किमेल ने कहा कि 'इस वक्त एक अच्छा राष्ट्रपति हालात को शांत करने का रास्ता खोजता, लेकिन हमारे डोनाल्ड ऐसे नहीं हैं। वह जहां जाते हैं, वहां का तापमान बढ़ा देते हैं।' ट्रम्प ने अमेरिका के मिनेसोटा में सेना तैनात करने की धमकी दी थी। यहां अप्रवासियों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़क गई थी। जिमी किमेल के इस आफर पर व्हाइट हाउस ने भी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस के कम्युनिकेशन डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, जिमी को ये अवार्ड अपने पास ही रखने चाहिए, ताकि जब खराब रेटिंग्स की वजह से उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए, तो वे इन्हें गिरवी रख सकें। किमेल बोले: राष्ट्रपति किसी के गले से भी मेडल खींच सकते हैं। यह व्यंग्य ऐसे समय आया जब वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प को अपना नोबेल पीस प्राइज मेडल भेंट किया। ट्रम्प ने महीनों से नोबेल प्राइज न मिलने की शिकायत की थी। किमेल ने मजाक उड़ाया कि कभी-कभी कोई राष्ट्रपति किसी के गले से भी नोबेल प्राइज का मेडल खींच लेता है। उन्होंने ट्रम्प की फोटो दिखाते हुए कहा कि देखिए कितने खुश हैं ट्रम्प। क्या आपने कभी किसी को इतना खुश देखा है जिसने कोई प्राइज खुद नहीं जीता हो? किमेल ने आगे कहा कि माचाडो खाली हाथ नहीं गईं, उन्हें एक 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' मग गिफ्ट के तौर पर मिला।

# दीया मिर्जा वायरल ट्रेंड में शामिल हुई



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा वायरल 'दिस वाज 2016' ट्रेंड में शामिल होकर अपने प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले गईं और अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें साझा कीं, जिससे उनके प्रशंसकों को अपनी शुरुआती फिल्मों की यादें ताजा हो गईं। शनिवार को इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए, दीया ने अपने 'रहना है तेरे दिल में' (आरएचटीडीएम) के सह-कलाकार आर- माधवन, जिन्हें मैडी के नाम से जाना जाता है, के साथ फिल्म के पर्दे के पीछे और फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट कीं।

फिल्म की 25वीं वर्षगांठ इस अक्टूबर में आ रही है। अपने कैप्शन में दीया ने लिखा कि यह 2016 था। 19 अक्टूबर 2026 को 25 साल पूरे हो जाएंगे। एक ऐसा तोहफा जो हमेशा मिलता रहता है। फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम बताओ। ओह मैडी मैडी, देखो क्या आ गया? कई प्रशंसकों के लिए, रीना और मैडी के रूप में दीया और माधवन बॉलीवुड की सबसे प्रिय जोड़ियों में से एक हैं। दो दशक से अधिक समय पहले रिलीज होने के बावजूद फिल्म के गाने, संवाद और कहानी आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखते हैं। वाशु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, 'आरएचटीडीएम' में सैफ अली खान ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यह माधवन और दीया मिर्जा दोनों की बॉलीवुड में पहली फिल्म थी। गौतम वासुद.`व मेनन निर्देशित यह रोमांटिक ड्रामा उनकी अपनी तमिल फिल्म मिन्नाले का हिदी रीमेक है, जो उसी वर्ष पहले रिलीज हुई थी।



# भाभी जी घर पर हैं, फन ऑन द रन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक दशक से ज्यादा समय तक टीवी पर दर्शकों को गुदगुदाने के बाद, 'भाबीजी घर पर हैं!' अब अपनी दुनिया को और बड़ा करते हुए अपनी आने वाली थिएट्रिकल फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' के साथ तैयार है।

जी स्टूडियोज और एडिट टू ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' को जी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली ने प्रोड्यूस किया है और जी स्टूडियोज व संजय कोहली ने इसे प्रस्तुत किया है। इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

शुभांगी अत्रे ने कहा, भाबीजी यूनिवर्स हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहा है और अब इसे बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखना मेरे लिए सच में अलग एहसास है। हमने यह फिल्म सिर्फ 17 दिनों में शूट की और उस दौरान हम सबने बहुत मस्ती भी की।

इस बार दर्शक अंगूरी की शरारतों का नया रंग देखेंगे और कई सरप्राइज भी मिलेंगे। रवि किशन सर और मुकेश तिवारी सर के साथ काम करना मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा और मुझे उम्मीद है कि फैंस को जो आगे आने वाला है, वह उन्हें बहुत पसंद आएगा। रवि किशन ने कहा, ष्जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं बहुत खुश हो गया, क्योंकि मुझे पता चल गया था कि यह कोई आम कॉमेडी नहीं है। 'भाबीजी घर पर हैं!' एक कल्ट शो है और फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा। सेट पर सभी के साथ मेरी बहुत अच्छी बॉन्डिग बन गई। शुभांगी के साथ भी मेरा बहुत मजेदार समय रहा, हमारे कई सीन साथ थे और सेट पर लगातार हंसी का माहौल था। मेरा किरदार एकदम विलेन वाला है और कहानी में कुछ ऐसे ट्विस्ट लाता है, जो दर्शकों ने सोचे भी नहीं होंगे। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' 05 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी नजर आएंगी।

स्पिरिट के मेकर टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर किया जिसमें बताया गया कि यह फिल्म 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होगी। मेकर्स ने लिखा, 'याद रखें स्पिरिट 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली हैं'। फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास और तृप्ति मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि प्रकाश राज, विवेक ओबेरॉय और कंचना सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## फिल्म 'ओ रोमियो' का 'हम तो तेरे ही लिए थे' गाना रिलीज

**नई दिल्ली।** निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' का गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे' शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। यह गीत फिल्म की कहानी की मार्मिक झलक पेश करता है। फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल सहित कई प्रमुख कलाकार हैं। 'ओ रोमियो' फिल्म के सख्त और स्याह परिवेश के बीच, यह गीत एक मार्मिक भावनात्मक विरोधाभास के रूप में उभरता है, जहां नर्म अहसास तल्ख हकीकत से टकराते हैं। विशाल भारद्वाज के ट्रैक में उनका विशिष्ट हस्ताक्षर गहराई और मधुरता है।

# 'इत्ती सी खुशी' में रजत वर्मा को नए लुक की प्रेरणा शाहरुख से मिली

**मुंबई।** अभिनेता रजत वर्मा ने सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में अपने नए लुक की प्रेरणा शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' में उनके आइकॉनिक लुक से ली है। शो 'इत्ती सी खुशी' अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है। विराट वर्मा का किरदार निभा रहे रजत वर्मा ने हाल ही में अपने स्टाइल में एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे स्क्रीन पर उनके किरदार में एक नई गहराई आई है। शुरुआत में वह एक लापरवाह, कूल यंग लड़के के रूप में कैजुअल कपड़ों में दिखे थे, लेकिन अब उनका लुक जडादा मैच्योर और स्वाभाविक रूप से ष्मर्दानाष हो गया है। जैसे-जैसे किरदार अनुभवों और जम्मिेदारियों के साथ बड़ा होता है, विराट की स्टाइलिग भी बदल गई है। क्लीन कट्स, हल्के रंग और करीने से पहने गए कपड़े अब उनके किरदार को परिभाषित करते हैं और उनकी अंदरूनी मैच्योरिटी को दिखाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि विराट के मौजूदा लुक के पीछे की प्रेरणा शाहरुख खान के 'मोहब्बतें' में आइकॉनिक लुक से मिली है, जिसमें स्टाइलिग टीम ने शाहरुख का सादगी भरी एलिगेंस, मिनिमल लेकिन असरदार, शांत लेकिन आत्मविश्वासी अंदाज से प्रेरणा लेकर विराट के बदले हुए व्यक्तित्व को आकार दिया है। हल्के फैब्रिक से लेकर हल्के रंगों तक, हर स्टाइलिग चॉइस उस दौर को दिखाती है जिससे विराट अभी गुजर रहा है, एक ऐसा आदमी जो गंभीर जम्मिेदारियों और मुश्किल हालात का सामना कर रहा है। उनका लुक जवानी की आसानी से हटकर जडादा शांत हो गया है, जो दिखाता है कि विराट भावनात्मक रूप से कैसे बड़ा हुआ है और अब वह खुद को जडादा मैच्योरिटी और गहराई के साथ पेश करता है। रजत वर्मा ने कहा कि जब मैंने विराट का किरदार निभाना शुरू किया, तो उसके कपड़े उस समय के उसके व्यक्तित्व को दिखाते थे, लापरवाह, थोड़ा जल्दबाज, और पल में जीने वाला। जैसे-जैसे किरदार बड़ा हुआ और कहानी आगे बढ़ी, स्टाइलिग स्वाभाविक रूप से जडादा साफ-सुथरी और मैच्योर हो गई, ठीक वैसे ही जैसे उसकी सोच। जब टीम ने इस बदलाव पर चर्चा की, तो सबसे पहला रेफरेंस जो मेरे दिमाग में आया, वह 'मोहब्बतें' के शाहरुख खान का था। नया स्टाइल एक खास गंभीरता लाता है, और इसने मुझे विराट के जडादा जमीनी, विकसित रूप को अपनाने में मदद की है। यह उसका एक ऐसा रूप है जिसे खोजने में मुझे मजा आ रहा है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इस बदलाव को उतनी ही शिद्दत से



महसूस करेंगे, जितनी शिद्दत से हम इसे बनाते समय महसूस करते हैं।' इत्ती सी खुशी' हर सोमवार से शनिवार रात नौ बजे, सिर्फ़ सोनी सब पर प्रसारित होता है।




# अपनी शायरी से जावेद अख्तर ने सभी को किया मदहोश



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने शायर और गीतकार जावेद अख्तर आज 81 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया "जादू"। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति "लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा" से लिया गया है। बाद मे जां निसार के यही पुत्र जादू "जावेद अख्तर" के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिए उनकी शायरी में जिदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं। उनके जन्म के कुछ समय के बाद उनका परिवार लखनऊ आ गया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ से पूरी की।कुछ समय तक वहां रहने के बाद वह अलीगढ़ आ गए जहां वह अपनी खाला के साथ रहने लगे। जावेद अख्तर ने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा भोपाल के साफिया कॉलेज से पूरी की लेकिन कुछ दिनों के बाद उनका मन वहां नहीं लगा और वह अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वर्ष 1964 में मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर जावेद अख्तर को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपये के वेतन पर फिल्मों मे डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिए डॉयलाग लिखे लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई। मुंबई में जावेद अख्तर की मुलाकात सलीम खान से हुई जो फिल्म इंडस्ट्री में बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बनाना चाह रहे थे। इसके बाद वह और सलीम खान संयुक्त रूप से काम करने लगे। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म "अंदाज" की कामयाबी के बाद जावेद अख्तर कुछ हद तक बतौर डॉयलाग रायटर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गए। फिल्म "अंदाज" की सफलता के बाद जावेद अख्तर और सलीम खान को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए। इन फिल्मों में "हाथी मेरे साथी, सीता और गीता, जंजीर, यादों की बारात" जैसी फिल्में शामिल है। सीता और गीता के निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात "हनी ईरानी" से हुई और जल्द हीं जावेद अख्तर ने हनी ईरानी से निकाह कर लिया। अस्सी के दशक में जावेद अख्तर ने हनी इरानी से तलाक लेने के बाद शबाना आजमी से शादी कर ली। वर्ष 1981 में निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा अपनी नई फिल्म सिलसिला के लिए गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन दिनों फिल्म जगत में जावेद अख्तर बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बना चुके थे। यश चोपड़ा ने जावेद अख्तर से फिल्म सिलसिला के गीत लिखने की पेशकश की। फिल्म "सिल. सिला" में जावेद अख्तर के गीत "देखा एक ख्वाब तो सिलसिले हुए और ए कहां आ गए हम" श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए। फिल्म सिलसिला में अपने गीत की सफलता से उत्साहित जावेद अख्तर ने गीतकार के रूप में भी काम करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत लिखकर जन जन के हृदय के तार झनझनाए।

